WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, रविवार, 14 सितंबर 2025 कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 209 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

व्यावसायिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में एक्शन मोड में शिक्षा मंत्री

■ दोषी अधिकारियों के खिलाफ होगी एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। व्यावसायिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अब दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसका आदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है और प्रबंध संचालक राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा को निर्देशित किया है। व्यावसायिक शिक्षक भर्ती में घोटाले के उजागर होने के बाद विभाग ने संज्ञान लिया। विभागीय जांच में भी घोटाले की पुष्टि हुई, जिसके बाद भर्ती पर रोक लगाई गई। अब इस मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कड़ा एक्शन लिया है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई होगी।

आरोप क्या हैं?

पीड़ित अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया था कि ठेका कंपनियों ने सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षक की भर्ती को बाजार बना दिया है। 2-3 लाख रुपए की मोटी रकम देकर कोई भी हेल्थकेयर, आईटी, प्लंबर या ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे ट्रेड्स में शिक्षक बन सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि 1500 से ज्यादा पदों के लिए रेट कार्ड सेट था, पैसा दो और नौकरी लो। नियम-कायदे ताक पर रखे गए और यहां तक कि 'कोरोना योद्धाओं' के लिए 10प्रतिशत बोनस अंक का सरकारी आदेश भी कागज का टुकड़ा बनकर रह गया। घोटाला उजागर होने के बाद व्यावसायिक शिक्षक भर्ती पर रोक लगा दी गई है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों को कार्यभार ग्रहण नहीं □ शेष पृष्ठ 6 पर

अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने यह भी कहा है कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों के सामने मारपीट करने वाले शिक्षकों पर भी एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने कहा, स्कूल में शराब पीकर आने वाले शिक्षकों को निलंबित किया जा रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया में अलग-अलग जिलों के शराबी शिक्षकों का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इस पर शिक्षा मंत्री ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

आज बेबाक

अंतराष्ट्रीय पप्पू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रंग बदलने के मामले में गिरगिटों को भी मीलों पीछे छोड़ दिया। घड़ी में तोला घड़ी में मासा वाली उनकी फितरत का आलम यह है कि कभी वे भारत से अदावत करते हैं तो कभी मोहब्बत लुटाने लगते हैं। उन्होंने एक बार फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना जिगरी दोस्त बताते हुए भारत के साथ बहुत ही जल्द ट्रेड डील होने की संभावना जताई है। ऐसा शख्स जो सोचता कुछ है, बोलता कुछ है, करता कुछ है और होता कुछ है उसकी बात पर भला कोई कैसे यकीन कर सकता है?

मणिपुर के सभी संगठन शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर सपने पूरे करें : मोदी

चूड़ाचांदपुर (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर के सभी संगठनों से अपील की है कि वे शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा करें। प्रधानमंत्री मोदी ने इन संगठनों को भरोसा दिया कि वे उनके साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमें संतोष है कि हाल ही में हिल्स और वैली में अलग-अलग संगठनों के साथ समझौतों के लिए बातचीत हुई है। ये भारत सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के लिए काम किया जा रहा है। मैं सभी संगठनों से अपील करूंगा कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा करें। मैं आपके साथ हूं, भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है। शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर के चूड़ाचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर की ये धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है। ये हिल्स प्रकृति का अनमोल उपहार हैं, और साथ ही ये हिल्स आप सभी लोगों की निरंतर मेहनत का भी प्रतीक हैं। मणिपुर के लोगों के जज्बे को सैल्यूट करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आप इतनी भारी बारिश में भी इतनी बड़ी संख्या में यहां आए, मैं □ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की को दीं शुभकामनाएं

नेपाल में जेन-जी विरोध के कारण हुए तख्तापलट के बाद सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री बनाया गया है। उन्होंने शुक्रवार शाम को अंतरिम प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने □ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी के जन्मदिन पर 378 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन

अहमदाबाद (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या और 'ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में गुजरात भर में 378 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। गुजरात के सारे कर्मचारी मंडल एवं तमाम शैक्षणिक संघों ने पीएम मोदी के जन्मदिन को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को ध्यान में रखकर मनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत प्रदेश के अलग-अलग तालुकों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ा मिजोरम, 3 ट्रेनों को

आइजोल (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोडऩे वाली बैराबी-सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया है। मिजोरम के लिए एक ऐतिहासिक दिन, क्योंकि यह भारत के रेलवे मानचित्र में शामिल हो गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैराबी-सैरांग नई रेल लाइन 8,070 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुई है। यह केंद्र सरकार की विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह रेल लाइन एक चुनौतीपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र में बनी है। इसके लिए जटिल भौगोलिक स्थितियों के तहत 45 सुरंगें बनाई गई हैं। इसमें 55 बड़े पुल और 88 छोटे पुल भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। वे मिजोरम के लिए निकले थे। हालांकि, दुर्भाग्य से खराब मौसम के कारण वे आइजोल नहीं पहुंच पाए। इसके बाद मिजोरम एयरपोर्ट पर ही उन्होंने वर्चुअली कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिजोरम भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह राष्ट्र के लिए, विशेषकर मिजोरम के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। अब आइजोल भारत के रेलवे मानचित्र पर होगा।

अमेरिका का जी-7 देशों पर दबाव

रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ लगाओ

वॉशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिका ने जी-7 देशों से रूस के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। साथ ही, उसने यह भी सुझाव दिया है कि जो देश अब भी रूस से तेल खरीद रहे हैं, उनके ऊपर टैरिफ (शुल्क) लगाया जाए।

जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों के साथ एक संयुक्त बैठक में अमेरिकी राजदूत जेमिसन ग्रीर और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह मांग दोहराई कि सहयोगी देश रूस की ऊर्जा से होने वाली कमाई को कम करने के प्रयास तेज करें। वाशिंगटन का कहना है कि यह कमाई यूक्रेन में चल रहे युद्ध को बढ़ावा दे रही है। कॉल के बाद ग्रीर और बेसेंट ने एक बयान में कहा, 'केवल एक साथ मिलकर ही हम उस राजस्व को रोक सकते हैं जो पुतिन की युद्ध मशीन को चला रहा है। तभी हम युद्ध को खत्म करने के लिए पर्याप्त आर्थिक दबाव डाल पाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका पहले ही उन देशों पर सख्त शुल्क लगाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है जो अब भी रूसी तेल का आयात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नीति राष्ट्रपति ट्रंप की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके जरिए रूस को बातचीत की मेज पर लाया जा सके। अमेरिका ने जी-7 के अन्य देशों कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और यूनाइटेड किंगडम से भी इसी तरह के कदम उठाने की अपील की है। ग्रीर और बेसेंट ने जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों द्वारा मौजूदा प्रतिबंधों को और कड़ा करने और रूस की जब्त की गई संपत्तियों को यूक्रेन की रक्षा में इस्तेमाल करने की संभावना पर विचार करने की प्रतिबद्धता का स्वागत किया। बयान में कहा गया, ऱाष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक नेतृत्व की वजह से अमेरिका पहले ही रूसी तेल खरीदने वाले देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा चुका है। हमें खुशी है कि जी-7 के हमारे साझेदार भी इस युद्ध को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

छह करोड़ से ज्यादा लोगों ने दाखिल किया आयकर रिटर्न

नयी दिल्ली (वार्ता)। आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए अब तक छह करोड़ से अधिक लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल कर दिये हैं। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया कि इस साल अबतक आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या छह करोड़ को पार कर गयी है। उसने करदाताओं को अंतिम समय की परेशानी से बचने से लिए अंतिम तिथि से पहले अपना रिटर्न भरने की सलाह दी है। आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इसके बाद रिटर्न भरने पर कुल आय पांच लाख रुपये से तक होने पर 1,000 रुपये और पांच लाख से अधिक होने पर 5,000 रुपये का जुर्मान लगेगा। आंकलन वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न भरा था। विभाग ने छह करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद दिया है।

नेपाल में 5 मार्च, 2026 को होंगे आम चुनाव

काठमांडू (वार्ता) । नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कैबिनेट के पहले निर्णय में प्रतिनिधि सभा को भंग करने और अगला संसदीय चुनाव 5 मार्च, 2026 को कराने की सिफारिश की है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद भंग करने और अगला आम चुनाव कराने की सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी है। कार्की शुक्रवार की देर रात प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। कार्की ने शुक्रवार रात को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 61 (तीन) और (चार) के तहत नियुक्त किया गया, जो राज्य प्रमुख को अंतरिम सरकार के नेता को नामित करने का अधिकार देता है।यह फैसला आठ-नौ सितंबर 2025 के युवा विद्रोह के बाद में आया है जिसने नेपाल की प्रमुख राजनीति को उथल-पुथल कर दिया।

अवैध हथियार फैक्ट्री ध्वस्त, भारी मात्रा में बरामदगी

नयी दिल्ली (वार्ता)। राजधानी दिल्ली की सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। महज़ 10 दिन के भीतर पुलिस ने दूसरी बार अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस बार यह फैक्ट्री उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के यमुना नदी के किनारे बाढग्रस्त क्षेत्र में चलाई जा रही थी। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में हथियार और कच्चा माल बरामद किया है। साथ ही फैक्ट्री संचालक शिवचरण (60) को गिरफ्तार किया गया है।

पांचवां तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन 2027 में चेन्नई में होगा

नयी दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सहयोग के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को आगे बढाते हुए भारत वर्ष 2027 में चेन्नई में पांचवें तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि 11 और 12 सितंबर को इटली में चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सम्मेलन में 115 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तीन दिन के पांचवें वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय तटरक्षक बेड़े की समीक्षा और विश्व तटरक्षक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। संगोष्ठी में उभरती समुद्री चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जायेगी। भारतीय तटरक्षक महानिदेशक परमेश शिवमणि ने इस अवसर पर ज़ोर देकर कहा कि कोई भी एक देश अकेले इतनी विशाल समुद्री चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 2027 में चेन्नई शिखर सम्मेलन दुनिया भर के तटरक्षकों के बीच अंतर-संचालन, विश्वास और मज़बूत सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समावेशी मंच के रूप में काम करेगा।

केंद्र ने ब्यूरोक्रेसी में किया बड़ा फेरबदल 35 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने प्रशासनिक सुधारों के तहत 35 वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसके तहत आईएएस पवन कुमार शर्मा को उप निर्वाचन आयुक्त, जबकि वी ललितालक्ष्मी को उपराष्ट्रपति सचिवालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। आइए जानते है कि किस अधिकारी को कौन सी जिम्मेदारी मिली है। केंद्र सरकार ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी है। इसमें दो सीनियर आईएएस अधिकारियों का भी नाम शामिल है, जिन्हें अहम जिम्मेदारियों सौंपी गई है। इसके तहत वर्तमान में रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत मध्यप्रदेश कैडर के 1999 बैच □ शेष पृष्ठ 6 पर

35 नियुक्तियों में कुछ प्रमुख नियुक्तियां इस प्रकार है

बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 35 वरिष्ठ अधिकारियों की नई नियुक्तियां की हैं। इन अधिकारियों को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में संयुक्त सचिव और समकक्ष पदों पर तैनात किया गया है। इनमें फार्मास्युटिकल्स विभाग में अमन शर्मा, पर्यावरण मंत्रालय में तरुण कुमार पिथोड़े, आर्थिक मामलों में अमित सिंगला, व्यय विभाग में एकरूप कौर, वित्तीय सेवा विभाग में शालिनी पंडित और परमाणु ऊर्जा विभाग में निधि पांडेय को नियुक्त किया गया है।

मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी। गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर पत्रकारों के सवाल पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है।' श्री गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के

लिए क्या कदम उठा रहे हैं।

वाड्रा ने कहा मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है। उन्हें बहुत पहले ही जाना चाहिए था। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्होंने इतने लंबे समय तक हिंसा की स्थिति को वहां जारी रहने दिया। इसी का परिणाम है कि वहां इतनी मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि इतने लम्बे समय बाद हिंसाग्रस्त क्षेत्र का दौरा करना भारत के प्रधानमंत्रियों की परंपरा के अनुरूप नहीं है। चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, □ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली

का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है। खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा नरेंद्र मोदी जी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा □ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

हाई-वोल्टेज मुकाबला ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती नजर आएंगी

भारत-पाक मैच में बारिश बनेगी विलेन!

दुबई(ए.)। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने विजयी अभियान को जारी रखने उतरेगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती नजर आएंगी। इस मुकाबले का सोशल मीडिया पर विरोध भी हो रहा है, लेकिन दोनों देशों के खिलाफ एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारत और पाकिस्तान ने मौजूदा टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है।

अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ गया था। इसे लेकर ही मैच का बहिष्कार करने की मांग उठी है। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे। मैच को लेकर पहले की तरह उत्साह भी गायब है। सोशल मीडिया पर अपील की जा रही है कि भारत इस मैच का बहिष्कार करे जिससे कोई नहीं जानता कि कितने बीसीसीआई अधिकारी रविवार को मैच देखने पहुंचेंगे, वर्ना दोनों देशों के बीच मैच के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहते थे।

भारत का पाकिस्तान पर दबदबा

एशिया कप में भारत का पाकिस्तान पर पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 19 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 10 मैच भारत ने जीते हैं जबकि पाकिस्तान को सिर्फ छह मैचों में ही जीत हासिल हुई है। वहीं, तीन मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम का रविवार के मैच में जीत लगभग तय माना जा रहा है। यूं तो जब भी भारत-पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होती हैं तो खेल के साथ-साथ भावनाओं का भी टकराव होता है। हालांकि, इस बार प्रशंसकों के बीच इस मैच को लेकर उत्साह थोड़ा कम दिखाई दे रहा है।

रेड कॉरिडोर से डेवलपमेंट कॉरिडोर की ओर बढ़ रहा बस्तर: तोखन

बीजापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक सरकार ने सुरक्षा, समावेशी विकास और पुनर्वास को केंद्र में रखकर जो पहल की है, उसके परिणामस्वरूप नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में तोखन साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक पूर्णतः नक्सल-मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने कहा, संदेश साफ है कि हिंसा का कोई भविष्य नहीं है, भविष्य केवल विकास का है। कभी रेड कॉरिडोर कहे जाने

वाले इलाके अब डेवलपमेंट कॉरिडोर बन रहे हैं। सड़कें, बिजली, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी भय और पिछड़ेपन की जगह ले रही हैं।

उन्होंने बताया कि पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को प्रोत्साहन राशि, मासिक भत्ता, भोजन-आवास सुविधा, हथियार जमा करने पर नकद सहायता, तथा शिक्षा □ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

भारत 2027 में करेगा 5वीं कोस्ट गार्ड ग्लोबल समिट की मेजबानी

नई दिल्ली/ए.। दुनिया के सबसे बड़े समुद्री सुरक्षा मंच पर भारत को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। इसके तहत भारत को 2027 में सबसे बड़े समुद्री सुरक्षा मंचों में से एक कोस्ट गार्ड ग्लोबल समिट (सीजीजीएस) के 5वें संस्करण की मेजबानी करेगा। इस फैसले की घोषणा इटली के रोम में 11-12 सितंबर को हुई 4वीं कोस्ट गार्ड ग्लोबल समिट के दौरान की गई। खास बात ये रही कि सभी प्रतिभागियों ने भारत के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंडियन कोस्ट गार्ड के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया। समिट के दौरान उन्होंने घोषणा की कि 5वीं सीजीजीएस समिट 2027 में चेन्नई में आयोजित की जाएगी, जो भारतीय कोस्ट गार्ड की गोल्डन जुबली (50वीं वर्षगांठ) का भी हिस्सा होगी।

बता दें कि यह समिट तीन दिन का होगा, जिसमें शामिल होंगे इंटरनेशनल कोस्ट गार्ड फ्लीट रिव्यू, वर्ल्ड कोस्ट गार्ड सेमिनारइस समिट का मकसद वैश्विक समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना, साझा चुनौतियों पर चर्चा करना और विश्वास व इंटरऑपरेबिलिटी (आपसी तालमेल) को मजबूत करना होगा। भारत की मेजबानी को लकर महानिदेशक शिवमणि ने कहा कि आज के समय में कोई भी देश अकेले समुद्री चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता, इसलिए यह समिट सभी देशों को एक साझा मंच देगा जहां वे समुद्री सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, अपराध रोकथाम और तकनीकी सहयोग जैसे मुद्दों पर मिलकर काम कर सकें।

'जमानत एवं अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा 6 माह में हो'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट और निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि वह जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा छह महीने के भीतर करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, उच्च न्यायालयों के साथ अधीनस्थ न्यायालयों को भी जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाओं का निपटारा कम समय सीमा के भीतर करना चाहिए। अधिमानतः तीन से छह महीने के भीतर। पीठ ने कहा कि सीधे तौर पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित आवेदनों को वर्षों तक लंबित नहीं छोड़ा जा सकता। न्यायालय ने कहा कि लंबे समय तक देरी न केवल दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के उद्देश्य को विफल करती है, बल्कि अनुच्छेद 14 और 21 में निहित सांविधानिक मूल्यों के विपरीत, न्याय से वंचित करने के समान है। न्यायालय ने कहा कि जमानत और अग्रिम जमानत आवेदनों पर उनके गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए और उन्हें लटकाए नहीं रखा जाना चाहिए। मौजूदा मामले में अग्रिम जमानत आवेदन 2019 में दायर किया गया था और इसे 2025 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित रखा गया था। न्यायालय ने कहा, हम इस प्रथा की निंदा करते हैं।

उद्धव ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का किया विरोध

नई दिल्ली(आईएएनएस)। एशिया कप में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर पूरे देश में सियासी घमासान छिड़ गया है। विपक्ष क्रिकेट मैच को लेकर सरकार का घेराव कर रही है। इसीक्रम में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्?होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभक्ति का व्यवसायीकरण कर दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। अगर खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते, तो खेल और खून साथ-साथ कैसे बह सकते हैं? युद्ध और खेल एक साथ कैसे हो सकते हैं? यह बकवास है। उन्होंने देशभक्ति का व्यापार किया है, उन्होंने देशभक्ति का व्यवसायीकरण कर दिया है। और कल वे एक मैच आयोजित कर रहे हैंक्योंकि उन्हें इससे मिलने वाला पैसा चाहिए; उन्हें दान चाहिए।

18 साल के किशोर के हृदय दान ने बचाई 13 वर्षीय लड़की की जान

नई दिल्ली। केरल में 13 वर्षीय एक लड़की का हृदय प्रत्यारोपण शनिवार को एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक पूरा हो गया, वह अब स्वस्थ है। लड़की गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी जिसके लिए उसे हार्ट ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि कोल्लम से कोच्चि लाई गई 13 वर्षीय एक लड़की का हृदय प्रत्यारोपण शनिवार को एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक पूरा हो गया, वह अब स्वस्थ है। लड़की गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी जिसके लिए उसे हार्ट ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मल्लुसेरी निवासी 18 वर्षीय बिलजीत ने आपना हृदय दान किया था। हाल ही में बलजीत को एक सड़क दुर्घटना के बाद ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद परिवार वालों ने हृदय दान करने का फैसला किया था।

हृदय रोग विशेषज्ञ और सर्जन डॉ जोस चाको पेरियाप्पुरम के नेतृत्व वाली एक टीम ने शनिवार को किशोरी में हृदय प्रत्यारोपित किया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इंजीनियरिंग के छात्र बिलजीत को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया, जिसके बाद उसके परिवार ने उसके हृदय, गुर्दे, लिवर और कॉर्निया सहित अंगों को दान करने की सहमति दी। शुक्रवार शाम को, लड़की के परिवार को हृदय की उपलब्धता के बारे में सूचित किया गया, जिसके बाद उसे देर रात ये सर्जरी शुरू हुई।

दुर्घटना के बाद ब्रेन डेड घोषित किए गए बिलजीत के हृदय को निकालने की सर्जरी शुक्रवार आधी रात तक पूरी हो गई। शनिवार रात करीब 1 बजे अंग को किशोरी के अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस द्वारा यातायात नियंत्रित करने के कारण यह दूरी केवल 20 मिनट में पूरी हो गई।

प्रत्यारोपण सर्जरी रात 1.25 बजे शुरू हुई और सुबह 3.30 बजे तक किशोरी के शरीर में नए दिल ने धड़कना शुरू कर दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि पूरी

झसर्जरी सुबह 6.30 बजे तक पूरी हो गई। डॉ. पेरियाप्पुरम ने कहा, ÷सर्जरी सफल रही, लेकिन अगले 48 घंटे भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

किशोर ने दी लड़की को नई जिंदगी

हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं अब केवल उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतें नहीं रह गई हैं, कम उम्र के लोग भी इसका शिकार होते जा रहे हैं। हाल के वर्षों में 20 से कम आयु के लोगों में न सिर्फहृदय रोगों का निदान किया जा रहा है, बल्कि इस आयु वर्ग में हार्ट अटैक से हो रही मौत की खबरें अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय भी बनी रहती हैं। सोचिए, कभी जिसे बुजुर्गों की बीमारी कहा जाता था, वही आज नई पीढ़ी में तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके पीछे के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो पता चलता है कि तेज रफ्तार लाइफस्टाइल, जंक फूड्स, नींद की कमी और बढ़ता स्क्रीनटाइम प्रमुख हो सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह समस्या अब केवल हार्ट अटैक तक सीमित नहीं रही, बल्कि कई मामलों में हार्ट ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर जरूरतों तक पहुंच रही है।

विरोध प्रदर्शन की वजह से नेपाल के विकास की गति धीमी हो गई

नेपाल में सुशीला कार्की के पीएम बनने के बाद दिखा 'नया सवेरा'

❒ युवाओं को उम्मीद-देश करेगा विकास

नई दिल्ली (आईएएनएस)। जेन-जी के व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री पद की कमान सौंप दी गई है। हिंसक विरोध प्रदर्शन से उबरने के बाद देश की जनता को नई प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीदें हैं।

हमें उम्मीद है कि वह आगामी दिनों में देश को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्पित होकर काम करेंगी। इसके अलावा, हम सभी युवा अब नेपाल को आगे बढ़ाने की दिशा में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में हम लोगों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना

पड़े। हम लोग दोबारा से नेपाल को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम करेंगे, हमें पूरा भरोसा है।

उन्होंने कहा कि निसंदेह इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि इस विरोध प्रदर्शन की वजह से नेपाल के विकास की गति धीमी हो गई है। स्थिति अव्यवस्थित हो चुकी है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि अगर हम सभी युवा एक साथ आ जाएं तो हम लोग दोबारा से अपने राष्ट्र को खड़ा कर सकेंगे।

इस बीच, जब उनसे यह सवाल किया गया कि नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद किस तरह के बदलाव देख रहे हैं तो दिपेंद्र थामा ने कहा कि इस बात को बिल्कुल खारिज नहीं किया जा सकता है कि विरोध प्रदर्शन के बाद देश में अब चौतरफा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब जितने भी भ्रष्टाचारी नेता थे, उन लोगों में खौफ है। उन्हें इस बात का डर है कि अगर वे कोई गलत काम करने की कोशिश करेंगे तो उन्हें देश के युवाओं के रोष का सामना करना पड़ सकता है। एक अन्य युवा ने सुशीला कार्की की तारीफ की और उन्हें देश के लिए अच्छा नेता बताया। उन्होंने कहा कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिलेगी। निश्चित तौर पर वह हमारे देश के लिए बेहतर साबित हो सकती हैं।

सुशीला कार्की अन्य भ्रष्ट नेताओं से अलग

इसी को लेकर नेपाल के कई युवाओं ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अपने विचार साझा किए। उन्होंने विश्वास जताया कि अब देश से भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त होगा। निश्चित तौर पर सुशीला कार्की प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में सक्रिय रहेंगी। दिपेंद्र थामा ने सुशीला कार्की को मौजूदा समय में नेपाल के लिए बहुत बड़ी उम्मीद करार दिया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि सुशीला कार्की अन्य भ्रष्ट नेताओं से अलग और कई मामलों में बेहतर हैं।

रिजिजू ने बैराबी-सैरांग रेल लाइन को बताया 'ऐतिहासिक'

❒ *बैराबी-सैरांग रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि*

नई दिल्ली(आईएएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम के लोगों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने बैराबी-सैरांग रेल लाइन को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस दिन को 'पूर्वोत्तर के लिए ऐतिहासिक' बताते हुए याद दिलाया कि कैसे रेलवे विकास के वादे लंबे समय से अधूरे रहे। प्रधानमंत्री ने मिजोरम में जिस 51.38 किलोमीटर लंबे बैराबी-सैरांग रेलवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया, वह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। देश में रेलवे की शुरुआत को 172 से अधिक वर्ष हो चुके हैं। आइजोल अब औपचारिक रूप से भारत के रेलवे मानचित्र से जुड़ गया है। राज्य के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री ने इस दौरान तीन नई ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, जिनमें सैरांग-आनंद विहार (दिल्ली) राजधानी एक्सप्रेस (साप्ताहिक), कोलकाता-सैरांग-कोलकाता एक्सप्रेस (हफ्ते में तीन बार), और गुवाहाटी-सैरांग-गुवाहाटी एक्सप्रेस (दैनिक) शामिल हैं। इसकी सराहना करते हुए किरेन रिजिजू ने साल 1990 की एक वीडियो क्लिप अपने 'एक्स' अकाउंट पर साझा की, जिसमें वीपी सिंह सरकार के तत्कालीन रेल मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस मणिपुर में रेलवे संपर्क बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा करते हुए नजर आ रहे हैं।

जमीनी हकीकत पर नहीं, मोदी की छवि चमकाने पर फोकस

गुवाहाटी। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने शनिवार को मणिपुर दौरे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह दौरा राज्य की जमीनी सच्चाई से ज्यादा प्रधानमंत्री की छवि पर केंद्रित है। गौरव गोगोई ने कहा कि मणिपुर में मई 2023 में जब जातीय हिंसा शुरू हुई थी, प्रधानमंत्री को तभी शांति की दिशा में पहला कदम रखते हुए राज्य का दौरा करना चाहिए था।

गौरव गोगोई ने क्या कहा?

मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसक झड़पों में अब तक 260 लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। हिंसा के बीच प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने को लेकर विपक्ष लगातार आलोचना करता रहा है। गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मणिपुर में शांति और पुनर्वास का पहला कदम दो साल पहले प्रधानमंत्री मोदी का राज्य दौरा होना चाहिए था। उन्होंने आगे लिखा, अब जब वह दो साल बाद मणिपुर पहुंचे हैं, तो यह दौरा पूर्वोत्तर की भावनाओं का सम्मान करने के लिए होना चाहिए था। लेकिन इसके बजाय यह दौरा जमीनी हकीकत से कटा हुआ और सिर्फप्रधानमंत्री की छवि पर केंद्रित दिख रहा है।

पीएम मोदी ने चुराचांदपुर और इंफाल की जनसभाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे में कुकी बहुल चुराचांदपुर और मैतेई बहुल इंफाल का दौरा किया। दोनों जगहों पर उन्होंने आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इन दो शहरों में जनसभाएं भी कीं और राज्य के लिए 8,500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की।

रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

मास्को (आईएएनएस)। रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार को 7.4 तीव्रता का भीषण भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 111 किलोमीटर (69 मील) पूर्व में कामचटका क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र में, 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के बाद, कामचटका क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी की। कामचटका क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है।

हम आपसे अनुरोध करते हैं कि समुद्र तट और सुनामी के खतरे वाले अन्य क्षेत्रों में जाते समय विशेष रूप से सावधान रहें। गवर्नर ने लोगों से शांति बनाए रखने और आधिकारिक स्त्रोतों से मिलने वाली जानकारी पर नजर रखने की सलाह दी। इस बीच, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से जापानी मीडिया आउटलेट एनएचके वर्ल्ड ने बताया कि कामचटका में भूकंप से जापान के तट पर मामूली ज्वारीय उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन देश में भूकंप से नुकसान का कोई खतरा नहीं है।

तेजस्वी यादव निकालेंगे बिहार अधिकार यात्रा, लाएंगे बदलाव

पटना(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बेबाक राय व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने 16 सितंबर से शुरू होने वाली बिहार अधिकार यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने भाजपा नेताओं के प्रस्तावित बिहार दौरे पर तल्ख टिप्पणी की। बिहार अधिकार यात्रा को लेकर सवाल किए जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछली बार हमारी यात्रा 20 से अधिक जिलों तक हुई थी। अब जो जिले छूट गए थे, वहां जाएंगे और जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। यात्रा के नाम में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनकी पार्टी की अलग यात्रा है और संयुक्त यात्राओं से अलग है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि इस बार बिहार में निश्चित तौर पर बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध से परेशान हैं। प्रदेश में जिस तरह से भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ा है, लोग निराश हैं और मौजूदा सरकार से गुस्सा है। ऐसे में इस बार बदलाव निश्चित है। नेपाल की हालिया राजनीतिक स्थिति पर बात करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि वहां की पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। हम आशा करते हैं कि वे नेपाल की जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेंगी।

चुनाव के वक्त ही बिहार को याद करते हैं भाजपाई

भाजपा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर तेजस्वी यादव ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव के वक्त ही बिहार को याद करते हैं। चुनाव बीतते ही बिहार को भूल जाते हैं। इस बार जितनी बार भी आएंगे, जनता उन्हें खाली हाथ वापस भेज देगी। तेजस्वी ने आगे कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति करती है और जनता की सेवा के लिए उसका कोई विजन नहीं है। उन्होंने दोहराया कि इस बार बदलाव निश्चित है क्योंकि जनता बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध से ऊब चुकी है।

भारत की जीत छिपाने की कोशिश हुई': रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर पर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीत सिंह ढिल्लों ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई के दौरान भारत की जीत को दबाने और छिपाने की कोशिश हुई। ढिल्लों के अनुसार भारत ने पाकिस्तानी एयरबेस पर सटीक हमले किए, जिनका जवाब पाकिस्तानी वायुसेना नहीं दे सकी। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने युद्ध के बाद अमेरिका और सऊदी अरब से मध्यस्थता की गुहार लगाई। ढिल्लों ने साफ कहा कि असलियत में जीत भारत की ही हुई। पाकिस्तान की सेना और उसकी नाकामियों पर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीत सिंह ढिल्लों ने कड़ा हमला बोला है। एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के मौजूदा सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर वह अकेले सेनाध्यक्ष हैं जो युद्ध के दौरान बंकर में छिप गए। ढिल्लों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान सेना दुनिया की इकलौती ऐसी सेना है जिसने कभी कोई युद्ध नहीं जीता। ढिल्लों ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पाकिस्तान ही वह देश है जिसने सबसे बड़ी हार का सामना किया। 1971 में भारत के खिलाफयुद्ध में पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान सेना की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है, जिस पर आज भी वह पर्दा डालने की कोशिश करती है।

तीखी बहस

'विदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया?'

इस्राइल ने पाकिस्तान को दिखाया आईना, हमास नेताओं को निशाना बनाया

न्यूयॉर्क। इस्राइल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस्राइल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दरअसल पाकिस्तान ने कतर में इस्राइली हमले की निंदा की और पूछा कि 'विदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया?' इस पर इस्राइली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इस्राइली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि 'जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया?'

संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इस्राइल ने पाकिस्तान को लताड़ा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की न्यूयॉर्क शहर में हुई बैठक,ओसामा बिन लादेन द्वारा आयोजित 9/11 के आतंकवादी हमलों की 24वीं बरसी पर हुई। इस बैठक में इस्राइली और पाकिस्तान के दूतों के बीच तीखी बहस हुई। यह बहस गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में हुए हमले को लेकर हुई, जिसमें इस्राइल ने हमास नेताओं को निशाना बनाया। अपने संबोधन में पाकिस्तान के दूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने कतर के खिलाफइस्राइल के हमले को अवैध और अकारण आक्रामक करार दिया और हमले की कड़ी निंदा की। पाकिस्तान ने कहा कि निरंतर आक्रामकता क्षेत्रीय शांति को कमजोर करती है।

इस्राइल ने पाकिस्तान की बोलती बंद की

पाकिस्तान के आरोपों का जवाब देते हुए इस्राइल के स्थायी प्रतिनिधि डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद की ओर हाथ उठाते हुए कहा, 'जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मारा गया था, तो तब यह सवाल क्यों नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? सवाल यह था कि आखिर एक आतंकवादी को पनाह क्यों दी गई? बिन लादेन को कोई छूट नहीं थी, और हमास को भी कोई छूट नहीं मिल सकती।' इस्राइल ने पाकिस्तान पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि 9/11 के हमले के बाद सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया था कि कोई भी देश आतंकवादियों को पनाह नहीं देगा, न ही उन्हें धन देगा और न ही उन्हें पनाह देगा।

इस्राइली राजदूत ने सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

डैनी डैनन ने कहा कि 'सच तो यह है कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में मारा गया था और किसी ने अमेरिका की निंदा नहीं की। और जब इस परिषद के अन्य देश आतंकवादियों पर हमला करते हैं, तो कोई उनकी निंदा नहीं करता। यही दोहरे मानदंड हैं। जब आप अपने लिए लागू मानकों से अलग मानक इस्राइल पर लागू करते हैं, तो यही इस संस्था की समस्या है।' अमेरिकी सेना ने मई 2011 में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद में एक विशेष अभियान चलाकर बिन लादेन को मार गिराया था।

महिंद्रा और एमजी की गाड़ियों पर मिल रही है भारी छूट

त्योहार का सीजन शुरू होने से पहले ही ऑटोमोबाइल कंपनियां ग्राहकों को लुभाने के लिए जबरदस्त ऑफर देना शुरू कर दिया है. इस वक्त, अगर आप नई गाड़ी खरीदने की सोच रहे है तो यह समय बिल्कुल मुफीद है, क्योंकि कंपनियों द्वारा सेल्स बढ़ाने के इस वक्त भारी एक्सचेंज बोनस दिया जा रहा है. इस एक्चेंज ऑफर का लाभ उठाइए और ह्यूनडाई, महिंद्र और एमजी जैसी ब्रांडेड कंपनियों को आकर्षक एक्सचेंज बोनस के चलते नई कार अपने घर लाइए...

रायपुर/नवप्रदेश। वाहन निर्माता कंपनियों ने बाइक, कार, स्कूटर में मिलने वाली जीएसटी छूट ओपन करने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही कंपनियां खुद भी त्योहारी ऑफर दे रहीं हैं। इसके चलते वाहनों की धड़ाधड़ बुकिंग हो रही है। 22 सितंबर को नवरात्रि के शुरू होने के साथ ही जीएसटी लाभ और कंपनियों के शानदार ऑफर का लाभ ग्राहकों को मिलेगा। टाटा मोटर्स ने अपनी कार में 22 सितम्बर से मिलने वाली छूट अभी से देना शुरू कर दिया है।

महिंद्रा की गाड़ियों पर मिल रहा है 20,000 का एक्सचेंज बोनस

देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा अपनी पॉपुलर गाड़ियों पर 20,000 तक का एक्सचेंज बोनस दे रही है. यदि ग्राहक पुरानी गाड़ी को एक्सचेंज करते हैं, तो उन्हें इस बोनस का लाभ मिलेगा। यह ऑफर Mahindra की कई मॉडलों पर लागू किया जा रहा है. ग्राहकों को त्योहार से पहले ऑफर का लाभ उठाने के लिए महिंद्रा के अधिकृत डीलरशिप पर संपर्क करना होगा।

60,000 से 2 लाख तक की छूट

दूसरी ओर, एमजी मोटर ने इस त्योहार के मौसम से पहले एक और भी बड़ा दांव खेला है. कंपनी अपनी गाड़ियों पर 60,000 से लेकर 2 लाख तक की छूट दे रही है. एमजी की लोकप्रिय एसयूवी गाड़ियों जैसे हैक्टर, एस्टर और ग्लोस्टर पर यह छूट मिल रही है. यह छूट अलग-अलग मॉडल, वेरिएंट और स्थान के अनुसार बदल सकती है. कुछ मॉडलों पर एक्सचेंज वोनस, लॉयल्टी वोनस, कॉर्पोरेट डिस्काउंट और कैश डिस्काउंट शामिल हैं. कंपनी का उद्देश्य इस छूट के जरिए अधिक से अधिक ग्राहकों को आकर्षित करना है।

शर्तों व नियमों पर दें ध्यान

किसी भी ऑफर का लाभ उठाने से पहले यह जरूरी है कि ग्राहक शर्तों और नियमों को ध्यान से पढ़े. ऑफर की वैधता, उपलब्धता और पात्रता की जानकारी नजदीकी डीलरशिप से जरूर लेनी चाहिए. महिंद्रा की ओर से 20,000 तक का एक्सचेंज बोनस और एमजी की ओर से 2 लाख तक की छूट निश्चित ही इस फेस्टिव सीजन को और भी खास बना रही है. वहीं ह्यूनडाई की रणनीति पर भी सबकी निगाहें टिकी है. ऐसे में यदि आप नई गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए सबसे उपयुक्त हो सकता है।

प्रदेश में 155 पीजी बॉन्डेड चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा चिकित्सा स्नातकोत्तर (एम.डी./एम.एस./डिप्लोमा) पाठ्यक्रम में प्रवेशित एवं वर्ष 2025 की विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित हुए पीजी बॉन्डेड चिकित्सकों को उनके अनुबंध की शर्तों के अनुरूप संविदा आधार पर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुल 155 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं, जिनकी सेवाएं आगामी आदेश तक प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में ली जाएंगी।

इन नियुक्तियों के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में महत्वपूर्ण सुधार होगा। विशेष रूप से जिला अस्पतालों को इन नियुक्तियों का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और रोगियों को समय पर आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सकेगा। जारी आदेशानुसार, प्रथम चरण की काउंसलिंग में 133 तथा द्वितीय चरण में 22, इस प्रकार कुल 155 पीजी बॉन्डेड चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति की गई है।

सीएम बोले- स्वस्थ मुस्कान ही स्वस्थ समाज की पहचानः साय ने कहा-

3 करोड़ जनता के आरोग्य के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का सपना करेंगे पूराः मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, प्रदेश की 3 करोड़ जनता के आरोग्य के साथ हम विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करेंगे। पिछले 20 महीनों में प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करते हुए दुर्गम अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। दरअसल, रायपुर के एक निजी होटल में तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का शुभारंभ किया गया, जहां सीएम ने यह बातें कही। मुख्यमंत्री ने दंत चिकित्सा और दांतों की देखभाल से जुड़े उपयोगी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डेंटल एसोसिएशन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी किया।

सीएम साय ने कहा कि सरकार बनने के पहले दिन से ही हमने प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी गई है, साथ ही फिजियोथैरेपी, नर्सिंग और मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल जैसे संस्थानों की स्थापना की जा रही है। स्वस्थ छत्तीसगढ़ के साथ ही हम प्रगति की भी बात कर रहे हैं।

पहले एक था, अब 15 मेडिकल कॉलेज

उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। साल 2000 में जहां केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज 15 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से मरीजों और बुजुर्गों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, सस्ती जेनेरिक दवाइयां आम जनता को राहत प्रदान कर रही हैं।

नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाई जा रही सुविधाएं

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। बस्तर में 20 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। यह हमारे प्रयासों का प्रमाण है कि सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति के साथ अब कुल 15 मेडिकल कॉलेज होंगे।

बीएफएससी में प्रवेश के लिए 14 तक किया जा सकता है ऑनलाइन पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। कामधेनु विश्वविद्यालय से संबद्ध मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 अगस्त थी, जिसे बढ़ाकर 4 सितंबर की रात 11:59 बजे तक की गई है। पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन सूची 15 सितंबर को विवि की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए लिंक खुलने की अवधि 15 से 16 सितंबर की रात 11:59 बजे तक तय की गई है। पंजीकृत आवेदकों की अंतिम सूची का ऑनलाइन प्रकाशन 17 सितंबर किया जाएगा। पंजीयन के आधार पर ऑफलाइन प्रवेश 18 सितंबर को दिया जाएगा। रिक्त सीटों पर प्रवेश 7 अक्टूबर को दिया जाएगा। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http://cgkvmis.cg.nic.in http://dsvckvdurg.ac.in पर संपर्क किया जा सकता है।

गैंगवार के आरोपियों से पुलिस ने लगवाए नारे ‘कानून हमारा बाप है, अपराध करना पाप है’

■ **5 युवक गिरफ्तार: जहां मचाई थी दहशत, वहीं पुलिस ने निकाला जुलूस**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में हुई गैंगवार के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार 11 सितंबर को हुए इस विवाद में दो गुटों के बीच खुलेआम लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला किया गया था। इतना ही नहीं, एक पक्ष द्वारा दूसरे पर कार चढ़ाने का प्रयास भी किया गया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया। शनिवार को पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों वैभव रागी, ओम दुबे, शुभम मिश्रा, आयुष अग्रवाल और ऋषभ ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला। आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर न केवल साक्ष्य संकलित किए गए, बल्कि कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश देने के लिए उन्हें जनता के सामने हथकड़ी पहनाकर घुमाया.

इस दौरान पुलिस ने आरोपियों से कानून हमारा बाप है, अपराध करना पाप है जैसे नारे भी लगवाए। सड़क पर यह नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

क्या कहा पुलिस ने

सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया कि बीते दिनों डीडी नगर इलाके में इन आरोपियों ने बीच सड़क पर जमकर उपद्रव किया था। लाठी-डंडों और पथराव के जरिए आमजन का चैन और सुरक्षा भंग की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने वीडियो और अन्य सबूतों के आधार पर पहचान कर इन पांचों को गिरफ्तार किया है। देवांगन ने साफ कहा कि रायपुर पुलिस अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शेगी नहीं। कानून से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

हिन्दी दिवस विशेष

उत्कृष्ट अभिव्यक्ति का माध्यम हिन्दी

डॉ. रीना रवि मालपानी

भाषा की सर्वोत्तम उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है हिन्दी। हिन्दी की सहजता, सरलता, सरसता अद्वितीय है। प्रत्येक भाषा अपने आप में निपुण है, परंतु शब्दों की सुंदरता से आलोकित एवं सुशोभित हिन्दी भाषा अप्रतिम है। यह सत्य है कि भाषा विहीन व्यक्ति कभी भी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता। भाषा ही हमारी उन्नति को पल्लवित, पुष्पित एवं चहुं ओर हमारे विकास को प्रसारित करती है। हिन्दी में विचारों के प्रवाह का अद्वितीय सौंदर्य विद्यमान है।

भाषा की अस्मिता का गौरव गुणगान है हिन्दी।
वेदनाओं एवं भावनाओं की यथार्थ अभिव्यक्ति है हिन्दी।
समस्त भाषाओं को कदमताल देती उन्नत स्वरूप है हिन्दी।
सूक्ष्म, अमूर्त और जटिल अनुभवों का सहज सम्प्रेषण है हिन्दी।

अंग्रेजी हमने सहर्ष नहीं अपनाई थी, वह तो अंग्रेज़ो द्वारा हम पर थोपी गई थी। आज भी हम उसी जंजीर के गुलाम बने हुए है। भाषा की गुलामी की जंजीरों और बेड़ियों को तोड़कर हमें एकमत होना होगा। हिन्दी की अनुभूति कितनी अनुपम है यह उसमें निहित शब्दों का चयन प्रदर्शित करता है।

हिन्दी तो वह है जो नैतिकता को सहेजती है। निर्मल गंगा सा भाव एवं प्रवाह उत्पन्न करती है। साहित्य को शिरोधार्य बनाती है। कवियों की ललकार और भाषा की बयार से उन्नति के सोपान को छूती है। भारत माता के प्रति अतुलनीय प्यार के अनुपम स्वर में व्याप्त है हिन्दी। हिन्दी भाषा का अनोखा दर्पण है। हिन्दी में भावों को मुख से मन तक समर्पित करने की उत्कृष्टता है।

भाषा की धुरी पर स्वाभिमान का आविर्भाव है हिन्दी। जब भी साहित्य का सृजन किया जाता है तो हर पात्र को जीवंत बनाकर पाठक के समक्ष प्रस्तुत करती है हिन्दी।

नए भारत में उन्नति और उत्थान के भाव को संवाहित करने का सामर्थ्य हिन्दी में ही है।

यदि भाषा की होली के उत्सव को हिन्दी से सजाया जाए, औजपूर्ण हिन्दी के माधुर्य को मुख पर गुनगुनाया जाए, अलंकारों के रंगों से अभिव्यक्ति को नित-नवीन बनाया जाए और हिन्दी के प्रयोग से काव्य रचना के स्वर से हृदय को आलोकित किया जाए तो मन रूपी हृदय में उन्नति, उत्साह और उमंग के रंग को बिखरने का अनुपम सौन्दर्य हिन्दी में ही है। राष्ट्र की उन्नति में माँ की ममता के आशीर्वाद का रूप हिन्दी प्रकट करती है।

जीवन की समग्रता का अंकन है हिन्दी।
सांकेतिकता, प्रतिकात्मकता का उत्कृष्ट आयाम है हिन्दी।
मानवीय भावों का यथार्थ चित्रण है हिन्दी।
अभिनव मूल्यों के उद्घाटन की चेतना है हिन्दी।

वर्तमान समय में अंग्रेजी ही आधुनिकता का आधार मानी जा रही है। भावी पीढ़ी की दृष्टि में हिन्दी का महत्व न्यून है। कितनी बड़ी विडम्बना है इस देश और समाज की कि हम अपने पूर्वजों की धरोहर जो हमें अनायास और सहजता से मिली है उसे ठुकरा रहे है और अंग्रेजों द्वारा परोसी गई भाषा को ग्रहण कर उसका उन्नयन कर रहे है। भाषा हमारी संस्कृति की अस्मिता और धरोहर है।

यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं अपितु विचारों, भावनाओं एवं संवेदनाओं का उद्वेग है। उन्नति के सोपान की ओर कदम बढ़ाते वक्त अंग्रेजी को भी सीखना चाहिए, परंतु हिन्दी के प्रति अपने प्रेम को भी जीवंत एवं निष्ठावान रखना होगा।

भाषा के विभिन्न स्वरूपों में अंग्रेजी भी ज्ञान का ही एक रूप है, परंतु मातृ भाषा की कीमत पर हिन्दी को तुच्छ समझकर अंग्रेजी को आत्मसात करना उचित नहीं है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में प्रेम एवं स्नेह का सरल रूप हैं हिन्दी। हिन्दी अवधि, ब्रज, भोजपुरी इत्यादि सभी भाषाओं को समन्वय प्रदान करती है।

आज हमारे संस्कारों में अंग्रेजी घुल रही है। आज का युवा वर्ग अंग्रेजी में धारा प्रवाह होना ही अपनी उच्चता का मानक मान रहा है। वह मनोभावों की भाषा समझने में असमर्थ है। अंग्रेजी बोलना समाज में प्रतिष्ठा का प्रतीक बनती जा रही है। समाज में उन्नति के मापदंड हेतु अंग्रेजी बोलना चयनित किया जा रहा है।

मातृ भाषा भारत वासियों के बीच हीनता का अनुभव कर रही है। यह हमारी भाषा की अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह है। भाषा की दुर्बलता राष्ट्र की अभिव्यक्ति में न्यूनता को प्रदर्शित करती है। वह राष्ट्र की पहचान को क्षीण करती है। वैश्विक युग में सफलता के शीर्ष पर पहुँचते वक्त प्रत्येक भाषा को अपनाना होगा, पर हिन्दी के प्रति प्रेम में कृपणता परिलक्षित न करें। हिन्दी हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संकलन है हमें इसे सहेजना होगा।

आत्मविश्वास से एवं पूर्ण निष्ठावान होकर इसे आत्मसात करना होगा। यह आत्मा के स्वरों का बोध है। हिन्दी सांस्कृतिक स्वरूप का एक ओजस रूप है। हिन्दी तो सर्वगुण सम्पन्न भाषा का दर्पण है। यह भाषा राष्ट्र के प्रति समर्पण है। एक स्वर और एक नाद से हम भारत वासियों को हिन्दी भाषा में अभिव्यक्ति को स्वीकारना चाहिए।

कथ्य के अनुरूप रचना संकलन को पहचान देती है हिन्दी।
पात्रो-चरित्रों के उद्घाटन का सजीव रूप है हिन्दी।
संवाद एवं प्रसंगानुकूल रोचकता की जनक है हिन्दी।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी दिवस मनाने का औचित्य

ओंकार कोसे

मानस भवन में आर्यजन जिसकी उतारें आरती, भगवान! भारतवर्ष में गूंजें हमारी भारती

भाषा किसी भी राष्ट्र की आत्मा और विशिष्ट पहचान होती है। यह केवल संचार का माध्यम नहीं बल्कि संस्कृति, परंपरा, और सभ्यता की जीवंत अभिव्यक्ति है। भारत जैसे बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश में हिंदी का महत्व और भी अधिक है। हिंदी न केवल भारत की राजभाषा है, बल्कि यह विश्व की सबसे बड़ी भाषाओं में से एक है।

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया और इस निर्णय को स्मरणीय बनाने के लिए हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है क्योंकि भारत बहुत विशाल बहुभाषी राष्ट्र है जिसमें कई प्रदेश है जो भाषा के आधार पर बने हैं जिनकी अपनी राज्य की राजभाषा भी है इसलिए उन राज्यों में हिंदी का व्यापक प्रचार प्रसार अभी होना बाकी है जिसके कारण हिंदी के प्रचार प्रसार के दृष्टिकोण से हिंदी दिवस भारत के सभी मंत्रालयों, हिंदी सेवी संस्थाओं, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और भारतीय दूतावासों में मनाया जाता है।

आज के वैश्वीकरण (तद्यश्ड्डड्ढद्यद्ब5ड्डह्लद्बश्ठ्ठ) के युग में जब दुनिया एक वैश्विक गाँव बन गई है तो हिंदी दिवस मनाने का महत्व और औचित्य और भी बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के अवसरों को हासिल करने के लिए न केवल अपने लोगों को अपनी भाषा में प्रवीण बनाना है बल्कि विदेशियों को भी हमारी भाषा में प्रशिक्षित करना अनिवार्य है ताकि हम अपनी भाषा के माध्यम से ही आसानी से रोजगार, व्यापार,पर्यटन और कूटनीतिक संबंधों से लाभ उठा सके। विज्ञान,तकनीकी, विधि और वाणिज्य आदि विषयों में विश्व स्तरीय शिक्षा की व्यवस्था भारतीय विश्वविद्यालय में की जानी चाहिए।

हिंदी दिवस मनाने का औचित्य

हिंदी दिवस मनाने के पीछे सुनियोजित और दूरगामी रणनीति हैं, जो न केवल राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

1. राष्ट्रीय एकता और पहचान का प्रतीक

भारत के संविधान में 22 मान्यता प्राप्त भाषाएँ है और सैकड़ों बोलियाँ बोली जाती हैं। ऐसे में हिंदी राष्ट्र की सामान्य संपर्क भाषा (ख्द्बठ्ठद्ग ख्ड्ढठ्ठद्दह्वड्डद्दद्ग) के रूप में काम करती है।

हिंदी दिवस हमें यह स्मरण दिलाता है कि विविधता में एकता बनाए रखने के लिए देश में एक भाषा का होना आवश्यक है।

यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है।

देश की समृद्धि और सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए भी जरूरी है।

जिस तरह फ्रांस में फ्रेंच, जर्मनी में जर्मन, और चीन में मंदारिन राष्ट्रीय एकता का आधार हैं, वैसे ही भारत में हिंदी का स्थान होना चाहिए।



2. संवैधानिक मान्यता का सम्मान

14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया।

यह तिथि हमें हमारे संवैधानिक उत्तरदायित्व की याद दिलाती है कि हमें हिंदी का प्रचार-प्रसार करना और इसे सम्मान देना चाहिए।

हिंदी दिवस मनाना संविधान के इस महत्वपूर्ण निर्णय को सामूहिक रूप से जनहित में स्वीकार करना है।

3. राष्ट्रभाषा और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा

आज के समय में विदेशी भाषाओं, विशेषकर अंग्रेज़ी, का प्रभाव बढ़ रहा है।

कई लोग हिंदी बोलने में संकोच महसूस करते हैं और हीन भावना से ग्रसित महसूस करते हैं।

हिंदी दिवस हमें यह सिखाता है कि अपनी मातृभाषा और राष्ट्र भाषा पर गर्व करना चाहिए।

जिस प्रकार जापान और फ्रांस अपने सभी वैज्ञानिक और तकनीकी कार्य फ्रेंच और जापानी भाषा में करता है,उसी प्रकार भारत को भी हिंदी का प्रयोग बढ़ाना चाहिए।

यह हमारे सांस्कृतिक अस्तित्व और भाषाई गौरव की रक्षा के लिए आवश्यक है।

4. वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी का महत्व

हिंदी अब केवल भारत की भाषा नहीं रही, यह वैश्विक भाषा का स्वरूप ले चुकी है।

(क) विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या

हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है।

लगभग 60 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं, और यदि इसे समझने वाले लोगों को शामिल करें तो यह संख्या 80 करोड़ से अधिक तक हो जाती है।

अमेरिका, कनाडा, यूके,आस्ट्रेलिया,अरब देश,पकिस्तान, बंग्लादेश,मॉरीशस, फिज़ी, नेपाल, सूरीनाम जैसे देशों में बड़ी संख्या में हिंदी भाषी लोग रहते हैं जो आपसी व्यवहार में हिंदी भाषा का प्रयोग करते है।खूब हिंदी फिल्में देखते और संगीत सुनते है।

(ख) वैश्विक स्तर पर हिंदी

वैश्विक स्तर पर इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है।हिंदी को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी मान्यता मिल रही है और यूनेस्को सहित विभिन्न संगठन इसे बढ़ावा दे रहे हैं।हालांकि, सरकारी कामकाज और उच्च तकनीकी क्षेत्रों में अभी भी अंग्रेजी का प्रभाव अधिक है लेकिन अंग्रेजी के बाद सरकारी और न्यायालयीन कामकाज में किसी भी भाषा का प्रयोग अधिक हो रहा है तो वह हिंदी है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र (UN) में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास हो रहे हैं फिलहाल समस्या भारत सरकार की वित्तीय सहायता है।संयुक्त राष्ट्र में हिंदी का प्रयोग मुख्य रूप से समाचार प्रसारण, सोशल मीडिया और कार्यक्रमों में होता है,

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न,फेसबुक जैसी वैश्विक कंपनियों ने अपने प्लेटफ़ॉर्म पर हिंदी को प्राथमिक भाषाओं में शामिल किया है।

नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे डिजिटल मंचों पर हिंदी सामग्री की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ग) आर्थिक दृष्टिकोण से हिंदी

भारतीय बाज़ार दुनिया के सबसे बड़े बाज़ारों में से एक है।

कंपनियाँ उपभोक्ताओं तक पहुँचने के लिए विज्ञापन आदि में हिंदी का प्रयोग करती हैं।

हिंदी भाषा का ज्ञान और मनोरंजन उद्योग अब रोज़गार और व्यापार के नए अवसर भी प्रदान कर रहा है।

5. विज्ञान, तकनीक और शिक्षा में हिंदी का महत्व

यदि विज्ञान और तकनीक का ज्ञान हिंदी में उपलब्ध कराया जाए, तो यह ग्रामीण और वंचित वर्गों के लिए आसान और सुलभ होगा।

इज़राइल ने अपनी तकनीकी शिक्षा हिब्रू में दी और वह तकनीकी महाशक्ति बन गया उसी प्रकार भारत भी हिंदी के माध्यम से महाशक्ति बन सकता है।

इसी प्रकार, हिंदी में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (ह्श्वक्क 2020) भी मातृभाषा के साथ साथ हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करती है। त्रिभाषा फार्मूले को देश के अधिकांश राज्यों ने स्वीकार कर लिया है जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

6. साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण

हिंदी साहित्य विश्व के श्रेष्ठ साहित्य में गिना जाता है।

तुलसीदास, कबीर,जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों की रचनाएँ आज भी लोगों का ज्ञानवर्धन व भाषा सीखने को प्रेरित करती हैं।

हिंदी दिवस के आयोजन से अनुवाद, पत्रकारिता, साहित्य, कविता, नाटक और लोककलाओं के संरक्षण और संवर्धन पर चिंतन होता है जिससे हिंदी भाषा और साहित्य की समृद्ध विरासत का परिचय प्राप्त होता है।

7. युवाओं और नई पीढ़ी को प्रेरित करना

आज की नई पीढ़ी का झुकाव अंग्रेज़ी और विदेशी भाषाओं की ओर बढ़ रहा है। ऐसा शिक्षा, व्यापार और रोजगार में अंग्रेजी के प्रभुत्व के कारण है। यदि हिंदी में भी शिक्षा, वाणिज्य,विधि, व्यापार के अवसर पैदा किए जाए तो युवाओं का रुझान इस ओर भी बढ़ेगा। कई राज्य सरकारों में विज्ञान, चिकित्सा और विधि की उच्च शिक्षा हिंदी में देना शुरू कर दी है। यह स्वागत योग्य कदम है।

हिंदी दिवस मनाकर उन्हें यह प्रेरणा दी जा सकती है कि हिंदी बोलना आधुनिकता के विरुद्ध नहीं, बल्कि यह स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। हिंदी भाषा के माध्यम से भी रोजगार और व्यापार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध है। डिजिटल माध्यमों जैसे ब्लॉगिंग, यूट्यूब, और सोशल मीडिया के जरिए हिंदी का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट पर उपलब्ध हिंदी सामग्री को हिंदी प्रयोक्ताओं द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है जिससे युवाओं को प्रशस्ति भी मिल रही है और पैसा भी। अनुवादकों को अंग्रेजी के अलावा विश्व की श्रेष्ठ भाषाओं का उच्च स्तरीय साहित्य,शिक्षा, विज्ञान आदि विषयों की सामग्री का अनुवाद हिंदी में करके हिंदी को समृद्ध बनाकर बड़ी भाषा बनाने का प्रयास करना चाहिए।

8. वैश्वीकरण और हिंदी की भूमिका

वैश्वीकरण के दौर में भाषा एक आर्थिक शक्ति बन गई है। भाषा और साहित्य के माध्यम से कमाई देश को और नागरिकों को हो रही है।

हिंदी सिनेमा (बॉलीवुड) विश्व भर में लोकप्रिय है, जिससे हिंदी की सॉफ्ट पावर बढ़ रही है। कलाकारों और सरकार के लिए आमदनी का बड़ा साधन सिनेमा बन गया है।

हिंदी दिवस इस बात को रेखांकित करता है कि हमें अपनी भाषा का प्रयोग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करके अवसरों को हासिल करने के लिए करना चाहिए।

2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति बोलेगा हिंदी

प्रो. संजय द्विवेदी

भाषा संवाद संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। मनुष्य को इसलिए भी परमात्मा की श्रेष्ठ कृति कहा जाता है कि वह भाषा का उपयोग कर अपने भावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। यही विशेषता है, जो मनुष्य को अन्य प्राणियों से भिन्न करती है। हिंदी एक बहुआयामी भाषा है। यह बात इसके प्रयोग क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए भी समझी जा सकती है। यह अलग बात है कि हिंदी भाषा की बात करते समय हम सामान्यतः हिंदी साहित्य की बात करने लगते हैं। इसमें संदेह नहीं कि साहित्यिक हिंदी, हिंदी के विभिन्न आयामों में से एक है, लेकिन यह केवल हिंदी के एक बड़े मानचित्र का छोटा-सा हिस्सा है, शेष आयामों पर कम विचार हुआ है और व्यावहारिक हिंदी की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए तो और भी कम विमर्श हमारे सामने हैं। यदि हिंदी भाषा के आंतरिक इतिहास का उद्घाटन करना हो तो नामकरण ही उसका आधार बन सकता है। हिंदी, हिंदवी, हिन्दुई और दकिनी के विकास क्रम में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि अलग-अलग समय में एक ही भाषा के भिन्न नाम प्रचलित रहे हैं। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना है। यह करीब 11वीं शताब्दी से ही राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। उस समय भले ही राजकीय कार्य संस्कृत, फारसी और अंग्रेजी में होते रहे हों, लेकिन संपूर्ण राष्ट्र में आपसी संपर्क, संवाद, संचार, विचार, विमर्श, जीवन और व्यवहार का माध्यम हिंदी ही रही है। भारतेंदु हरिश्चन्द्र, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से ही संपूर्ण राष्ट्र से सम्पर्क किया और सफलता हासिल की। इसी कारण आजादी के पश्चात संविधान-सभा द्वारा बहुमत से 'हिंदी' को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय किया था। जैसे-जैसे भाषा का विस्तार क्षेत्र बढ़ता जाता है, वो भाषा उतने ही अलग-अलग रूप में विकसित होना शुरू हो जाती है, यही हिंदी भाषा के साथ हुआ, क्योंकि यह भाषा पहले केवल बोलचाल की भाषा तक ही सीमित थी। उसके बाद साहित्यिक भाषा के क्षेत्र में इसे जगह मिली, और फिर समाचार-पत्रों में 'हिंदी पत्रकारिता' का विकास हुआ। अपनी अनवरत यात्रा के कारण स्वतन्त्रता के बाद हिंदी, भारत की राजभाषा घोषित की गई तथा उसका प्रयोग कार्यालयों में होने लगा और हिंदी का एक राजभाषा का रूप विकसित हुआ। अगर हम आंकड़ों में हिंदी की बात करें तो 260 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। 64 करोड़ लोगों की हिंदी मातृभाषा है। 24 करोड़ लोगों की दूसरी और 42 करोड़ लोगों की तीसरी भाषा हिंदी है। इस धरती पर 1 अरब 30 करोड़ लोग हिंदी बोलने और समझने में सक्षम हैं। 2030 तक दुनिया का हर पांचवा व्यक्ति हिंदी बोलेगा। यूएई और फिजी जैसे देशों में हिंदी को तीसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी की देवनागरी लिपि वैज्ञानिक लिपि मानी जाती है, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में 18 हजार शब्द हिंदी के शामिल हुए हैं, और सबसे बड़ी बात कि जो तीन साल पहले अंग्रेजी इंटरनेट की सबसे बड़ी भाषा थी, अब हिंदी ने उसे पीछे छोड़ दिया है। गूगल सर्वेक्षण बताता है कि इंटरनेट पर डिजिटल दुनिया में हिंदी सबसे बड़ी भाषा है। अक्सर ये प्रश्न पूछा जाता है कि हिंदी ही हमारी राजभाषा क्यों? इसका जवाब बहुत पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया था। महात्मा गांधी ने किसी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिये जाने के लिए तीन लक्षण बताए थे। पहला कि वो भाषा आसान होनी चाहिए। दूसरा प्रयोग करने वालों के लिए वह भाषा सरल होनी चाहिए। और तीसरा उस भाषा को बोलने वालो की संख्या अधिक होनी चाहिए।

चिंतन- नई पीढ़ी, हिंदी भाषा में असहज क्यों?

सपना परिहार

आज के इस बढ़ते आधुनिक युग में अंग्रेजी भाषा का बढ़ता प्रभाव और हिंदी भाषा के प्रति उदासीनता बढ़ती ही जा रही है। बच्चों के अभिभावक, भावी युवा पीढ़ी, अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय, इन सभी में अंग्रेजी भाषा बोलने और जीवन में उता रने के लिए बहुत बल दिया जा रहा है। पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा मात्र अध्ययन का ही माध्यम रह गई है । कुछ अपवादों को छोड़कर अधिकतर बच्चों और युवाओं का यही कहना होता है कि "हमें हिंदी बोलना नहीं आती या हमें हिंदी नहीं आती"। चाहे वह अध्ययन की सामग्री हो या बोलचाल की भाषा हो। हर देश की अपनी एक मातृभाषा होती है और सभी लोग अपनी मातृभाषा का सम्मान और मातृभाषा का बोलचाल में प्रयोग भी करते हैं। परंतु हमारे देश में पाश्चात्य सभ्यता इतनी हावी हो रही है कि प्रतियोगिता के इस दौर में हम आगे तो बढ़ रहे हैं परंतु हम हमारी जड़ों और हमारी भाषा से पिछड़ रहे हैं बात अगर वर्णमाला से लेकर हिंदी की गणना को लेकर की जाए तो भी कई लोग ना तो वर्णमाला बता पाते हैं और ना ही हिंदी की गणना कर पाते हैं अंग्रेजी माध्यम में पढ़नेवाले बच्चे हिंदी पढ़ने में बहुत ही उदासीनता दिखाते हैं।"

संगठन में एकता का सूत्र

पवन यादव

हवा के रूख ने हमें तूफानों में भी चलना
सिखा दिया।
पहले एक थे। अब दस से सौ होकर शासन
प्रशासन से लड़ना सिखा दिया।
दरिया के सैलाबो में जब हम उतरे
इन हाथों ने हमें पतवार चलाना सिखा
दिया।
संगठन ने हमें संगठित कर
अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखा दिया।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए साधारण ही रहेगा। दिन के आरंभ में व्यक्तिगत अथवा घरेलू कार्य में व्यस्त रहेंगे बेमन से करने के कारण कोई त्रुटि भीं होगी।

वृषः आज के दिन आपके मन को प्रसन्न रखने के प्रसंग बनते रहेंगे। दैनिक जीवन की परेशानियों को गंभीर नही लेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए विविध परेशानियों से भरा रहेगा आर्थिक कारणों से भाग दौड़ लगी रहेगी लेकिन परिणाम विपरीत ही रहेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके साथ कुछ अकस्मात घटनायें घटित होंगी इनमें से अधिकांश आपके लिए फायदेमंद ही रहेंगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिये भगोन्नति कारक रहेगा इसका लाभ उठायें। आज आपका व्यवहार अन्य लोगो के लिए सहायक रहेगा।

कन्याः आज के दिन आपके अंदर धार्मिक भावनाएं बलवती रहेंगी। सार्वजनिक अथवा धार्मिक कार्यों के लिए अपने काम धंदे की परवाह नही करेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। सेहत में आज भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पाचन तंत्र अथवा श्वशन संबंधित रोग बढ़ने की संभावना है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए आनंद के क्षण उपलब्ध कराएगा। आज आप जिस भी कार्य को करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

धनुः आज का दिन आपके सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा परन्तु ज्यादा लोभ में पड़ने से बचे अन्यथा शारीरक एवं मानसिक पीड़ा होने की संभावना है।

मकरः आज के दिन आप लाभ पाने के लिए अपनी योग्यता एवं बुद्धिबल का पूर्ण उपयोग करेंगे इसका परिणाम आशाजनक ही रहेगा।

कुंभः आपको आज के दिन धैर्य रखने की आवश्यकता है।

मीनः आज के दिन आपको लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन निर्णय लेते समय जल्दबाजी ना करें अन्यथा लाभ हानि में बदल सकता है।

सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त : 06:31, चन्द्रोदय : 22:11, चन्द्रास्त : 12:03, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : रोहिणी, योग : वज्र, प्रथम करण : वणिज (07:23 तक), द्वितीय करण : विष्टि (18:11 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : सिंह, चंद्र : वृष, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) हल्दी में पीला रंग किसके द्वारा होता है?

2) राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान निदेशालय कहाँ स्थित है?

3) कीट के मुखांग का कौन सा भाग जीभ का कार्य करता है?

4) विश्व की दूध की रानी किस नस्ल की बकरी को कहा जाता है?

5) किसने 61 साल की उम्र में चौथी बार डकार रैली जीतकर इतिहास रच दिया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कुरकुमिन (2) जबलपुर (3) हाइपोफैरिंक्स (4) सानेन (5) कार्लोस सैंज

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य मेला 23 को

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय पॉली क्लीनिक द्वारा 23 सितंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक, महासमुंद बागबाहरा रोड, संजय कानन के सामने स्थित परिसर में सुबह 10 से 4 बजे तक लगाया जाएगा। इस स्वास्थ्य मेले में आयुष चिकित्सा की सभी पद्धतियों आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं योग और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व उपचार किया जाएगा।

गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। परसकोल चौक बंसुला के पास वाहन चेकिंग के दौरान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बसना पुलिस की संयुक्त टीम ने दो लोगों के पास से 40 हजार रुपए का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से दोनों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक 12 सितंबर को परसकोल चौक बंसुला में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक क्रमांक सीजी 07 सीएच 5763 में सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। संदेहियों ने नाम-पता वार्ड 02 पाटन जिला दुर्ग निवासी नामवागेश उर्फ आकाश पेंदरिया (23) व आकाश नेताम (20) बताया। आरोपियों से ढाई किलो गांजा, बाइक, मोबाइल, 500 रुपए नकदी जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

शराब बेचते युवक पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जगदीशपुर मार्ग खेमड़ा तालाब के पास वार्ड 2 बसना निवासी आकाश कुमार (34) शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1800 मिली शराब (कीमत 800 रुपए) जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

महिलाओं को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम नांदगांव में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस को नांदगांव निवासी बिरझा पटेल ने बताया कि 10 सितंबर को वह अपनी बहू के साथ घर में थीं, तभी उसके देवर का बेटा शिवचरण पटेल घर आया और खेत को रेग में क्यों बोये हो कहकर बहू के साथ गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी और डंडे से पीटकर बहू को चोट पहुंचाई। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

मां शाकंभरी मंदिर मारागांव व सिहावा मंदिर में जलेंगे आस्था के ज्योत

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा के शाकंभरी मंदिर में कोसरिया मरार पटेल की बैठक हुआ बैठक के पूर्व पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी, भगवान श्री राम चन्द्र की पुजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ किया गया बैठक में कोसरिया मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ के वर्तमान में लिया गया निर्णय एवं क्वार नवरात्र पर्व पर सिहावाराज पटेल समाज द्वारा शांकम्भरी मंदिर सिहावा, एवं शाकंभरी मंदिर मारा गांव में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जायेगा,(01) प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 09 नवंबर 2025 संबलपुर (लोहारा) जिला बालोद, में आयोजित किया गया है जिसमें विवाह योग्य युवक, युवती इस परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लेने निर्देशित किया गया (02) पटेल समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक में सभी प्रदेश प्रमुखजन के निर्णयानुसार विवाह कार्यक्रम में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।व मृत्यु भोज सात्विक भोजन हो,इन सभी निर्णय का पठन कर सिहावा राज पटेल समाज ने कठोरता पूर्वक पालन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक अमरसिंह पटेल,सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल,राजा साहब लतखोर पटेल,खुटैत नारायण पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल,डामेश्वर पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, विशेष सलाहकार कुंजलाल पटेल, सिहावा ग्रामीण अध्यक्ष हरचंद पटेल,मारागांव अध्यक्ष बृजलाल पटेल, गोविंद पुर क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल आदि शामिल रहे।

आठवीं, पांचवीं वार्षिक परीक्षा अंक सूची से हजारों बच्चे वंचित?

■ **कक्षा नवमीं, छठवीं में अस्थाई प्रवेश लेकर पढ़ाई-लिखाई कर रहे हैं**

छुरा/नवप्रदेश। आज टेक्नोलॉजी के जमाने में गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी निद्रा में लीन हैं कंहा जाय या जानबूझकर लापरवाही बरतने लगे हैं यह तो उन्ही लपारवाह अधिकारी ही बता पायेंगे। शायद छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहला मौका है कि वार्षिक परीक्षा कक्षा आठवीं, पांचवीं बोर्ड परीक्षा अप्रैल माह में सम्पन्न हो गया, पूरक परीक्षा भी सम्पन्न हो चुका स्कूलों में मासिक परीक्षा भी हो गया अब तिमाही परीक्षा होना है लेकिन आज तक कक्षा आठवीं कक्षा पांचवीं का वार्षिक परीक्षा का अंक सूची बच्चों,पालकों, स्कूलों के शिक्षकों के पहुच के बाहर हे भविष्य में देश के निर्माता अपने अंक सूची देखने को तरस गये है गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग के घोर लापारवाही के कारण आदिवासी विकास खण्ड के बच्चों का आज तक स्कुलो में स्थाई एडमिशन नहीं हुआ है, विकास खण्ड के बच्चों को शिक्षक पर्ची(प्राप्तांक रजिस्टर)का फोटो कापी बांटकर नवमी, छठवीं में अस्थाई दाखिला दिलवा दिये है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह को उनके मोबाइल नंबर पर फोन करने पर उनके द्वारा काल रिसीव नहीं किया गया, उनके व्हाट शाप, टेक्स मेसेज भी किया गया इसके बाद भी कोई जवाब नहीं आया। ब्लाक शिक्षा अधिकारी किशुन मतावले ने बताया कि बच्चों की समस्त जानकारी जिला कार्यालय को भेज दिया गया है, जिला अधिकारी अंक सूची नहीं भेज रहा है।

बागबाहरा में बैडमिंटन प्रतियोगिता खेल और संस्कृति का अनोखा संगम

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर के इंडोर स्टेडियम में अग्रसेन जयंती पूर्व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज, संस्कृति और इतिहास के गौरव का भी उत्सव बन गया। आयोजन का शुभारंभ अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना से किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश शर्मा शामिल हुए।अध्यक्षीय उद्बोधन में ऋषि अग्रवाल ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से नगर को इंडोर स्टेडियम जैसी सौगात मिली है। उन्होंने इसे युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को दिशा देने वाला केंद्र बताया।

मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव ने महाराजा अग्रसेन के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अग्रसेन केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि युगद्रष्टा समाज सुधारक थे। एक रुपया और एक ईंट÷ की परंपरा ने समाज में भाईचारा और सहयोग की मिसाल कायम की।

यादव ने कहा कि अग्रवाल समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सेवा कार्यों के माध्यम से आज भी पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा है। उन्होंने व्यापारी वर्ग के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कर रूपी राजस्व से ही नगर और प्रदेश का विकास संभव हो पाया है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण यही इंडोर स्टेडियम है।

शराब दुकान में हंगामा और तोड़फोड़ तीन युवकों पर पुलिस ने केस दर्ज किया

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा में 11 सितंबर 2025 की रात करीब 8:40 बजे एक विदेशी शराब दुकान में तीन युवकों ने जमकर हंगामा मचाया। उन्होंने दुकान में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की, शराब की बोतलें तोड़ीं और सीसीटीवी कैमरा व मॉनिटर को भी नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।दुकान के कर्मचारी करन सोनटके (25 साल), जो नवापारा, झलप के रहने वाले हैं, ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों गनपत मारकण्डेय और सुनील बंजारे के साथ दुकान में काम कर रहे थे। तभी पिथौरा के रहने वाले सावन श्रीवास्तव, हर्षवर्धन राजपूत और दानिश खान वहां आए। उन्होंने शराब में पानी मिलाने और नशा न होने का आरोप लगाते हुए गंदी-गंदी गालियां दीं। इसके बाद तीनों दुकान में घुस गए और कर्मचारियों को मारने-पीटने लगे। उन्होंने दुकान में रखी शराब की बोतलें तोड़ दीं

और सीसीटीवी व मॉनिटर को भी तोड़ दिया। इस तोड़फोड़ से दुकान को करीब 19,000 रुपये का नुकसान हुआ।

आरोपियों ने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग गए। इस दौरान ओंनकार ध्रुव, कन्हैया कोसरिया और यादराम ने घटना को देखा और बीच-बचाव की कोशिश की। शिकायत मिलने के बाद पिथौरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 333 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश तेज कर दी है।

गोहरापदर में सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर आज मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्यवक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहकारिता प्रकोष्ठ एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सेवा कार्य समाज हित का सबसे बड़ा साधन है। प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए सेवा कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है,उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं,बल्कि निःस्वार्थ समाज सेवा का आंदोलन है,जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य,शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और योजनाओं को पहुँचाना है।

देवभोग कॉलेज में परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी

■ **महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं से भड़के अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवभोग शासकीय पंडित श्याम शंकर मिश्र विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जम कर हंगामा मचाया।छात्र संगठन ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रिंसपल को ज्ञापन सौंप त्वरित निराकरण की मांग किया।इस दरम्यान एबीवीपी नेताओं की महाविद्यालय प्रबंधन के साथ कई बार बहस भी हुई।जिसके बाद प्रिंसिपल समस्याओं के त्वरित निराकरण करना भी शुरू कर दिया।

अभाविप जिला संयोजक छात्रनेता क्षितिजनारायण तिवारी ने बताया कि देवभोग महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के 30 से ज्यादा छात्रों के मार्कशीट में प्रेक्टिकल परीक्षा में अनुपस्थित बता परिणाम को प्रभावित कर दिया गया जबकि सारे छात्र उपस्थित थे।लाइब्रेरी में मनमानी,टीसी के लिए चक्कर लगवाना,अधूरा सायकल स्टैंड जैसे कई ऐसे समस्या है जो प्रबंधन की अनदेखी के चलते छात्रों के लिए मुसीबत बन गया है।नवप्रवेशी छात्रों के साथ कर्मचारियों का दुर्व्यवहार महाविद्यालय के गेट पर प्रोफेसर के वाहन खड़े कर दिए जाते है इससे छात्रों को आवागमन में समस्या होती है।इस दौरान प्रमुख रूप से छात्रनेता अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, नगर मंत्री योगेश निधि, पूर्व नगर मंत्री यशवंत यादव, छात्रनेता विवेक यादव, आकाश सोनी, योगेश पात्र, तेजेश बीसी, खीरेंद्र सोरी, चन्दन शर्मा, विशेष शर्मा, राहुल प्रधान, सतीश साहू साथ ही अभाविप के अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे।

जन्माष्टमी में दही हांडी फोड़ने के दौरान तीन साल पहले हुआ विवाद चंद मिनट में समाप्त

पिथौरा में लोक अदालत आयोजित

पिथौरा/नवप्रदेश। आज से तीन साल पहले जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी फोड़ने के दौरान पानी छिटने की बात को ले कर ग्राम ढाबाखार में विवाद हो गया था,देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में लाठी डंडा चलने लगे लिहाजा गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामला पुलिस तक जा पहुंचा। तब पुलिस के हस्क्षेप से मामला शांत तो जरूर हो गया किंतु पुलिस ने पाँच लोगो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर पिथौरा के न्यायालय में मामला पेश किया था। आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी सौरभ बारा के खंडपीठ में मामले को रखा गया और दोनों पक्षों को बुला कर समझाईस दी गई। तथा आपस में भाईचारा बना कर रहने हेतु कहा गया जिससे दोनों पक्ष सहर्ष तैयार हो गए परिणाम स्वरूप तीन सालों से चला आ रहा विवाद चंद मिनट में समाप्त हो गया।दोनों पक्ष गले मिल कर घर चले गए।

दूसरा मामला पाँच वर्ष पुराना वर्ष 2020 का है ग्राम सोनासिल्ली में अंडा ठेला लगाये जाने को ले कर विवाद होने से पिथौरा के न्यायालय में फ़ौजदारी चल रहा था था,उस मामले में भी न्यायाधीश सौरभ बारा ने दोनों पक्ष को समझा कर मामले में राजीनामा कराया। बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के दिशा निर्देश में पिथौरा में आज 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई थी जिसमे मामलों को आपसी सहमति से तत्काल निपटाने के प्रावधान था लोक लदालत में जो भी मामले का निबटारा होता है, उसमें कोई भी पक्ष हारता नहीं है। बल्कि दोनों पक्ष की जीत होती है।

दो युवकों से देशी शराब बरामद, भेजा गया जेल

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने दो युवकों से 11.7 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिथौरा-बागबाहरा मार्ग रामदर्शन स्कूल के पास ग्राम जंघोरा में नाकेबंदी की। कुछ समय बाद बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 7158 को रोककर बाइक के बीच में रखी बोरी के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जबाब देने लगे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-पता बरतुंगा थाना पिथौरा निवासी पुष्पम रात्रे (27) और राजेश ध्रुव (19) बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान पान मसाला के बैग से 40 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल, बाइक की डिक्की से 25 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल कुल 11.7 लीटर शराब कीमती 5200 रुपए बरामद किया।

सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला

शिवरतन शर्मा हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर क्रमशः मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मंडल से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। ÷सेवा ही संगठन÷ का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए।शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है।

अवैध मुरूम खनन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

अभनपुर/नवप्रदेश। । क्षेत्र में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने अवैध रूप से मुरुम का खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन को जब्त किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।बता दें कि क्षेत्र में इन दिनों रेत और मुरुम का खुलेआम अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अभनपुर के औद्योगिक क्षेत्र में मुरुम का अवैध खनन किया जा रहा था।

मामले की जानकारी मिलने के बाद खनिज विभाग के अधिकारी उमेश भार्गव, खनिज निरीक्षक हेलेंद्र स्वर्णपाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही अवैध उत्खनन में लिप्त माफिया फरार हो गए। इस दौरान अवैध खनन में लिप्त एक पोकलेन मशीन को जब्त कर लिया गया।अधिकारियों ने बताया कि जब्त मशीन के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उत्खनन में शामिल व्यक्तियों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिलने पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आईटीएम विश्वविद्यालय, रायपुर ने प्रदीप टंडन को डी.लिट् की उपाधि प्रदान की

रायपुर / नवप्रदेश। आईटीएम विश्वविद्यालय, रायपुर ने श्री प्रदीप टंडन को डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट्) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें बिज़नेस मैनेजमेंट, कॉर्पोरेट नेतृत्व, छत्तीसगढ़ में औद्योगिक प्रोत्साहन तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण एवं परामर्श में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

श्री टंडन वर्तमान में भारत के शीर्ष कॉर्पोरेट ङ्क नवीन जिंदल समूह की कंपनी में अध्यक्ष (क्क्रद्गह्यद्बस्रद्गठ्ठह्ल) के रूप में कार्यरत हैं। बिज़नेस मैनेजमेंट और कॉर्पोरेट कार्यों में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास और निवेश प्रोत्साहन में अहम भूमिका निभाई है।

कॉर्पोरेट जगत से परे, श्री टंडन ने नीति वकालत (क्कशद्यद्बष्4, स्न1शड्डष्4) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे वर्तमान में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के अध्यक्ष तथा नेशनल एम्प्लॉयर्स फेडरेशन के अध्यक्ष हैं। इन भूमिकाओं में उन्होंने उद्योग और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली प्रगतिशील नीतियों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।आईटीएम विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त यह डी.लिट् उपाधि उनके कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, आर्थिक विकास और सामाजिक-औद्योगिक प्रगति के प्रति समर्पण की सराहना है।

इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए श्री टंडन ने कहा÷यह सम्मान मेरे लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मेरे सहकर्मियों, मार्गदर्शकों और उद्योग से जुड़े साथियों से मिले निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन का प्रतिबिंब है। मैं इस मान्यता के लिए आईटीएम विश्वविद्यालय का हृदय से आभारी हूँ।

सुरखी स्कूल में पुनः हुआ गणवेश वितरण

भाटापारा /नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में राज्य शासन द्वारा प्रदत्त गणवेश की द्वितीय सेट गणवेश स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं को ग्राम पंचायत सुरखी के सरपंच श्रीमती ज्योति धृतलहरे पच श्री मती तुलसी ध्रुव .संकुल प्रभारी दर्शन सिंह ठाकुर एवं संस्था प्रमुख श्रीमती सरोज यादव की उपस्थिति में 105 छात्र छात्राओं को प्रदान किया गया ।गणवेश का द्वितीय सेट प्राप्त कर सभी छात्र छात्राएं बहुत ही खुश नजर आए। ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा बच्चों को मन लगाकर पढ़ने व अनुशासित रहकर शाला के नियमों का पालन करने का संदेश दिया । संकुल प्राचार्य के द्वारा उपस्थित शिक्षक व छात्र-छात्राओं को समय पर शाला पहुंचकर अध्ययन अध्यापन करने एवं अच्छा अंक से परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का के लिए प्रेरित किया गणवेश वितरण कार्यक्रम में शिक्षक लेखराम साहू चंद्रशेखर वर्मा व भूषण यादव .सावित्री यादव सोमवती इत्यादि उपस्थित रहे।

वृद्ध पिकअप की चपेट में आया, मौत

कुरूद / नवप्रदेश। ग्राम चर्रा में एक वृद्ध व्यक्ति पिकअप की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर कुरूद पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया।

शनिवार को दोपहर हुई घटना के बारे में बताया कि ग्राम चर्रा दंतेश्वरी चौक निवासी लेड़गूराम ध्रुव 82 साल शनिवार दोपहर पैदल खेत की ओर जा रहा था, तभी गणेश चौक के पास धान भरी पिकअप क्रमांक सीजी 04 क्यूए 3221 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में लिया। जिससे घटना स्थल पर ही वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। पिकअप

कोंदकेरा राजिम की बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव अपने कब्जे में लिया। वाहन और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि घर में पति पत्नी ही रहते थे। हादसे के समय पत्नी खेत गई हुई थी। और बेटा अलग रहता है जो घटना की सूचना पर भी नहीं पहुंचा था।

न्यूज गैलरी

8 किलो गांजा, वाहन व मोबाइल सहित एक लाख 65 हजार का सामान जब्त

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले मे गांजा की अवैध बिक्री और तस्करी की लगातार शिकायतों पर कार्यवाही की तैयारी मे जूटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है । जिला पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान मे सूचना के बाद अवैध परिवहन कर शहर मे गांजे की बड़ी खेप पहुँचाने पहुँचे दो आरोपियो को 8 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम ने सूचना के बाद पिपरिया बाईपास रोड़ मे धरपकड़ अभियान चलाकर दो आरोपियो योगेश तामस्कर, 29 वर्ष ठाकुरटोला सोमनी और हिमांशु देशलहरे 19 वर्ष मोहंदी भिलाई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 किलो गांजा, मोटर साइकल सीजी 08 एबी 5517 और मोबाइल फोन जप्त किया । पुलिस ने गांजे की कीमत 85 हजार और कुल जप्ती 1 लाख 65 हजार रू की है । दोनो आरोपियो को धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।

रामकुमार जमनादेवी यादव फाउंडेशन ने गणेश समितियों को किया प्रोत्साहित

बालोद/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री गणेशोत्सव प्रतिमा विसर्जन झांकी कार्यक्रम बालोद शहर में मंगलवार को रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री रामकुमार जमनादेवी यादव फाउंडेशन संस्था के प्रमुख राकेश यादव द्वारा श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकियों को प्रोत्साहित करने तहसील कार्यालय के समीप भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिमाओं के समिति प्रमुखों को प्रोत्साहित करते हुए नगद 3100/ राशि,शील्ड व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव, नपा अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सौरभ लूनिया, पार्षद गिरजेश गुप्ता, धीरज उपाध्याय प्रीति देशमुख, स्वेता राजपूत, नीशा योगी, जितेन्द्र सोनी, राजसोनी, अभिन्न यादव, विनय सोनी जयकरण परिहार, तरूण बड़तिया, छोटेलाल चंद्राकर , सुनील यादव आदि कार्यक्रम को सफ्ल बनाने उपस्थित थे। साथ ही श्रद्धालुओं को पोहा वितरण किया गया।

8 सड़कों का होगा कायाकल्प शासन से मिली मंजूरी

बालोद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा हाल ही में बालोद जिले के खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर उठाइ गई मांगें अब पूर्ण हो गई हैं। यह मांगें तब सामने आईं जब छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायती राज मंत्री श्री विजय शर्मा का बालोद दौरा हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले के वरिष्ठ नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की दयनीय स्थिति की जानकारी दी और ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। मंत्री ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

बाल विवाह मुक्त पंचायत करने के लिए शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह में जागरूकता रैली

कवर्धा,/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत अमलीडीह में जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता रैली के माध्यम से किया गया। बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी जिलों को मार्च 2026 तक 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों टीम के द्वारा जन जागरूकता किया जा रहा है । परियोजना समन्वयक श्री महेश निर्मलकर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के 21 या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है।

कांग्रेस की जांच समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा

बजरंगपुर नवागांव में ट्रिपल मर्डर पुलिस की लापरवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के बजरंगपुर नवागाँव में पुटीय विवाद के चलते हुए दिल दहला देने वाले ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को हिला दिया है। चाकू से गोदकर एक के बाद एक तीन युवकों की हत्या ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं बल्कि पुलिस की बड़ी लापरवाही को भी उजागर किया है।इस घटना के बाद कांग्रेस की जांच समिति मौके पर पहुँची। समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रदेश सरकार से तत्काल आर्थिक मदद की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती तो यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी।

श्री साहू ने आगे कहा कि मृतकों के परिजनों को कम से कम 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और प्रत्येक परिवार से एक-एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। साथ ही घायल युवक के उपचार की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए। उन्होंने कहा कि शहर में नशे का बढ़ता कारोबार अपराध की जड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि नशीली गोलियों और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। नशे एवं अपराध पर सख्त नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाई जाए। ताकि भविष्य में कोई ऐसी वारदात करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने आईजी से दूरभाष पर चर्चा कर पूरी स्थिति से अवगत कराया और कहा कि यह हत्याकांड राजनांदगाँव जैसे महत्वपूर्ण जिले में हुआ है जो कि तीन बार के मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का क्षेत्र है। साथ ही यह जिला गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार में है। ऐसे में यह घटना पूरे प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को उजागर करती है।

कांग्रेस जांच समिति ने मृतक विशाल राजपूत के परिजन संजय राजपूत और अजय राजपूत, मृतक राकेश ढीमर की पत्नी और भाई, तथा मृतक सचिन मलिकपुरी के भाई, भतीजे और ससुर से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की। इस मौके पर अध्यक्ष धनेंद्र साहू के साथ पूर्व मंत्री अरुण वोरा, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, शाहिद खान, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, कमलजीत सिंह पिंटू, पंकज बांधव, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली, पार्षद राजा तिवारी, विवेक वासनिक, संतोष पिल्ले, शुभम पांडे, इकरामुद्दीन सोलंकी, छोटेलाल रामटेके, शैलेश ठाकरे, राहुल गजभिए, संदीप जयसवाल, शारदा तिवारी, सुरेंद्र देवांगन, अनिल साहू, उमराव साहू, राहुल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कुण्डा में भाजपा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 जन्मदिवस को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संदर्भ में कुण्डा में भाजपा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला कार्यक्रम मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट जिला पंचायत सभापति के उपस्थिति में सम्पन्न भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता सदस्य जिला पंचायत कबीरधाम रामकुमार भट्ट कार्यक्रम के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी एवं सह संयोजक श्रवण साहू एवं दिनेश चंद्रवंशी के उपस्थिति में मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट ने सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के गतिविधियों की जानकारी देते हुए दिशा निर्देश दिए। वही उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मण्डल स्तरीय 15 सदस्य टीम की नियुक्ति की गई है एवं विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने कार्यक्रम की प्रभारी बनाया गया कार्यक्रम के प्रभारी इस प्रकार से स्वच्छता अभियान के लिए सुमन गुप्ता एक पेड़ मां की नाम वृक्षारोपण के लिए महामंत्री

मनहरण साहू रक्त शिविर के लिए उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर स्वास्थ्य शिविर हेतु संतोष रूव प्रधानमंत्री के जीवनी पर डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म प्रदर्शन हेतु रामस्वरूप साहू प्रबुद्ध वर्ग संवाद सुरेश दुबे दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान गजेश यादव वोकल फॉर लोकल का प्रचार हेतु दिनेश मिश्रा प्रधानमंत्री के मोदी पर चयनित पुस्तकों का वितरण सुमन ढीमर सांसद खेल कूद प्रतियोगिता हेतु सेवा राम कुर्रे विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता महेंद्र धृतलहरे जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोदी विकास मैराथन कार्यक्रम हेतु हरेंद्र राजपूत प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी हेतु अश्वनी यदु पण्डित दिन दयाल जयंती हेतु मोहन चंद्रवंशी गांधी जयंती कार्यक्रम हेतु गीता साहू* को प्रभारी बनाया गया है।

बैगा जनजातीय बहुल इलाकों में स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण पर फोकस

■ **सुदूर वनांचल तक पहुँचेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ : कलेक्टर वर्मा**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सुदूर और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण बैठक लेकर ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि बैगा जनजाति बहुल बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा जैसे दुर्गम विकासखण्डों से लेकर जिले के मैदानी और शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले का व्यापक स्वास्थ्य रोडमैप (राडैप) तैयार किया जाए, जिसमें प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला चिकित्सालय की वास्तविक स्थिति दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि जिले का एक बड़ा हिस्सा पर्वतीय और घने जंगलों से घिरा हुआ है, जहाँ विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और अन्य आदिवासी परिवार निवास करते हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ कराना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में भर्ती और मानव संसाधन पर जोर विशेष जोर दिया है। उन्होंने एनएचएम अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पहाड़ी और दूरस्थ गाँवों में स्वास्थ्य केंद्रों की सुदृढ़ संरचना बनने से ग्रामीणों, विशेषकर बैगा परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएँ सुगमता से पहुँच पाएँगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुपमा तिवारी ने बताया कि स्टाफ नर्स सहित 33 प्रकार के मानव संसाधन के लिए 59 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

खाद्य सुरक्षा के प्रति छात्रों समुदाय को किया जागरूक

खैरागढ़/नवप्रदेश । खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने माध्यमिक शाला पिपरिया में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन अपनाने के लिए प्रेरित करते बताया कि अस्वच्छ भोजन से स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खैरागढ़ और पांडादाह में भी जन-जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इसमें खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की विधि समझाई गई और लोगों को सुरक्षित भोजन की पहचान करने के तरीके बताए गए।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की तैयारी तेज

■ **कलेक्टर ने विभागों को कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश**

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान संचालित होना है अभियान को प्रभावशाली और व्यापक बनाने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अंतर्विभागीय बैठक लेकर सभी विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान केवल स्वास्थ्य नहीं बल्कि महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और परिवार सशक्तिकरण को जनभागीदारी से जोड़ने का संकल्प है। उन्होंने विद्यालयों, पंचायतों, महिला स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, महिला बाल विकास विभाग को छूटी हुई गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन, बच्चों का पूर्ण टीकाकरण और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सौंपी ।

जिला शिक्षा अधिकारी को क्लस्टर वार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, विद्यालयों में रंगोली, क्विज, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं कराने , स्कूली बच्चों को एनीमिया से बचाव हेतु आयरन की गोली का नियमित सेवन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

जंगल में छिपा बैठा था हत्या का आरोपी, सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने मलैदा जंगल से दबोचा

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले की सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने हत्या के एक फरार आरोपी को के.सी.जी. जिले के घने मलैदा जंगल से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी वारदात के बाद पांच दिनों तक जंगल में छिपा बैठा था, जिसे साइबर सेल कबीरधाम की तकनीकी सहायता से ट्रैक कर पुलिस ने धर दबोचा।

घटना 08 सितंबर 2025 की शाम लगभग 06:30 बजे की है, जब ग्राम बैगापारा भेंड्रानवागांव निवासी रामचरण बैगा (47 वर्ष) ने अपने ही गांव के शत्रुहन बैगा (42 वर्ष) से

विवाद कर उसे गांव से बाहर जाने की धमकी दी और जान से मारने की नीयत से उस पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के चलते शत्रुहन बैगा की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग जांच में रामचरण बैगा द्वारा हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद धारा 103(1) भा.दं.सं. के तहत अपराध क्रमांक 47/2025 दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

बालिका बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने महेंद्रगढ़ में दिनांक 9-13 सितम्बर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

फायनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने गुरूनानक पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ को 83-46 पांइट से परास्त किया । दिल्ली पब्लिक स्कूल पिछले कई वर्षों से इस प्रतियोगिता की विजेता टीम है।

घुघरीखुर्द गांव आंगनबाड़ी स्कूल में साफ-सफाई अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा वाइट टी-शर्ट मूवमेंट के तहत ग्राम पंचायत घुघरीखुर्द गांव शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह अभियान हमारे जनप्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने और समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करने हेतु चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर संविधान का सामूहिक पाठ स्कूल परिसर में किया गया,गांव में भ्रमण कर स्कूल, चौक चौराहा, आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता के साथ ग्रामीणजनों को स्वच्छता और समानता का महत्व समझाया, साथ ही जन गण मन गायन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुई।

इस White T-Shirt Movement Program का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आवाह्न पर युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

युवा कांग्रेस कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि "वाइट टी-शर्ट महज़ एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि करुणा, एकता, अहिंसा, बराबरी और सर्वोदय के पाँच मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतीक है। आज के समय में आय, जाति और धर्म के आधार पर बढ़ती असमानता के खिलाफ विचारधारा से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कवर्धा से

कवर्धा/नवप्रदेश। महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित स्वस्थ नारी दु सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा से होगा। इस अभियान का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसकी तैयारी की समीक्षा की और विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रगतिशील यादव महासंघ ने कवि शशिकांत यादव को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रगतिशील यादव महासंघ ने शनिवार को अपने कार्यालय में वीररस के कवि शशिकांत यादव (कवि स्काय) को विशेष सम्मान प्रदान किया। देवास से काव्योदय कवि सम्मेलन में भाग लेने आए कवि शशिकांत यादव का स्वागत महासंघ के पदाधिकारियों ने किया। यह सम्मान गौरव पथ स्थित होटल ट्राइटन में आयोजित कवि सम्मेलन के बाद महासंघ कार्यालय में हुआ।

महासंघ के पदाधिकारियों निरंजन सिंह यादव (महासचिव), जितेंद्र बहादुर यादव, राकेश यादव, डॉ. एन.पी. यादव, रविंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शशि कांत यादव, रामलाल यादव आदि ने कवि शशिकांत यादव को पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में भगवद्गीता की प्रति और वॉल क्लॉक भेंट किया गया। इस अवसर पर सुभाष राठी और अनिल अग्रवाल भी मौजूद रहे।

महासचिव निरंजन सिंह यादव ने कवि शशिकांत यादव को महासंघ की स्थापना के रजत जयंती वर्ष (सिल्वर जुबली) में आयोजित होने वाले वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम समारोह यादव शिरोमणि गौरव सम्मान 21 सितंबर को आयोजित होगा, जिसमें कविवर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

शेष खबरों के लिए

व्यावसायिक शिक्षक भर्ती ...

कराए जाने का निर्देश सभी छह कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जारी कर दिया गया था। आईसेक्ट लिमिटेड भोपाल, इंदुस प्राइवेट लिमिटेड मुंबई, लर्निंग स्कील लिमिटेड, न्यू दिल्ली ग्राम तरंग ट्रेनिंग सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, स्कील ट्री लिमिटेड मुंबई, निटकोन चंडीगढ़ को व्यावसायिक ट्रेनिंग प्रोवाइडर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षकों के ज्वाइनिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे।

मणिपुर के सभी संगठन..

इस प्यार के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर के नाम में ही मणि है, ये वो मणि है जो आने वाले समय में पूरे नॉर्थ-ईस्ट की चमक को बढ़ाने वाली है। भारत सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि मणिपुर को विकास के रास्ते पर तेजी से आगे ले जाएं। इसी कड़ी में मैं यहां आप सभी के बीच आया हूं। उन्होंने कहा, मणिपुर में जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार मणिपुर को पीस, प्रोस्पेरिटी और प्रोग्रेस का प्रतीक बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं।

मोदी ने नेपाल की ...

सुशीला कार्की को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पद ग्रहण करने पर सुशीला कार्की को हार्दिक शुभकामनाएं। नेपाल के भाई-बहनों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने परिवर्तन के दौर में काठमांडू के साथ संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम नेपाल में सुशीला कार्की के नेतृत्व में नई अंतरिम सरकार के गठन का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे शांति और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्र ने ब्यूरोक्रेसी में किया ...

के आईएएस अधिकारी पवन कुमार शर्मा अब उप निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। उन्हें भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव के वेतन और रैंक में यह जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पश्चिम बंगाल कैडर की 2008 बैच की आईएएस अधिकारी वी ललितालक्ष्मी को उपराष्ट्रपति सचिवालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

मोदी का मणिपुर जाना ...

वे दुख और पीड़ा के समय दौरा करते हैं। आज़ादी के बाद से यही परंपरा रही है। श्री मोदी हिंसा भड़कने के दो साल बाद दो साल बाद इसे पूरा कर रहे हैं; उन्हें पहले ही इस बारे में सोचना चाहिए था।

मोदी की हिंसाग्रस्त ...

है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है। उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गये और 1,500 से ज़्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000 लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं की हैं लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गये और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गये थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने श्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार भि से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की ज़िम्मेदारी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आप अपने लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर रहे हैं। यह उन लोगों के घावों का मजाक है जो आपकी संवैधानिक ज़िम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करने के कारण पीड़ा झेल रहे हैं। आपके शब्दों में कहूं तो, आपका राजधर्म कहां है। इस बीच पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने भी मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इस बात का एहसास कराता है कि एक नेता में सहानुभूति और करुणा का कितना अभाव हो सकता है। उन्होंने कहा मणिपुर 2023 से जल रहा है और उन्हें आज ढाई साल बाद वहां जाने का समय मिला। यह दौरा भी आधे-अधूरे मन से किया गया है। वहां बमुश्किल कुछ घंटे बिताए हैं और इसे भी मिज़ोरम के दौरे से जोड़ दिया गया है। वहां हिंसा का कारण बनी गहरी सामाजिक खाई को कम करने का कोई काम नहीं हुआ है।

रेड कॉरिडोर से डेवलपमेंट...

और रोजगार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सामूहिक आत्मसमर्पण करने पर दुगुने लाभ दिए जा रहे हैं। नक्सल-मुक्त घोषित पंचायतों को एक करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज दिया जा रहा है, ताकि सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क और सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाएँ तुरंत उपलब्ध कराई जा सकें।

उन्होंने कहा कि नियाद नेल्लानार योजना के तहत बस्तर के 90 गाँवों को आदर्श गाँव के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य और डिजिटल पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। यह केवल विकास की पहल नहीं, बल्कि आदिवासी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के ज़रिये मुख्यधारा में शामिल करने का अभियान है। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बस्तर क्षेत्र के विकास की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों को नए बाज़ार मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें : कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व आवश्यक तैयारी के संबंध में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण में शामिल हुए। साइंस कालेज दुर्ग के सर्वपल्ली राधाकृष्णन हाल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण के लिये आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर ने सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व वर्ष 2003 और वर्ष 2025 के मतदाता सूची का मिलान कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। वर्ष 2003 और वर्ष 2025 के मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम प्रविष्ट पाए जाने पर ए श्रेणी और उनके वारिसानों का नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में प्रविष्ट पाए जाने पर बी श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए मिलान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए, बुजुर्ग निवासी व अन्य जानकार लोगों का सहयोग लिया जाए। कलेक्टर ने 20 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में ईआरओ हरवंश सिंह मिरी एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु व एईआरओ उपस्थित रहे।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के विद्यारंभ समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

- **समस्याओं की पहचान कर समाधान विकसित करें जिससे लोग लाभान्वित हो - राज्यपाल डेका**
- **राज्यपाल डेका ने किया रूंगटा विश्वविद्यालय के ड्रोन क्लब का उद्घाटन**

भिलाई।/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका आज रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी भिलाई में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के विद्यारंभ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी के ड्रोन क्लब का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डे भी सम्मिलित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि रूंगटा अंतर्राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय के छात्रों के पास केवल स्नातक डिग्री ही नहीं होगी, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य को परिभाषित करने वाली कंपनियों के प्रमाणपत्र भी होंगे।

राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि आप सभी रोजग़ार की तलाश से आगे सोचें, रोजग़ार सृजन के बारे में सोचें। समाज में समस्याओं की पहचान करने और समाधान विकसित करने के बारे में सोचें, जिनसे लाखों लोगों को लाभ हो सके। राज्यपाल ने कहा कि यहाँ की ड्रोन प्रयोगशाला इस बात का आदर्श उदाहरण है कि कैसे तकनीक का उपयोग सामाजिक लाभ के लिए किया जा सकता है। ड्रोन केवल उडऩे वाले उपकरण नहीं हैं। ड्रोन कृषि, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा वितरण और पर्यावरण निगरानी में क्रांति ला

सकते हैं। राज्यपाल डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि आज नियोक्ता ऐसे पेशेवरों की तलाश में हैं, जो गंभीरता से सोच सकें, टीमों में काम कर सकें, प्रभावी ढंग से संवाद कर सकें और बदलाव के साथ तालमेल बिठा सकें। 2,000 युवा दिमागों के एक ही छत के नीचे इकट्ठा होने से, आप बदलाव की एक शक्तिशाली ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और अनगिनत अन्य तकनीकें हर उद्योग को नया रूप दे रही हैं। आज जो नौकरियाँ मौजूद हैं, वे कल चलन से बाहर हो सकती है। नई भूमिकाएँ उभरेंगी जिनकी हम आज कल्पना भी नहीं कर सकते।

राज्यपाल डेका ने कहा कि आप जिज्ञासु रहें, हर चीज़ पर सवाल उठाएँ, हर अवसर का लाभ उठाएँ और कभी भी सीखना बंद न करें। सहयोगी बनें। सर्वोत्तम नवाचार तब होते हैं जब विविध विचार एक साथ काम करते हैं। साहसी बनें, असफल होने से न डरें, कोशिश करने से न डरें और प्रतिबद्ध रहें। जब कुछ साल बाद आप यहां से बाहर निकलेंगे, तो अपने साथ न केवल शैक्षणिक डिग्रियां लेकर जाएंगे, बल्कि उद्योग प्रमाणपत्र, व्यवहारिक अनुभव, उद्यमशीलता की मानसिकता और किसी भी चुनौती को स्वीकार करने का आत्मविश्वास भी लेकर जाएंगे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप कुशल पेशेवर, नवोन्मेषी उद्यमी और ज़िम्मेदार नागरिक बनकर उभरें, जिन पर हम सभी को गर्व होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने कर कमलों से यूनिवर्सिटी के प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल और अन्य अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत यूनिवर्सिटी परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बघेल ने कहा कि भिलाई शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढऩे जा रहा है। रूंगटा यूनिवर्सिटी में देश ही नहीं विदेश से भी बच्चे यहां पढऩे आए हैं। सांसद ने शिक्षा के साथ अनुशासन पर जोर देते हुए सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कुलपति संतोष रूंगटा ने स्वागत उद्बोधन में यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के प्रध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

भाजपा मरोदा पुरैना मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला

भिलाई। बैकुंठ धाम मंदिर नेवई में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मोहम्मद रज़ा खोखर, संदीप जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, रिसाली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू उपस्थित थे। मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल ने सेवा पखवाड़ा के संदर्भ में मंडल कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। संचालन उपेंद्र रिंगरी ने किया। इस मौके पर राजूराम, भागवत बुंदेला, संध्या वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण राव, गोविंद साहू, विद्या देवी, गेंद लाल जंघेल, पार्षद विधि यादव, चंद्रप्रकाश निगम, परमेश्वर, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, ममता सिन्हा, हरीश नायक, माला सिंह, राकेश विश्वकर्मा, गांधी बाग, रोहित चंद्राकर, इंद्रजीत सोनवानी, प्रेमलाल निर्मलकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

भिलाई। सामाजिक संस्था गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिये भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 14 सितम्बर रविवार को किया जा रहा है। शाम 5:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक बी.एन.एस. ऑडिटोरियम, सेक्टर-8, भिलाई में होने वाले कार्यक्रम में भिलाई सहित रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के 15 विद्यालयों के विशेष बच्चे कला, संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि आयोजन में जिला एवं पुलिस प्रशासन, भिलाई स्टील प्लांट व अन्य प्रमुख शासकीय-अशासकीय उपक्रमों के प्रमुख लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से इस अवसर पर उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

सीरत कमेटी का पुरस्कार वितरण आज

भिलाई। सीरत जन कल्याण कमेटी, भिलाई की ओर से आयोजित किए गए इस्लामिक नॉलेज टेस्ट (आईकेटी) का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 14 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे से गब्बर बैंक्वेट हॉल जुनवानी रोड भिलाई में रखा गया है। आयोजन में मुख्य संरक्षक जमाअते इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रेसीडेंट शब्बीर खान, मुख्य अतिथि डॉ. एजाज़उद्दीन रजिस्ट्रार-एक्जीक्युटिव डायरेक्टर (आरएंडडी) रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी भिलाई, विशिष्ट अतिथि ज़िल्लूर रहमान प्रेसीडेंट दारूल कजा, मुफ़्ती मोहम्मद सोहैल काजी और हसन अली मौजूद रहेंगे।

निगम ने हटाया अतिक्रमण

भिलाईनगर। निगम जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 32 जे.पी. नगर के स्थानीय नागरिकों और दुकान संचालकों द्वारा नाली के ऊपर ढलाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसके कारण स्वास्थ्य विभाग के अमले को नालियों की सफाई में दिक्कत हो रही थी। नाली के उपर ढलाई करने से सफाई नहीं हो रही थी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को शिकायत मिलने पर उन्होंने राजस्व विभाग और स्वास्थ्य विभाग को तोडफ़ोड़ की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निगम की टीम ने जे.सी.बी के माध्यम से नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण को तोड़ दिया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित टीम उपस्थिति रही।

नवरात्रि से पहले लीकेज व तकनीकी खामियां ठीक कर दुरुस्त करें पानी सप्लाई व्यवस्था

नए मोटर पम्प खरीदने व पानी टंकी निर्माण की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरा करने कहा

- **महापौर अलका बाघमार ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। विभिन्न वार्डो में लीकेज व तकनीकी खराबी के चलते पानी सप्लाई में बार बार रुकावट आने पर महापौर अल्का बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ जलगृह विभाग के कामकाज की समीक्षा की। फिल्टर प्लांट, पानी टंकी व सप्लाई से जुड़ी सभी खामियों को दुरुस्त कर नवरात्रि से पहले पानी सप्लाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिये।

बैठक में जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उप अभियंता विनोद मांझी, जल

निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को फिल्टर प्लांट में फिटकरी का पर्याप्त स्टॉक रखने के साथ-साथ पानी की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने कहा। कई वार्डों में पाइपलाइन फूटने व वाल लिकेज के कारण लो प्रेशर से पानी सप्लाई को लेकर महापौर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लीकेज की शिकायतों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता से ठीक किया जाए।

महापौर अलका बाघमार ने इंटकवेल व फिल्टर प्लांट में खराब हो रहे मोटरपंप को गुणवत्ता के साथ ठीक करने कहा, ताकि पानी सप्लाई में बाधा न आए। उन्होंने बघेरा में किए जा रहे मरम्मत कार्य के अलावा बोरसी, पोटिया टंकी जैसे क्षेत्रों में लीकेज की मरम्मत करने मिशन मोड पर काम करने कहा है।

जलगृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने शहर के कई वार्डों में लो प्रेशर की मुख्य वजह नई पाइपलाइन के साथ-साथ पुरानी व डबल लाइन चालू रहने की जानकारी दी। महापौर ने इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये ताकि ऊंचाई वाले क्षेत्र में भी प्रेशर के साथ पानी पहुंचे। महापौर अलका बाघमार ने राज्य शासन से 15 वें वित्त आयोग के तहत 24 एमएलडी प्लांट में मोटर पम्प खरीदी व नई पानी टंकी निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए है। शिक्षक नगर पानी टंकी निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। शिवनाथ नदी को प्रदूषण से मुक्त करने पुलगांव नाला व शंकर नाला में बनने वाले ट्रीटमेंट प्लांट को चालू करने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने कहा।

फोरलेन पर केमिकल से भरा टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला

कुम्हारी/नवप्रदेश। शनिवार को सुबह नेशनल हाईवे पर खारुन ग्रीन कॉलोनी के पास एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर में सोडियम सिलिकेट आयल भरा था। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हादसे की सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस ने सड़क को सुरक्षित करते हुए जाम हटाने की कार्रवाई शुरू की। नगर पालिका की टीम ने कॉलोनी और सड़क पर फैले केमिकल पर रेत की परत डलवाकर रिसाव को नियंत्रित किया। मिनी ट्रक सीजी 04 एलएफ 7015 रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा था। ट्रक के पीछे डाले में केमिकल से भरा टैंकर था। टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही पीछे रखा टैंकर सड़क पर गिरने से केमिकल फैलने लगा। केमिकल सड़क के रास्ते खारून ग्रीन कॉलोनी तक पहुंच गया। लोगों को इसकी जानकारी मिलने पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे के कारण रायपुर-दुर्ग मार्ग पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में ट्रक को किनारे हटाकर यातायात बहाल किया गया।

राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी रोमांचक प्रदर्शन

- **योग हमारे देश की प्राचीन धरोहर : आईजी गर्ग**

भिलाई/नवप्रदेश। अग्रसेन भवन, सेक्टर-6 भिलाई में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने अपने सधे हुए योगाभ्यास से अतिथियों और निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों को हैरान कर दिया। दोपहर सत्र में पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों का प्रदर्शन देखा। आईजी गर्ग ने भारत स्वाभिमान न्यास के सह-राज्य प्रभारी अनूप बंसल और छग योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती की मौजूदगी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ईश्वर उपाध्याय समाजसेवी, सरस बर्मन पर्यावरण मित्र, प्रदीप बाकलीवाल, रचित कौशिक कोषाध्यक्ष योगासन भारत, बीना त्रिपाठी, खिलेंद्र साहू, शैलेंद्र प्रभारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन सहित कई प्रमुख लोगों का विशिष्ट भागीदारी रही। 14 सितम्बर को फाइनल मुकाबला होगा।

हैंड बैलेंस से लेकर ट्विस्टिंग बॉडी तक कई उल्लेखनीय प्रदर्शन

राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में तीसरे दिन अलग-अलग वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। इनमें हैंड बैलेंस व्यक्तिगत में नितिन पावले महाराष्ट्र स्वर्ण पदक, ऋषभ चटर्जी वेस्ट बंगाल से रजत पदक, अभिनेश कुमार तमिलनाडु से कांस्य पदक, बैक बेंड व्यक्तिगत में अलका कुमारी पेरीवाल पंजाब स्वर्ण पदक, पूर्व किनारे महाराष्ट्र रजत पदक, साक्षी कुमारी बिहार को कांस्य पदक प्रदान किया गया। आर्टिस्टिक पेयर में लिटन दास बंगाल, मित कुमार गुजरात और इरफान गुलजार जम्मू कश्मीर, ट्विस्टिंग बॉडी 18 से 28 आयु वर्ग में शाह कृष गुजरात, किशन देवनाथ त्रिपुरा, राहुल चक्रधारी छत्तीसगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

99 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा भिलाई नगर विधानसभा में दो विभिन्न कार्यों के लिए 99 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। शासकीय आई.टी.आई. भिलाई एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने व प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य के लिए 99 लाख 97 हजार 150 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सेजेस में एआई विषय पर संकुल स्तरीय सेमिनार

- **25 व्याख्याताओं, और 170 छात्र-छात्राएं हुई शामिल।**

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुगदा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर संकुल स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर डॉ अभिषेक चक्रवर्ती ने स्लाइड शो के माध्यम से विषय की बारीकियों से प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी युग एआई का है। इस युग में अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किसी न किसी कौशल विद्या में पारंगत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि के उपयोग के समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया। सेमिनार में विद्यालय के प्राचार्य सोमेन कुण्डू, वरिष्ठ व्याख्याता एसके देवांगन, सीपी देवांगन के अलावा कुगदा संकुल के लगभग 25 व्याख्याताओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और 170 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सेवानिवृत्त संकुल समन्वयक कौशलेंद्र भारद्वाज ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की।

रोज 10 हजार कदम चलें, हर घंटे में आधा गिलास पानी भी पियें

- **पद्मभूषण कार्डियक सर्जन डॉ देवी शेट्टी ने हेल्थ टॉक में दिये स्वस्थ जीवन के सुझाव**
- **जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर, लाइफ स्टाइल पर व्याख्यान**

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में प्रख्यात कार्डियक सर्जन, व नारायणा हृदयालय लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन, पद्मभूषण डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी द्वारा हेल्थ

टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शेट्टी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल मैनेजमेंट एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थ केयर डिलीवरी इन इंडिया विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने डॉ. शेट्टी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. उदय कुमार व डीएनबी छात्र डॉक्टर सहित चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

व्याख्यान में डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी ने जीवनशैली आधारित रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवन के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी के लिए स्मार्ट वॉच पहनने की सलाह दी और रोज कम से कम 10,000 कदम चलने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जहाँ संभव हो, लिफ्ट की जगह सीढिय़ों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी को प्रत्येक घंटे में कम से कम आधा गिलास पानी पीने की आदत डालने का सुझाव दिया।

बीएसपी... 29 विभागों और 4 ज़ोन से 1200 प्रतिभागियों की सहभागिता

प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में टीम यूआरएम की जीत

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के संविदा कर्मियों के लिये ईडी (वर्क्स) इंटर-ज़ोनल ट्रॉफी के अंतर्गत आयोजित द्वितीय तिमाही की क्रॉस-ज़ोनल प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन समारोह 12 सितम्बर को हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक (एसएसओ-रांची) अनूप कुमार और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रतियोगिता में मिल ज़ोन की टीम यूआरएम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में शुभम केवट, मुकेश साहू और लता देवांगन

शामिल थे। आयरन ज़ोन की सिंटर संयंत्र की टीम मोहम्मद इरशाद, करण कुर्रे और कुमारी बाई साहू ने द्वितीय स्थान हासिल किया। स्टील ज़ोन की टीम एसएमएस-2 सुमित द्विवेदी और राजेश्वर प्रसाद वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में चारों ज़ोन स्टील ज़ोन, आयरन ज़ोन, मिल ज़ोन और मिसलेनियस ज़ोन के 29 विभागों से लगभग 1200 संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष उपलब्धि यह रही कि अकुशल श्रमिक (यूएसडब्लू) श्रेणी की महिला कर्मियों ने भी इसमें भाग लेकर समावेशिता और विविधता की दिशा में एक नई पहल को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न ज़ोनल हेड्स, विभागाध्यक्षों, मुख्य महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों और सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग (एसईडी) के अधिकारियों व कर्मियों के साथ-साथ ज़ोनल स्तर के फ़ाइनलिस्ट भी उपस्थित थे। इस अवसर पर ज़ोनल मेंटर्स, क्विज़ मास्टर्स, ज़ोनल राउंड के विजेता और आयोजन समिति के सदस्यों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। ज़ोनल राउंड की झलकियों पर आधारित लघु वीडियो प्रस्तुतियों के साथ-साथ संविदा कर्मियों द्वारा सुरक्षा जागरूकता पर केंद्रित सांगीतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार ने सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा उत्पादन में विलंब या व्यवधान की भरपाई संभव है, लेकिन जीवन की हानि अपूरणीय है। संविदाकर्मी संयंत्र की अग्रिम पंक्ति की कार्यशक्ति का हिस्सा हैं, जिन्हें सुरक्षा संबंधी समुचित जानकारी उपलब्ध कराना अत्यावश्यक है। ताकि, एसओपी और एसएमपी का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर तक हो सके।

कार्यपालक निदेशक (एसएसओ-रांची) अनूप कुमार ने इस पहल के लिए एसईडी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह संविदा कर्मियों को सशक्त बनाने वाला मंच है, जो नैतिक एवं सुरक्षित इस्पात उत्पादन में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देते हैं।

भिलाई निगम के गार्डन में नशेड़ियों का डेरा

- **पुलिस से शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्यवाही।**

भिलाई/नवप्रदेश। सेक्टर-4 की सड़क नंबर 30 और 31 के बीच स्थित शिव मंदिर और राशन दुकान के पास अवैध कब्जे और असामाजिक गतिविधियों से स्थानीय लोग परेशान हैं। यहां आलू गुंडा नामक व्यक्ति ने झोपड़ी बनाकर गाय, भैंस और बकरियां पाल रखी हैं। यहां रोज रात के समय शराब और गांजा पीने वालों का जमघट लगता है। असामाजिक प्रवृत्ति के लोग यहां जुटते हैं, जिससे मोहल्ले में डर और असुरक्षा का माहौल है। पार्क के सामने लगे गेट का ताला भी तोड़ दिया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां बैठकर लोग शराब और

नशीले पदार्थों का सेवन कर गाली-गलौज करते हैं। इसकी शिकायत भिलाई के भट्ठी थाने में की गई है। मंदिर और राशन दुकान के आसपास रोज गाली-गलौज, झगड़ा और मारपीट होता है। आसपास रहने वाले लोग दहशत में हैं। कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मोहल्लेवासियों ने पुलिस और प्रशासन से असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अवैध कब्जे और झोपड़ी को तुरंत तोडऩे और गंदगी साफकरने के साथ ही पुलिस और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई कर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की अपील की गई है। इस मामले में नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि शिकायत मिली है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

प्रियंका कॉलोनी के युवाओं ने किया भव्य भंडारा प्रसादी

कुरूद/नवप्रदेश। प्रियंका कॉलोनी कुरूद द्वारा बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया गणेश उत्सव का पर्व। साथ ही कॉलोनी समिति के युवा 4सदस्यों सहित बालकों और महिलाओं - बालिकाओं ने हवन पूजन पश्चात् भंडारा प्रसादी का आयोजन किया। इस भंडारा प्रसादी को समस्या कॉलोनी वासियों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण कर गणेश जी की जय जय कारें कारे लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस भंडारे में लखन नवलानी, मनीष अग्रवाल, गोविन्द शर्मा,अंकित, अमन, वरुण, विनित,द्य लक्की, निखिल, पीयूष , शिवाय, वासू, पलक रूपाली दिव्यम, निकुंज, चिराग, मीनल, चिंकी स्वाती, ईशा कुमुद, लक्ष्य सहित समस्त कॉलोनी वासियों ने अपना संपूर्ण योगदान दिया।

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम पंचायत अमलीडीह (क) में शिक्षक दिवस के अवसर पर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप अनंत जनपद सदस्य मीना वर्मा , पीलू राम वर्मा मीडिया प्रभारी भाजपा, ग्राम पंचायत अमलीडीह (क) सरपंच तुषार गोपी यादव, लालजी अहार प्रधान पाठक अमलीडीह बिलास ध्रुव प्रधान पाठक कुम्हारखान कु. प्रभा मरावी शिक्षिका प्रदीप पटेल प्रधान पाठक अमलीडीह, कसडोल मनोहर ध्रुव, प्रधान पाठक बिछिया, महासमुंद, उपसरपंच- किरण चूड़ामणि वर्मा, सचिव- रविशंकर साहू, पंच - दुर्गेश कुमार वर्मा, जगदीश ध्रुव, दसरू ध्रुव, ब्रजकिशोर ध्रुव,ग्रामवासी - कामदेवध्रुव,, सोनू वर्मा, भागीरथी वर्मा, देवा ध्रुव,, मनीष वर्मा, उमेश वर्मा, राजेश मानिकपुरी, बजरंगी ध्रुव, संतोष वर्मा उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने दी शांताराम सराफ को श्रद्धांजलि

नवापारा राजिम /नवप्रदेश। वरिष्ठ

समाजसेवी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम सराफ का रायपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू अस्पताल पहुंचे और स्व. सराफके मृत देह के दर्शन कर उन्हें अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। श्री साहू ने कहा शांताराम जी का संपूर्ण जीवन सेवा, संगठन और समाजोत्थान के कार्यों को समर्पित रहा। उनके मार्गदर्शन में हमने स्वयं भी संगठनात्मक कार्यों को नजदीक से देखा और सीखा। वे न सिर्फ एक अनुशासित प्रचारक थे, बल्कि स्नेह, करुणा और मार्गदर्शन का ऐसा स्रोत थे, जिससे जुड़कर हम सभी ने समाज सेवा की सच्ची दिशा पाई। उनके साथ आत्मीय संबंध रहे हैं, उनके साथ बिताए अनेक पल आज स्मृतियों में जीवंत हो उठे हैं।

अब इंतजार की घड़ी खत्म

नवापारा राजिम। नगरवासियों द्वारा रेल लाइन के शुरू होने का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है उनके इंतजार की घड़ी खत्म होने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 18 सितंबर सुबह 11:00 बजे हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री करेंगे राजिम रायपुर मेमू ट्रेन का शुभारंभ

नवापारा राजिम से रायपुर बड़े रेलवे लाइन संचालन की तिथि तय हो गई है, 18 सितंबर सुबह 11:00 राजिम से मेमू ट्रेन प्रारंभ हो जाएगी, जो राजिम से रायपुर तक जाएगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवापारा राजिम पहुंचेंगे।

उनके साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

टिकट रिजर्वेशन काउंटर भी होगा प्रारंभ

उक्त जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महामंडल की सलाहकार समिति के सदस्य विजय गोयल ने दी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है कि बहुत दिनों बाद यह शुभ घड़ी आई है, जिसके लिए नवापारा-राजिम सहित अंचल के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 18 सितंबर से रेलवे का संचालन प्रारंभ हो जाएगा, साथ ही उसी दिन से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति रेलवे द्वारा आरक्षण केंद्र रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर को भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। श्री गोयल ने सभी अंचलवासियो से उक्त ट्रेन शुभारम्भ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने लोगों से अपील की है।

अवैध शराब के दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

❐ आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब का परिवहन करते पाये जाने पर दो मोटर साइकिल किया गया जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस का नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा के अंतर्गत अवैध शराब बेचने, पिलाने व अन्य नशीली पदार्थो पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया है। 05सित. को मुखबिर से सूचना मिला की दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल क्रमांक सीजी. 23 एल. 6938 में अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से ग्राम बारूका से ग्राम टोईयामुड़ा की ओर शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहे है। मुखबिर द्वारा बताये गये सूचना के आधार पर थाना से पुलिस टीम रवाना हो कर घटना स्थल ग्राम टोईयामुड़ा मोड के पास मुखबिर द्वारा बताये गये मोटर सायकल एवं व्यक्तियो की हुलिया के आधार पर संदेहियों को रोकर नाम पता पूछने पर मोटर सायकल के चालक अपना नाम गजेन्द्र निषाद निवासी ग्राम बारूका एवं मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम लुपेश्वर ध्रुव निवासी ग्राम बारूका का रहने वाला बताया। मोटर सायकल के पीछे बैठे लुपेश्वर ध्रुव का चेकिंग करने पर प्लास्टिक के जरकिन में 20 लीटर हांथ भठ्ठी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रूपये एवं मोटर सायकल सीजी. 23 एल. 6938 कीमती 40 हजार व एक मोबाइल 05 हजार रूपये कुल 51 हजार को जप्त किया। दोनो आरोपी गजेन्द्र निषाद ग्राम बारूका एवं लुपेश्वर ध्रुव ग्राम बारूका का कृप्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से दोनो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार पूनः मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल हीरो डिलक्स क्रमांक सीजी.23 एफ1304 में अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहा है। मुखबिर द्वारा बताये गये घटना स्थल पर पुलिस टीम रवाना कर संदेही के हुलिया के आधार पर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी.23 एफ1304 रोक कर पुछताछ करने हेतु चेकिंग किया गया। मोटर सायकल चालक का नाम पता पुछने पर अपना नाम टिकेश्वर ध्रुव निवासी ग्राम बारूका एवं मोटर साइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम देवलाल कमार निवासी ग्राम बारूका थाना गरियाबंद का रहने वाला बताया।

गिरफ्तार आरोपी

लुपेश्वर ध्रुव पिता सुरेन्द्र ध्रुव उम्र 45 साल निवासी ग्राम बारूका थाना गरियाबंद।

गजेन्द्र निषाद पिता रामाधार उम्र 24 साल निवासी ग्राम बारूका थाना गरियाबंद।

देवलाल कमार पिता मुंशी कमार उम्र 25 साल निवासी ग्राम बारूका थाना गरियाबंद।

टिकेश्वर ध्रुव पिता संतराम ध्रुव उम्र 32 साल निवासी ग्राम बारूका थाना गरियाबंद।

जप्त सामग्री - 41 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6150 रूपये,दो मोटर सायकल क्रमांक सीजी. 23 एल. 6938 कीमती 40 हजार एवं मोटर सायकल सीजी.23 एफ1304 कीमती 20 हजार कुल कीमती 60 हजार रूपये, एक मोबाइल 05 हजार रूपये ।

नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर में शिक्षक दिवस मनाया गया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के दिन छुट्टी होने के कारण शाला में 6 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन पूजन अर्चन बाल कैबिनेट के विद्यार्थी विक्रम जाटव, हर्ष बया, सुमन निषाद, जयंत साहू, श्रवण ध्रुव, विद्यांचल मल्होत्रा, ट्विशा, कुमकुम देवांगन ने गुलाल लगाकर शिक्षकों का पेन, श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभवन रायपुर में गोपाल यादव प्रधानपाठक को राज्य शिक्षक राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करके शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा पहुंचने पर शालेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्कूल प्रवेश द्वार पर उनका तिलक वंदन कर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गोपाल यादव ने सैमसंग कंपनी की एक फोटोकॉपी मशीन शाला को भेट किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षा संचालन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक की भूमिका के साथ किया गया। हर्ष बया कक्षा पांचवी, देविका साहू चौथी, यामिनी यादव पांचवी ने शिक्षको के सम्मान में कविता प्रस्तुत किया।

शिक्षक बेनीराम साहू ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण अपने कार्य कुशलता से राष्ट्रपति बने और शिक्षक दिवस के रूप में देश के शिक्षकों का मान बढ़ाया। शिक्षिका त्रिपदा बॉसवार ने कहा कि शिक्षक न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देते है बल्कि उन्हें एक अच्छा इंसान बनाते है और जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे प्रेरणा स्रोत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। समाज सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर निःस्वार्थ रूप से कार्य कर रहे जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास दुबे आज समूचे क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। उनके सेवा कार्यों की गूंज न केवल नगर में, बल्कि प्रदेशभर में सुनाई दे रही है।दुबे वर्षों से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के लिए तन-मन-धन से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भीषण ठंड में सड़कों पर ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का जो अभियान शुरू किया है, वह बेहद सराहनीय है। हर साल

वे स्वयं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें कंबल, स्वेटर, टोपी जैसे गरम कपड़े बांटते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, विकास दुबे उन बच्चों की भी मदद करते हैं जिनके पैरों में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं होती। वे नियमित रूप से ऐसे बच्चों की पहचान कर उनके लिए चप्पल, जूते, वर्दी और पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराते हैं ताकि कोई बच्चा सिर्फ अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उनकी यह सेवाभावना केवल मौसमी नहीं है, बल्कि वे वर्षभर किसी न किसी रूप में समाज के लिए सक्रिय रहते हैं। चाहे बाढ़ पीड़ितों की सहायता हो या किसी बीमार व्यक्ति के इलाज के लिए आर्थिक मदद की बात, विकास दुबे हमेशा आगे खड़े दिखाई देते हैं। उनके कार्यों से प्रभावित होकर समाज के अनेक युवाओं ने भी जन चेतना कल्याण मंच से जुड़कर सेवा कार्यों में भाग लेना शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए बरारमुंडी के प्रधान पाठक

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला बरारमुंडी के प्रधान पाठक देबी लाल साहू अपने विद्यालय संकुल में शिक्षा की अलख जगाते हुए उत्कृष्ट कार्य किए जिसके लिए डॉ.सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस 5सितम्बर 2025को शिक्षादूत से नवाजा गया प्रधान पाठक ने इस पुरस्कार को अपने लिए एक बड़ी प्रेरणा बताया और आगे

भी शिक्षा के क्षेत्र तथा खेल के क्षेत्र में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की संकल्प लिया उनको इस सम्मान पर मार्गदर्शकों ने जिला शिक्षा अधिकारी केसरिया सर विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर सर बी आर सी संतोष पांडे , संकुल समन्वयक गोविंद नारायण तारम , मनोज चंद्रवशी, भजन साहू राजेंद्र देवांगन फ्लेश्वर साहू भुवन साहू तथा प्रेमदास साहू , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फुलंदर साहू विक्रम मंडावी, हेमनाथ मंडावी, चेतन साहू पदुम गजभिए भारती निषाद, ग्राम पटेल नरेंद्र साहू आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

स्वामी शिवानंद की जयंती पर 8 को निकलेगी प्रभातफेरी

महासमुंद/नवप्रदेश । स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 8 सितंबर को महाराज स्वामी शिवानंद सरस्वती की 138वीं जयंती (तिथि -आश्विन कृष्ण एकम सोमवार) को मनाई जाएगी। प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक 12 घंटे का अनवरत महामंत्र हरे राम, हरे कृष्ण, संकीर्तन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम प्रातः 6: से 7:30 बजे तक महामंत्र संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

नशेड़ी बेटे ने पीट पीट कर दी मां की हत्या

❐ जोगीडीपा गांव में गूंजा चीख-पुकार, पुलिस ने आरोपी को मौके से दबोचा

राजिम/नवप्रदेश। राजिम क्षेत्र के ग्राम जोगीडीपा में शनिवार की शाम दिल दहला देने वाली घटना घटी। जहां नशे का आदी बेटा कमलेश नंदे मामूली विवाद में अपनी ही मां पर टूट पड़ा और बेरहमी से डंडे से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया।

आरोपी और उसकी मां के बीच मछलीक्ष्सब्जी बनाने को लेकर विवाद हुआ। मां ने सब्जी बनाने से इनकार किया तो गुस्से से भरे आरोपी ने घर में रखे डंडे से मां पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। घायल मां की मौके पर ही मौत हो गई।

गांव में सनसनी, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

वारदात के बाद पूरे गांव में अफ्राङ्कतफ्री और दहशत का माहौल फैल गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। फॉरेंसिक टीम भी गांव पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है।

आरोपी का आपराधिक व नशे का इतिहास

जानकारी के अनुसार कमलेश नंदे लंबे समय से शराब और नशे का आदी है। नशे की लत के कारण घर में अक्सर विवाद करता था। परिवार और गांव वाले उससे परेशान रहते थे। इस घटना से पूरा इलाका दहल गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की जांच में जुटी है।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

कुरूद/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर भखारा भठेली नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित सम्मान समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष विष्णु साहू आदि ने विशेष रूप से शामिल होकर शिक्षकों का सम्मान किया। आत्मानंद स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला भठेली एवं शासकीय प्राथमिक शाला भठेली में उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

नवाचार के लिए शासकीय स्तर पर धमतरी जिले में ज्ञानश्री सम्मान से सम्मानित रवि ठाकुर का भी सम्मान नगर पंचायत के जन्म प्रतिनिधियों ने किया।अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, जिनके मार्गदर्शन और संस्कारों से छात्र देश का उज्ज्वल भविष्य बनाते हैं। ज्योति हरख जैन ने आगे कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि हमारे गुरुजनों के प्रति आभार और श्रद्धा प्रकट करने का अवसर है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से भी आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर सफलता प्राप्त करें। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू ने उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार ही नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और समाज निर्माण में भी उनकी भूमिका सर्वोपरि होती है।

ब्रम्हचर्य हमें सिखाता है त्याग करना

ब्रह्मचर्य का मतलब अपनी आत्मा में रहना है : राकेश भैया

भाटापारा/नवप्रदेश? श्री सकल दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री 1008 वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक , दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिवस भगवान जी का निर्वाण कल्याणक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म व अंनत चतुर्दशी धूम धाम से मनाई गई। सुबह श्री जी का मंगल अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया गया। सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं ने भक्ति पूर्वक अभिषेक का लाभ लिया।मूलनायक श्री 1008 महावीर भगवान का प्रथम अभिषेक करने का एवं द्वितीय

शांति धारा करने का सौभाग्य अशोक,पीयूष,रेखा,पूजा, रेखा बैग सपरिवार एवं द्वितीय अभिषेक एवं प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य वीणा,गौरव,सौरव,वैभव,स्वीटी, रश्मि,प्रिंसी गदीया सपरिवार ने प्राप्त किया। तत्पश्चात दमोह से आए राहुल जैन एंड ग्रुप ने तीर्थंकर जन्मे माई तोरे अंगना में, महावीरा जन्मे आज माई तोरे अंगना में गाकर सभी भक्तों से धूमधाम से आरती व भक्ति करवाई। इंदौर से आए आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य ब्रह्मचारी राकेश भैया जी ने प्रवचन में बताया कि इस दिन को अनंत चतुर्दशी भी कहते हैं! इस दिन को लोग परमात्मा के समक्ष अखंड दिया लगाते हैं। ब्रह्मचर्य हमें सिखाता है कि उन परिग्रहों का त्याग करना, जो हमारे भौतिक संपर्क से जुडी हुई हैं! जैसे जमीन पर सोना न कि गद्दे तकियों पर, जरुरत से ज्यादा किसी वस्तु का उपयोग न करना, व्यय, मोह, वासना ना रखते हुए सादगी से जीवन व्यतीत करना ॥'ब्रह्म' जिसका मतलब आत्मा, और 'चर्या' का मतलब ÷रखना÷, इसको मिलाकर ब्रह्मचर्य शब्द बना है, ब्रह्मचर्य का मतलब अपनी आत्मा में रहना है ॥ब्रह्मचर्य का पालन करने से आपको पूरे ब्रह्मांड का ज्ञान और शक्ति प्राप्त होगी द्य इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया कि पिछले 10 दिनों से श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर भाटापारा में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पूजन,भक्ति अर्चना बड़े ही भक्ति भाव से सम्पन्न हुई है।

अमृत सरोवर की तर्ज पर हनुमान तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

कसडोल/नवप्रदेश। विकासखंड के समीपस्थ आदर्श ग्राम देवरीकला में अमृत सरोवर की तर्ज पर सौंदर्यीकरण करने के लिए हनुमान तालाब का भूमिपूजन श्रीफल तोड़कर सरपंच बालेश्वर वैष्णव ने 6 सितंबर को किया।इस योजना और तालाब के संबंध में सरपंच बालेश्वर वैष्णव ने बताया कि इस हनुमान तालाब का बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित ब्लॉक व जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा आदर्श ग्राम बनाने 5 मई को सभी ग्रामीणों की सहभागिता में स्वच्छता अभियान चलाया गया था।आज इसी हनुमान तालाब में शासन द्वारा स्वीकृत अमृत सरोवर की तर्ज पर सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन किया गया है।आगे वैष्णव ने कहा कि इस मिशन का मुख्य लक्ष्य भविष्य के लिए जल संरक्षण,जल संकट का समाधान करना,और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

ये सरोवर न केवल जल निकाय के रूप में कार्य करते हैं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र भी बन सकते हैं,और इनमें झंडा फहराने व सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक जगह भी होती है।इस अवसर पर सरपंच बालेश्वर वैष्णव,पूर्व सरपंच कोदूराम जांगड़े,सचिव कमलदास मानिकपुरी,रोजगार सहायक राजेश पैकरा, शोभीत राम,पुरुषोत्तम, तीजराम,परसराम यादव,जितेंद्र, ओमप्रकाश,चेतेश्वर,मोहित,सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता अहमदाबाद के लिए दीपांशु रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्रीय विद्यालय संगठन की 54 वीं राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 से 19 सितंबर 2025 तक अहमदाबाद गुजरात में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद के छात्र दीपांशु पटले पिता संदीप पटले का चयन हुआ हैं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से पांच छात्रों का चयन किया गया है, जिसमें सत्यम वर्मा राजनांदगांव, दीपांशु पटले महासमुंद, मयंक श्रीवास्तव कोंडागांव, वरुण सोनी सरगुजा, प्रत्यूष ताम्रकार दुर्ग शामिल हैं। विगत 3 वर्षो से दीपांशु पटले शतरंज की जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले को गौरवान्वित कर रहे हैं। भारतीय शतरंज खिलाड़ी प्रवीण थिप्से जिन्हें स्न्रद्धष्ठश्च ग्रैंडमास्टर का खिताब प्राप्त है से दीपांशु की 3 साल पहले आयोजन के दौरान मुलाकात हुई थी जिसमें दीपांशु ने प्रोत्साहित होकर खेल में ऊंचाई एवं उपलब्धी हासिल करने में सफलता मिल रही हैं। वर्तमान में दीपांशु का इंटरनेशनल स्न्रद्धष्ठश्च रेटेड 1578 रेटिंग है। दीपांशु के नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में शामिल होने पर खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, राज्य व जिला शतरंज संघ हेमंत खूंटे, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल, शिक्षक दशरथ राज यादव, खेल शिक्षक सोहनलाल, डॉ. एन के मंडपे, कमलकांत लोधी, पूनम पटले, संदीप पटले, सपना अंकुर मेश्राम, संगीता निलेश सोनपिपरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए अच्छे प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दीं।

नरेंद्र सिंह राजपूत अक्षर सम्मान से सम्मानित हुए

उतई/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा आयोजित अक्षर सम्मान समारोह में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला सिवनी खुर्द के शिक्षक श्री नरेंद्र सिंह राजपूत (स्टेट रिसोर्स पर्सन एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षक) को अक्षर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ ।जिसमें 20 ग्राम प्रभारी,20 स्वयं सेवी शिक्षक और मास्टर ट्रेनर को साक्षरता महा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मान किया गया।कलेक्टर गोपाल वर्मा जी ने कहा की इस वर्ष हजारों असाक्षर को साक्षर बनाने का लक्ष्य है ,उसे जल्द से जल्द पूरा करना है।सम्मान पाने वाले सभी शिक्षकों को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हार्दिक बधाई दी और साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर.वर्मा जी, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह राजपूत जी,जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास जी विकासखंड परियोजना अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद जी तथा सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।सम्मान पाने वाले मास्टर ट्रेनर नरेंद्र सिंह राजपूत, संजय गुप्ता, आरती ठाकुर, मिट्ठू लाल साहू स्वयंसेवी शिक्षक देव कुमारी शर्मा, आशा साहू, सुरुचि निषाद, वंदना चंद्रवंशी, हीरा चंद्राकर, काशीराम यादव, वीरेंद्र कुमार साहू ,सुदर्शन चंद्राकर सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास ने किया।

शराब दुकान में तोड़फोड़ कर सेल्समैन से की गई मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। शराब दुकान पिथौरा के सेल्समैन के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पिथौरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन करण सोनटेके ने एफआईआर में बताया कि 11 सितंबर की रात में शराब बेच रहे थे। करीब 08.40 बजे पिथौरा के सावन श्रीवास्तव, हर्षवर्धन राजपूत, दानिश खान शराब दुकान आए और शराब में पानी मिला के दे रहे हो, शराब पीने से नशा नहीं चढ़ रहा है, कहते हुए शराब दुकान के अंदर घुसकर गाली गलौज कर तीन सहकर्मियों के साथ मारपीट कर शराब की बोतलों को तोड़ते हुए सीसीटीवी व मॉनिटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों भाग गए। तोड़फोड़ से लगभग 19 हजार रुपए की क्षति हुई।

कचना ध्रुवा महाविद्यालय में रजत जयंती पर एल्युमनी मीट का हुआ आयोजन

- **20 साल बाद मिले 100 से अधिक पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने यादें ताजा की**
- **फलदार पौधों का रोपण कर पल यादगार बनाया**

छुरा/नवप्रदेश। नगर के निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय में शुक्रवार को एल्युमिनी मीट 2025 का आयोजन किया गया।छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर आयोजित एल्युमिनी मीट में महाविद्यालय में अध्ययनरत रहे पूर्ववर्ती छात्र - छात्राओं ने सुकून का एहसास किया।वह सुकून जो उन लोगों ने अपने कॉलेज के दिनों में बिताए थे।पूर्व छात्र छात्राए महाविद्यालय पहुंचे तो उनका स्वागत वर्तमान छात्र संघ ने वैसे ही किया जो वे लोग अतिथियों का किया करते थे।जिससे पुराने दिनों की यादें ताजा हो गई।20 सालों बाद 2005 - 6 बैच के विद्यार्थी आपस में मिले एक दूसरे में आए परिवर्तन पर कॉमेंट्स करते हुए कॉलेज की स्थापना के शुरुवाती दौर में कॉलेज का प्रचार प्रसार ,गांव गांव में पहुंच अपने युवा साथियों को एडमिशन के लिए प्रोत्साहित करना,खेल कूद,सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ कॉलेज प्रबंधन व,शिक्षकों के योगदान को गर्व के साथ साझा किया। समारोह में हंसी मजाक,डांस,कठोप - कथन का सिलसिला चलता रहा।इन खूबसूरत पलो ने सभी को उनकी सुनहरी यादों

से जोड़ा और जीवन भर के लिए नई यादें संजोने का मौका दिया ।यह एल्युमनी मीट न केवल दोस्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम बना,बल्कि यह भी दर्शाया कि शिक्षा और गुरुओं का महत्व समय के साथ और भी अधिक गहरा होते जाता हैं।

महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, तेजस्वी यादव,लवण साहू, पत्रकार परमेश्वर राजपूत, पूर्व प्रभारी प्राचार्य एन.एल.साहू की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.के. साहू ने समस्त पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोसंबुडा नदी किनारे सामाजिक भवनों में आप 56 छात्र - छात्राओं से प्रारंभ हुआ महाविद्यालय में आज 600 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं,यह सब आप का मेहनत,आप का विश्वास व सहयोग का परिणाम है,आप सब समाज के विभिन्न क्षेत्रों सेवाएं दे रहे है।आप की यह उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार गर्व का अनुभव कर रहे है। उन्होंने महाविद्यालय की रजत जयंती पर सब को आमंत्रित किए।

पत्रकार परमेश्वर राजपूत ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जब छात्र अपने अल्मा मेटर में एकत्र होते है,पुरानी यादों को ताजा करते है और नई उम्मीदों के साथ नए संवादों की प्रतिक्षा करते है। एल्युमनी मीट आप सभी के लिए अपने साथियों और शिक्षकों से मिलने और संपर्क को फिर से जीवंत करने का एक आदर्श मंच है। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्रभारी प्राचार्य एन एल साहू ने कहा कि आप किस संस्था से पढ़ाई किए है यह जीवन में बहुत मायने रखता है।उन्होंने कहा यह कचना ध्रुवा महाविद्यालय उस दौर में खुला जब यह क्षेत्र एक टापू की तरह था ,जहां संसाधनों का अभाव था।साइकिल से कॉलेज का प्रचार प्रसार किया करते थे।आप पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का यह मेहनत अब रंग लाई है अब शिक्षा के क्षेत्र में छुरा विकास के उच्च पायदान को छू रही है।छात्र छात्राओं ने भी इस दौरान महाविद्यालय से अपनी जुड़ाव को लेकर कई बाते संजाल और नई सुझाव भी दिए।पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने कहा कि आज वह जो भी है उसमें महाविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है आज वह यहां आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

धमतरी क्षेत्र में जमकर चल रहा है जुए का गोरखधंधा

पुलिस महानिरीक्षक के सख्त निर्देश के बावजूद भी जुआरियों के हौसले बुलंद

रायपुर /नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक के सख्त निर्देश के बावजूद भी धमतरी क्षेत्र में जमकर चल रहा है जुए का गोरखधंधा।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र से लेकर दुगली -सांकरा थाने के जंगल में के रोजाना बड़े पैमाने पर जुआ चल रहा है। जहां दर्जनभर से भी अधिक जिले के जुआरी पहुंचकर अपने दांव लगा रहे हैं। और जुए की फड़ में घुसने का 500 रु तो जीत की नाल 10प्रतिशत चुका रहे हैं। इतने बड़े पैमाने में चल रहे जुए के गोरखधंधे संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही का ना होना । यही कहानी बयां करती है कि पुलिस या तो सेटेड है । या किसी के दबाव में या फिर मूक दर्शक बनी है ।आखिर क्यों?*

विदित हो कि धमतरी जिले भर में चल रहे हुए के खिलाफ आईजी ने बैठक लेकर के सख्त निर्देश देते हुए

इस पुरी तरह से नियंत्रण करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक धमतरी सहित समस्त उप अधीक्षक और थाना क्षेत्र के प्रभारी को प्रदान किए थे । जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की पुलिस ने लगातार बड़ी-बड़ी कार्यवाही करते हुए नजर तो आया । लेकिन यह जुए का गोरख धंधा फिर से नगरी अनुभाग के अंतर्गत नगरी सांकरा दुगली थाना क्षेत्र में फिर से और बड़े पैमाने पर शुरू हो गया है। जिसमें रोजाना दर्जन भर जिले से भी 70 से 80 जुआरी रोजाना आकर के 500 की एंट्री लेकर जुए की हार जीत का दाव लगा रहे हैं।

कौन है जुए की फड़ का नालर जिसके दम पर चल रहा है बड़ा जुआ

नगरी थाना और दुगली-सांकरा क्षेत्र में चल रहे इस बड़े हुए में किसी बड़े सफेदपोश नेता का हाथ बताया जाता है । जो अपनी राजनीतिक पहुंच का गलत इस्तेमाल करते हुए रोजाना धमतरी, रायपुर ,दुर्ग ,राजिम महासमुंद क्षेत्र के रोजाना 70से 80 जुआरियों की महफिल सजा रहा है। जिस पर ना तो पुलिस की नज़र पड़ रही है और ना ही जनाक्रोश पर कोई कार्यवाही हो रही है। जिससे लोगों मैं भारी नाराजगी व्याप्त है।

इस जुआरी की जुए की महफिल में रोजाना दर्जनभर जिलों के बावन परियों के दीवाने बड़ी संख्या में पहुंचकर लाखों का वारा न्यारा कर रहे हैं । और सबसे खास बात यह है कि नालर जितने वाले से जीत का 10त्न लेने के साथ-साथ हारने वालों को ऊंचे ब्याज दर में कर्ज भी देकर जम कर लूट रहा है।

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी में आज शिक्षकों का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षा प्रभाग के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज, भाटापारा द्वारा शिक्षकः ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा के स्त्रोत, विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आज 14 सितंबर को शाम साढ़े 5 बजे से स्थानीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलेक्टर दीपक सोनी पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता होंगे। कार्यक्रम में अतिथियों एवं अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से संबंध राजयोग शिक्षिका बहनों के द्वारा शिक्षकः ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा के स्त्रोत, विषय पर अपना वक्तव्य देंगे। साथ ही मधुर गीत संगीत एवं राजयोग मेडिटेशन का भी कार्यक्रम रखा गया है।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

धमतरी/नवप्रदेश। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा धमतरी द्वारा रेडक्रॉस काउंसलरों हेतु ज़िला स्तरीय एकदिवसीय फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 13 सितम्बर को बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार की जानकारी हर व्यक्ति के पास होना आवश्यक है। दुर्घटना, आपदा या आपात स्थिति में तुरंत किया गया प्राथमिक उपचार कई बार जीवन बचाने में सबसे अहम साबित होता है। रेड क्रॉस द्वारा इस तरह का प्रशिक्षण युवाओं और काउंसलरों को सजग एवं सक्षम बनाता है। महापौर ने रेडक्रॉस सोसाइटी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था मानव सेवा की भावना से कार्य करती है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्राप्ति वाशानी (चेयरपर्सन रेडक्रॉस), विनोद पाठक (प्राचार्य बी.सी.एल. कॉलेज धमतरी) दिनेश साहू (आर.पी.सी.सी.) डॉ. श्रीपति कुमार साहू (राज्य प्रतिनिधि, रेडक्रॉस) गोविंद प्रसाद साहू (सायंस प्राचार्य), शिवा प्रधान (वाइस चेयरमैन, रेडक्रॉस), अवधराम साहू (कोषाध्यक्ष, रेडक्रॉस), आनंदराम गोंडवाले (जिला संगठक), मनोज कुमार साहू (सायंस जिला संगठक), बालमुकुंद दुबे (फर्स्ट एड ट्रेनर) उपस्थित रहे।

वार्ड 15 में नाली और सीसी रोड निर्माण का सर्वेक्षण

कुरूद /नवप्रदेश। । कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 के निवासियों के लिए वर्षों से लंबित सड़क और नाली निर्माण का सपना अब साकार होने की दिशा में बढ़ चुका है। बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव से त्रस्त इस वार्ड में आखिरकार सकारात्मक पहल शुरू हुई है। शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षद गौतमी पटेल, नोहरू पटेल, इंजीनियर ज्योति साहू, पीडब्ल्यूडी के देवा कंवर, पूर्व पार्षद रामकृष्ण नेताम, तुला राम सोनवानी सहित विभागीय अमले ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण दल ने स्थल का नापजोख करते हुए सड़क निर्माण से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी जुटाई। इस दौरान नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क वार्ड की जीवनरेखा है, इसके बनने से मोहल्ले की सुंदरता बढ़ेगी, सफाई व्यवस्था सुधरेगी और आवागमन में आसानी होगी।

लंबे समय से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को जिस परेशानी का सामना करना पड़ता था, सीसी रोड निर्माण से उससे स्थायी निजात मिलेगी। नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि सर्वेक्षण उपरांत कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।

वार्डवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद एवं प्रशासन का आभार जताते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया। नाली व सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद बंधी है और नागरिकों ने भी सहयोग का भरोसा दिया है।

शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित हुए खोपली के शिक्षक दीपक साहू

उतई/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार से श्री दीपक साहू शासकीय प्राथमिक शाला खोपली ,विकासखंड दुर्ग को शिक्षा मंत्री माननीय गजेन्द्र यादव ,दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल,विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर,जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने बी आई टी में आयोजित समारोह में साल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।जिला स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे तीनो विकासखंड से तीन तीन शिक्षको को शिक्षादुत् सम्मान से

नवाजा गया।शिक्षक दीपक साहू ने अपने शाला ,शिक्षा,और बच्चो के लिए निरंतर विकास के लिए बेहतर कार्य किए।उनके प्रयास से बच्चो में बेहतर कलात्मकता का विकास हुआ,उनके प्रयास से शाला भवन को प्रिंट रिच वातावरण और सुसज्जित करने का प्रयास किया और सफल हुए।बच्चो के साथ बेहतर मेल जोल ,शिक्षक साथियों के साथ बढ़िया तालमेल से शाला विकास के कार्य किए।शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कुमार साहू,शिक्षक गिरीश साहु,दीपक साहु, रामेश्वरी चंदेल,रोशनी चंद्राकर ,संतोषी कश्यप एवम् ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू वर्मा ,रमेश वर्मा,संकुल प्रभारी वीणा दुबे,संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे,पूर्व सरपंच फत्तेलाल वर्मा,जनार्दन साहु, पुरनज़य साहू,, बी आर सपहा,जनपद सदस्य बिंदु दिनेश देशलहरे, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने शिक्षक दीपक साहू को उत्कृष्ट कार्य में शिक्षादुत सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जिले की मेरिट सूची में कमलाकांत शुक्ला आई.टी.आई.के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला प्राइवेट आईटीआई भाटापारा में अध्ययनरत कोपा ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों ने जिले की मेरिट सूची में प्रथम स्थान मोहित - 96.33%, द्वितीय स्थानङ्कअलीशा - 94.66%, तृतीय स्थान ङ्क संजना - 94.50% अर्जित किया एवं विद्युतकार ट्रेड से जिले की मेरिट सूची में गुलशन वर्मा 95.83% 2ट्टस्र रैंक,* खिलेंद्र 94.66%, 7ह्लद्ध रैंक, समीर 92.83% 11ह्लद्ध रैंक प्राप्त करउत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने हुनर और मेहनत से नया कीर्तिमान स्थापित किया है।इन विद्यार्थियों ने न केवल संस्थान बल्कि पूरे जिले/प्रदेश का नाम रोशन किया है। कमलाकांत शुक्ला प्रा.आई.टी.आई.के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ये सफलता उनकी लगन, परिश्रम एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

भृत्य संघ की बैठक 14 को सिहावा में

नगरी/नवप्रदेश।नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्य संघ के सभी सदस्यों को दिनांक 14,09,25 दिन रविवार समय 12,00 बजे स्थान मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में बैठक आयोजित किया गया है जिसमें संघ के गतिविधि एवं शासन स्तर पर संघ की मांग के संबंध में विशेष चर्चा की जावेगी।उक्त बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। अध्यक्ष रूपेश कुमार पटेल सचिव देवीचरण नेताम कोषाध्यक्ष घना राम गौर ने यह जानकारी दी है।

डिप्रेशन-परामर्श... विद्यार्थियों से अपील -वे अपने भीतर की भावनाओं को दबाएं नहीं, माता-पिता, शिक्षक या मित्रों से बात करें

विश्व आत्महत्या निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

उतई/नवप्रदेश। 10 सितम्बर 2025 को विश्व आत्महत्या निवारण दिवस के अवसर पर प्रिज्म प्रा. आई.टी.आई., महका खुर्द, उतई में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आत्महत्या जैसे गंभीर सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को समझना तथा इसके प्रति छात्रों एवं स्टाफ को संवेदनशील बनाना था।

इस कार्यक्रम में आई.टी.आई. के प्राचार्य ललित कुमार साहू, बी.एड. विभाग की डॉ. अंजना शरद मैम, रेखा मैम और स्वप्निल मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत शिवानी मैम द्वारा प्रस्तुत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें उन्होंने आत्महत्या

से जुड़ी प्रमुख मानसिक स्थितियाँ जैसे डिप्रेशन, अकेलापन, सामाजिक दबाव और चिंता को विस्तार से समझाया। उन्होंने आत्महत्या के चेतावनी संकेतों को पहचानने, सही समय पर सहायता प्राप्त करने और परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया।अपने उद्बोधन में निधि यदु मैम ने संवेदनशील और प्रेरणादायक भाषण से युवाओं के मानसिक संघर्षों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी कई प्रकार के सामाजिक और व्यक्तिगत दबावों का सामना कर रही है, जिसमें उन्हें सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता है।÷ उन्होंने यह भी बताया कि किसी समस्या का हल आत्महत्या नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग से निकलता है। उन्होंने छात्रों को अपनी भावनाओं को खुलकर साझा करने और जरूरत पड़ने पर मदद लेने की प्रेरणा दी।

डॉक्टर अंजना शरद ने मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हम किसी के टूटे हाथ को तो तुरंत देख लेते हैं, पर टूटे हुए मन को नहीं देख पाते। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने भीतर की भावनाओं को दबाएं नहीं, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षक या मित्रों से बात करें। उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक समस्या कोई शर्म की बात नहीं है, और हर किसी को इसका समर्थन करना चाहिए।स्वप्निल जना मैम ने आत्महत्या को एक स्थायी समाधान के रूप में नहीं देखने की चेतावनी दी। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि ÷हर अंधेरी रात के बाद एक उजाला होता है। जीवन में चाहे कितनी भी समस्याएं आएं, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए।÷ उन्होंने छात्रों को अपने भीतर आत्मविश्वास जगाने, सकारात्मक सोच अपनाने और खुद पर विश्वास रखने का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे परामर्श संसाधनों की जानकारी भी दी।

इस आयोजन ने छात्रों, फैकल्टी और अन्य उपस्थितजनों के मन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और समझ को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया छात्राओं को साइकिल वितरण

महासमुंद/नवप्रदेश। बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत हाई स्कूल मोहगांव में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू रहे। उन्होंने साइकिल वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण क्षेत्र की अनेक छात्राएं आज भी विद्यालय की दूरी एवं परिवहन की समस्या से जूझती हैं। ऐसे में उन्हें निःशुल्क साइकिल प्रदान करना, उनकी पढ़ाई को सुगम बनाने के साथ-साथ शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करेगा। श्री साहू ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे कदम बेहद सराहनीय हैं। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष चेतन साहू ने की। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया और कहा कि यह योजना केवल छात्राओं के लिए परिवहन का साधन नहीं है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का मार्ग भी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, मोहगांव के सरपंच नरेंद्र दीवान, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद साहू, पंकज चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

■ न्यूज गैलरी

साइंस कॉलेज मैदान में मिली अज्ञात युवक की लाश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष हो सकती है। स्थानीय लोगों ने सुबह लाश देखकर पुलिस को सूचित किया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

विश्व सेप्सिस दिवस: समय पर इलाज ही बचा सकता है जान

रायपुर/नवप्रदेश। सेप्सिस एक जानलेवा स्थिति है, जो तब होती है जब संक्रमण के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया नियंत्रण से बाहर हो जाती और अंगों को

नुकसान पहुँचाती है। इसे अक्सर रक्त विषाक्तता कहा जाता है और यह बैक्टीरिया, फंगस, वायरस या परजीवी संक्रमणों से उत्पन्न हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अस्पताल में भर्ती हर छह में से एक मरीज सेप्सिस से प्रभावित होता है। 2017 में WHO ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकता घोषित किया। जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 13 सितंबर को विश्व सेप्सिस दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सेप्सिस के लगभग 80त्न मामले अस्पताल से बाहर शुरू होते हैं और इसके सामान्य कारण निमोनिया और मूत्र मार्ग संक्रमण (TI) हैं। यदि इलाज में देर हो जाए, तो यह सेप्टिक शॉक में बदल सकता है, जिसमें रक्तचाप खतरनाक रूप से गिर जाता है और गहन देखभाल के बिना मौत भी हो सकती है।

भाठागांव चौक के पास रातभर चलता रहा लीकेज मरम्मत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जल कार्य विभाग ने जानकारी दी है कि भाठागांव चौक के पास 150 एमएलडी फिल्टरप्लांट की 1400 एमएम व्यास की राइजिंग मेन पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत का कार्य आज सुबह लीकेज पाइप ट्रेस होने के बाद तत्काल शुरू कर दिया गया। मरम्मत कार्य वर्तमान में निरंतर प्रगति पर है। रायपुर नगर पालिक निगम के कार्यपालन अभियंता (फिल्टरप्लांट) नर सिंह फरेन्द्र ने बताया कि बीती रात लीकेज पाइप का पता नहीं चलने के कारण फिल्टरप्लांट को बंद नहीं किया गया और रात्रि में ही सभी 32 पानी की टंकियों (150 एमएलडी फिल्टरप्लांट से 28 और नया 80 एमएलडी फिल्टरप्लांट से 4 टंकियां) में पावर पंपों के माध्यम से जल भराव किया गया। इसके परिणामस्वरूप, सुबह 13 सितंबर को नियत समय पर सभी टंकियों से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की गई। हालांकि, लीकेज मरम्मत कार्य के कारण शनिवार को जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद सभी 32 टंकियों में जल भराव कर जलापूर्ति होगी।

विद्युत कर्मियों के लिए नि:शुल्क न्यूरो एवं ऑर्थो शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के डंगनिया औषधालय द्वारा विद्युत कर्मियों के लिए नि:शुल्क न्यूरो एवं ऑर्थो शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे तीनों कंपनियों जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के कर्मियों ने न्यूरो एवं ऑर्थो के विशेषज्ञों से परामर्श एवं चिकित्सा के संबंध मे जानकारी प्राप्त की। लगभग 100 कर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। डगनिया औषधालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एच.एल पंचारी ने बताया कि शिविर में बीपी,शुगर, हार्टरेट,एसपीओटू एवं बीएमडी टेस्ट किये गए। विद्युत कंपनी के अधिकारी,कर्मचारी,पेंशनर्स एवं आश्रित परिवरजनों को नि:शुल्क परीक्षण की सुविधा प्राप्त हुई। परीक्षण एवं जॉच में आस्टियोपोरोसिस से ग्रस्त पीड़ितों की संख्य अधिकतम थी। यह शिविर ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल रायपुर से आए डॉ प्रकाश अग्रवाल एमएस (ऑर्थो) एवं डॉ संजीव गुप्ता एमसीएच (न्यूरो सर्जन) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ इंदू साहू एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता जैन उपस्थित थी।

सोशल मीडिया में रील बनी छात्रों का पार्ट टाइम जॉब

■ फेमस होने में यूथ तो आगे है ही लेकिन बच्चों की लाइन उनसे भी ज्यादा लंबी है

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया ने जहां लोगों को रोजगार और फेम दिया हैं। वहीं कई बच्चों के कैरियर में रुकावट बन रहा है। आज के टाइम में हर कोई सोशल मीडिया पर खुद को फेमस करने की होड़ में लगा हुआ है। कैरियर बनाने से रील मेकर बनने की हर किसी को लत लगी हुई है। एक्सपर्ट की माने तो छोटे बच्चे इस दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। इंस्टग्राम पर फेमस होने में यूथ तो आगे है ही लेकिन बच्चों की लाइन उनसे भी ज्यादा लंबी है। जहां कुछ बच्चे अपने कैरियर को बनाने में आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर और बढ़े टारगेट सेट करते है। वहीं कुछ बच्चों ने पढ़ने की ऐज में रील और ब्लॉग को अपने कैरियर के लिए चुना लिया है। इतना ही नहीं इनकी इस पहल में पेरेंट्स का सबसे बड़ा योगदान देखने को मिला है। अब स्टूडेंट्स केवल क्लास रूम किताबों तक सीमित नहीं है। बल्कि वे कैमरे के सामने खड़े होकर रील्स बनाना ज्यादा पसंद करते है। कंटेंट क्रिएट कर रहे है।

ट्रेंड या खिलबाड़

रील मेकर बनना आज की युवा पीढ़ी के साथ-साथ बच्चों के लिए भी एक नई हाई स्टेटस पहचान बनता जा रहा है। इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब शॉट्स और फेसबुक रील्स जैसे प्लेटफॉर्म पर वीडियो बनाकर अपलोड करना अब एक ट्रेंड बनता जा रहा है। जिसका प्रभाव बच्चों पर सबसे ज्यादा पढ़ रहा है। विशेषज्ञों की माने तो पिछले 1 वर्ष में स्कूल स्तर रील्स बनाने बाले बच्चों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। निजी स्कूल की प्रिंसिपल बताती है कि कई पेरेंट्स मीटिंग में इस टॉपिक पर डिस्कशन किया गया है।

करियर पर पड़ रहा बुरा असर

हर बच्चे का सपना होता है डॉक्टर बनना, इंजीनियर बनना, या सरकारी नौकरी पाना जिससे वह अपने साथ साथ अपनी फैमिली का फ्यूचर भी सिक्योर कर सके, लेकिन जिसे तरह का ट्रेंड चल रहा है और जब कम ऐज में सोशल मीडिया पर लाइमलाइट मिल जाती है। तो उनका कैरियर प्लान पूरी चेंज हो जाता है। वहीं स्कूल प्रिंसिपल की माने तो कई बार बच्चे इस चीज को समझ ही नहीं पाते है कि यह लाइमलाइट हमेशा एक जैसी नहीं रहेगी। सोशल मीडिया द्वारा मिली सफलता या फेम शॉर्ट टर्म भी हो सकती है। लेकिन पढ़ाई और स्किल्स लांग टाइम तक इनवेस्टमेंट की तरह हमेशा आपके साथ रहेंगे और आपकी लाइफ को बेहतर बनाने में आपका साथ भी देंगे।

समय से पहले बनना है सेलिब्रिटी

टीनएजर्स से लेकर छोटे बच्चों तक सोशल मीडिया पर पहचान बनाने के लिए खुद को किसी सेलिब्रिटी की तरह प्रेजेंट करने लगते है। प्रोफेशनल फोटोज, ब्रांडेड कपड़े, ट्रेंडी म्यूजिक और परफेक्ट पोज यह सब आज कल के स्टूडेंट्स की लाइफ स्टाइल में शामिल हो गया है। लेकिन एक्सपर्ट की माने तो इतनी कम उम्र में फेम और लाइक पाने की भूख बच्चों के मानसिक विकास को प्रभावित कर रहीं हैं। डॉक्टर्स की माने तो जब कोई बच्चा बार-बार अपने एकाउंट को ओपन करके अपने फॉलोअर्स और लाइक्स को चेक करता है, और जब यह देखता कि उसके लाइक्स और फॉलोअर्स उसके दोस्त या रिश्तेदार से कम है। तो उसके माइंड में फेमस होने का जुनून सवार हो जाता है।

भेद विज्ञान साधना शिविर आज से

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में पांच दिवसीय भेद विज्ञान साधना शिविर का आयोजन 14 सितंबर से किया जाएगा। शिविर उपाध्याय द्वय आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब और युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज साहब की पावन निश्रा में होगा। उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागरजी महाराज साहब के मुताबिक भेद विज्ञान शिविर का उद्देश्य संसार में रहकर सत्य को समझना है। सत्य नहीं जान पाने के कारण हम दुखी होते हैं। इस शिविर में हमें स्व को जानने का अवसर मिलेगा। आत्मा से जुड़ाव होगा। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति, विवेकानंद नगर के अध्यक्ष श्याम सुंदर बैदमुथा ने बताया कि भेद विज्ञान शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से 200 से अधिक साधक शामिल होंगे।

कांग्रेस ने जताया विरोध, क्राईम ब्रांच कर रही पूछताछ

न्यूड पार्टी के पोस्टर वायरल पर विवाद, दो हिरासत में

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर वायरल हुए विवादित न्यूड पार्टी पोस्टर ने शहर में हलचल मचा दी है। इस पोस्टर में लड़के-लड़कियों को शराब लेकर आने और अश्लील गतिविधियों में भाग लेने का निमंत्रण दिया गया था. इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और क्राइम ब्रांच उनसे पूछताछ कर रही है। दोनों युवक आज अपनी सफाई देने एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वायरल पोस्टर इंस्टाग्राम पर @sinful_writerv अकाउंट से जारी किए गए थे, जिसमें 'न्यूड पार्टी' और 'स्ट्रेंजर हाउस पार्टी' (21 सितंबर को प्रस्तावित) का प्रचार किया गया। हालांकि, आयोजकों की पहचान और आयोजन स्थल अभी तक सामने नहीं आया है।

जमकर हुई बयानबाजी

इस घटना पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। पार्टी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल और असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्धिक ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर न्यूड पार्टी पर तत्काल रोक लगाने और आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की शह के बिना ऐसा आयोजन संभव नहीं है और यह रायपुर की सांस्कृतिक अस्मिता पर हमला है। कन्हैया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करती, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से इस अश्लील आयोजन को रोकेगी।

हुई मंत्रियों की एंट्री

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए कड़ी निंदा की, वहीं गृहमंत्री व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ऐसे आयोजनों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने पहले ही स्पष्ट किया था कि रायपुर पुलिस ऐसी गतिविधियों की इजाजत नहीं देगी।

सोशल मीडिया पर हंगामा

वायरल पोस्टर के बाद सोशल मीडिया पर लोग नाराजगी जता रहे हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम डिजिटल अकाउंट्स की जांच में जुटी है, और जल्द ही इस मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घायल सीआरपीएफ जवान से की मुलाकात

■ नक्सलवाद के खिलाफ तेज होगी कार्रवाई

■ आईईडी ब्लॉस्ट में घायल हुआ था जवान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायण अस्पताल में भर्ती सीआरपीएफ 195 बटालियन के घायल जवान आलम मुनेश से मुलाकात की। आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने उनके परिजनों से भी बातचीत की और राहत के लिए सरकारी प्रावधानों पर चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आईईडी ब्लास्ट में जवान का बायां पैर क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। उन्होंने जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार

पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी (सीसी) मेंबर सुजाता के तेलंगाना में आत्मसमर्पण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के सीसी मेंबर अब कम बचे हैं और वे मुख्यधारा में शामिल होने की ओर बढ़ रहे हैं। शर्मा ने बताया कि नई सरकार के गठन के बाद बस्तर में 1300 लोगों ने पुनर्वास किया, 1250 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, और 400 से अधिक नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया। उन्होंने भरोसा जताया कि अगले 4 से 6 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी।

बस्तर दशहरा में आ सकते है अमित शाह

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की संभावना है। मांझी समुदाय ने उनकी उपस्थिति की इच्छा जताई है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि छत्तीसगढ़ में शांति और विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे।

सुयश हॉस्पिटल में डॉक्टरों की लापरवाही से मरीज की मौत

■ उपभोक्ता आयोग ने 16.10 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कोटा स्थित सुयश हॉस्पिटल में चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मरीज की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने अस्पताल को दोषी ठहराते हुए 15 लाख रुपये मुआवजा (6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित), 1 लाख रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति और 10,000 रुपये वाद व्यय का भुगतान करने का आदेश दिया है। यह फैसला 2010 में हिमांशु सोनी की मृत्यु के मामले में उनकी पत्नी हिना सोनी द्वारा दायर परिवाद के बाद आया है।

ये है पूरा मामला

हिमांशु सोनी, जो 2008 की एक वाहन दुर्घटना के बाद पैरों में शून्यता और पेशाब नली की समस्या से जूझ रहे थे, को 18 से 24 दिसंबर 2010 तक सुयश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां उनकी पेशाब नली का लेजर ऑपरेशन हुआ और 24 दिसंबर को उन्हें ठीक बताकर डिस्चार्ज कर दिया गया। लेकिन 26 दिसंबर 2010 को असहनीय दर्द के बाद उन्हें दोबारा अस्पताल लाया गया, जहां इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और मृत्यु हो गई।

हिना सोनी ने जिला उपभोक्ता आयोग में अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दायर किया। अस्पताल ने दावा किया कि हिमांशु को मृत अवस्था में लाया गया था और कोई इंजेक्शन नहीं दिया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने प्रतिपरीक्षण में इंजेक्शन देने की बात स्वीकार की, जो उनके बयानों में विरोधाभास दर्शाता है।

जिला उपभोक्ता आयोग ने पाया कि अस्पताल ने न तो सीसीटीवी फुटेज और न ही विजिटर रजिस्टर जैसे साक्ष्य प्रस्तुत किए। साथ ही, मृतक के पिता को चिकित्सकीय दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके कारण विशेषज्ञ राय नहीं ली जा सकी। इन तथ्यों के आधार पर अस्पताल की लापरवाही सिद्ध हुई। सुयश हॉस्पिटल की अपील को खारिज करते हुए राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिला आयोग के आदेश को बरकरार रखा।

रोटी बनाने की 50 हजार रुपये की मशीन 8 लाख में खरीदी: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जेम पोर्टल भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया है कि जेम पोर्टल के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने रोटी बनाने की 50 हजार की मशीन को 7 लाख 95 हजार में खरीदा है। इसके पहले भी 200 के जग को 32000 हजार में खरीदा गया था। 1 लाख के टीवी को 10 लाख में खरीदा गया था। इसी भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस की सरकार ने जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी बंद की थी ताकि प्रदेश के बाहर के दलाल किस्म के सप्लायर राज्य के खजाने पर डाका न डाल सके। भाजपा की सरकार बनने के बाद जेम पोर्टल से शासकीय खरीदी फिर से शुरू की गई उसका दुष्परिणाम सामने है।

नाबालिग से गैंग रेप दो को उम्रकैद की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) ने नाबालिग लड़की से गैंग रेप करने वाले दो अभियुक्तों को आरोप दोषसिद्ध होने पर उम्र कैद की सजा सुनाई है। पीड़िता को हुई शारीरिक, मानसिक हानि और पुनर्वास के लिए क्षतिपूर्ति राशि 10 लाख रुपए प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है। इस मामले में 12 सितंबर, शुक्रवार को न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की कोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई। यह मामला थाना मंदिर हसौद स्थित ग्राम गोढ़ी का है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू ने कोर्ट को बताया कि आरोपी सुनील साहू और महेश उर्फ बबलू ने नाबालिग के साथ कई बार छेड़खानी की।

11 जून 2021 को दोपहर करीब 2.30 बजे का मामला है। अभियुक्त सुनील साहू का उसके घर आना-जाना था। जान-पहचान होने के कारण वह कंट्रोल से चावल दिलाने के बहाने नाबालिग को स्कूटी पर बैठाकर गांव से दूर ले गया। उसी दौरान उसका दोस्त महेश भी वहां आ गया। दोनों अभियुक्तों ने मिलकर जबरन शारीरिक संबंध बनाये। जब वह रोने लगी तो पीड़िता को वहीं छोड़कर भाग गए। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपार्ट दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया तो मामला सही पाया गया। इस मामले से जुड़े सभी साक्ष्य कोर्ट में पेश किये गये। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 365/34, 366/34, 376 (3)/34, 376 डीए भा.दं.सं. एवं धारा- 5 (छ)/ 6,4 (2) पॉक्सो एक्ट के तहत दोषसिद्ध होने पर उम्र कैद और 12-12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शेयर मार्केट के नाम पर 71.50 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

■ दो महिलाओं ने ट्रांसपोर्टर को बनाया शिकार

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में चार गुना मुनाफा देने का लालच देकर राजधानी के ट्रांसपोर्टर डाकेश्वर सिंह (47) से 71.50 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए कोटा निवासी डाकेश्वर ने सरस्वती नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जून 2025 में डाकेश्वर की सोशल मीडिया पर श्रेया अग्रवाल नाम की युवती से दोस्ती हुई। श्रेया ने शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर उन्हें एक ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ा और फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा जीता। इसके बाद डाकेश्वर ने 2 से 15 जुलाई के बीच 19.50 लाख रुपये जमा कर दिए। जब उन्होंने पैसा निकालने की कोशिश की, तो श्रेया ने टैक्स जमा करने की बात कहकर टालमटोल की, जिससे उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

फिर आराध्या ने बनाया शिकार

इसी दौरान, एक अन्य युवती आराध्या अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर डाकेश्वर से संपर्क किया। उसने दावा किया कि वह एक अधिकृत ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ी है और शेयर मार्केट में ठगी से बचाने का भरोसा दिलाया। आराध्या ने पहले 5 लाख रुपये का निवेश करवाकर 6 लाख रुपये तुरंत लौटाए, जिससे डाकेश्वर का भरोसा बढ़ा। इसके बाद 2 से 31 अगस्त के बीच फर्जी ऑनलाइन कॉन्ट्रैक्ट के जरिए उनसे 52 लाख रुपये और जमा करा लिए गए।

भावों की उत्पत्ति ही दु:ख का कारण

मोह के बंधन से मुक्त होने पर ही मिलेगा सत्य : मनीष सागरजी

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में चातुर्मासिक प्रचवनमाला जारी है। शुक्रवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि मोह के बंधन से निकलने पर ही व्यक्ति सत्य तक पहुंचता है। सत्य तक पहुंच कर ही आनंद में रहता है। पर में सुख नहीं है। असली सुख स्व में है। व्यक्ति सत्य को समझ जाए तो कर्मों की निर्जरा करता है। हम सत्य को समझने की चेष्टा नहीं करते हैं। सत्य तक पहुंचने के लिए सत्य के करीब जाना होगा। प्रतिमा को परमात्मा मानते हैं और पूजा करते हैं। हमें परमात्मा का आलंबन लेकर भीतर के परमात्मा तक पहुंचना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संसार में व्यक्ति की इच्छाएं कभी समाप्त नहीं होती। और अधिक पाने की चाह व्यक्ति को हमेशा सताती रहती है। व्यक्ति सिर्फ भावों की उत्पत्ति में ही नहीं फंसता बल्कि भावों के साथ चिपक जाता है। व्यक्ति इस चक्रव्यूह से निकल नहीं पता। भावों की उत्पत्ति ही दुख का कारण है। कर्म बंधनों से हटकर संसार के चक्रव्यूह से बाहर आ जाता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्ति पाप करता है तो पाप को भोगता है। थोड़ा पुण्य इकट्ठा हो जाए तो सद्गति में जाता है। सद्गति में आकर इच्छाएं फिर पाप कराती है। व्यक्ति इस पाप पुण्य का बंध करते-करते संसार के चक्रव्यूह से निकल नहीं पाता। व्यक्ति पाप और पुण्य के जाल में उलझा रहता है और अंतत: वह संसार के चक्रव्यूह से निकलने में असमर्थ हो जाता है। यही उसे बार-बार भटकाता।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्ति स्वार्थ और सम्मान इन दो के चक्कर में फंसे रहता है। स्वार्थ व सम्मान हमेशा वस्तुओं के लिए ही होता है। नहीं मिले तो स्वार्थ सताता है और मिल जाए तो सम्मान सताता है। व्यक्ति पहले कुछ नहीं होते हुए भी दुखी रहता है। उसे लोभ सताता रहता है। सब कुछ मिल गया तो भी दुखी रहता है। मिलने के बाद अहंकार सताता है। और आगे बढ़ने की लालसा सताती है। सम्मान का तनाव बना रहता है। व्यक्ति को ये दुख हमेशा सताए रहते हैं।

न्यूज़ गैलरी

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील जल्द हो सकती है फाइनल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। गोयल ने आगे कहा कि इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और प्रगति हो रही है। साथ ही कहा कि इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि वह दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत से खुश हैं और उन्हें विश्वास है कि दोनों देश एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। ट्रंप ने आगे कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका, दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हैं। एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका को अपना घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेड डील भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने में मदद करेगी और आश्वासन दिया कि दोनों टीमें चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। बाद में ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट को फिर से शेयर किया, जो दिखाता है कि ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों में सकारात्मक रुख बना हुआ है।

निफ्टी आईटी 0.74 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 0.59 प्रतिशत की बढ़त में रहे

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच मामूली बढ़त में खुला भारतीय शेयर बाजार

मुंबई। अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हल्की बढ़त में रहे। सुबह 9.25 बजे तक, सेंसेक्स 114 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 81,663 पर कारोबार कर रहा था और निफ्टी 39 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 25,045 पर था।

ब्रॉडकैप सूचकांकों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.43 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।निफ्टी पैक में अदाणी एंटरप्राइजेज, इंफोसिस, टीसीएस, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स रहे, जबकि बजाज फिनसर्व, टाइटन कंपनी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टॉप लूजर्स रहे। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी ऑटो 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे आगे रहा। निफ्टी आईटी 0.74 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 0.59 प्रतिशत की बढ़त में रहे। निफ्टी एफएमसीजी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ सबसे अधिक नुकसान में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को संभावित व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया है,जिससे निवेशकों का उत्साह बढ़ा है। यह एक ऐसा कदम होगा, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव कम हो सकता है। निफ्टी गुरुवार को 25,000 के स्तर को पार करने में कामयाब रहा और लगातार सातवें दिन अपनी ऊपर की यात्रा जारी रखते हुए 21 अगस्त के बाद अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निफ्टी का अल्पकालिक रुझान तेजी का

बना हुआ है क्योंकि यह 5, 20 और 50 डीएमए से ऊपर बना हुआ है। निफ्टी के लिए तत्काल प्रतिरोध 25,153 पर देखा जा रहा है, जो पिछले स्विंग हाई से प्रेरित है।

अमेरिकी बाजारों में रातोंरात नए रिकॉर्ड दर्ज किए गए क्योंकि बेरोजगारी के दावे चार वर्ष के उच्चतम स्तर 263,000 पर पहुंच गए, जिससे अगस्त में मुद्रास्फीति के 2.9 प्रतिशत तक पहुंचने के बावजूद फेडरल रिजर्व की दरों में कटौती की उम्मीदें मजबूत हुईं। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.36 प्रतिशत, नैस्डैक 0.72 प्रतिशत और एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की बढ़त में रहे।

अधिकांश एशियाई बाजारों में सुबह के सत्र के दौरान अच्छी बढ़त दर्ज की गई। चीन का शंघाई सूचकांक 0.24 प्रतिशत और शेन्जेन सूचकांक 0.15 प्रतिशत की बढ़त में रहे, जापान का निक्केई सूचकांक 0.91 प्रतिशत की तेजी में रहा, हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 1.42 प्रतिशत बढ़ा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.15 प्रतिशत की बढ़त में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,472.37 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,045.54 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

इक्विटी योजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा 17.32 करोड़ फोलियो का था

म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या अगस्त में बढ़ 24.89 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची

मुंबई। म्यूचुअल फंड फोलियो की कुल संख्या अगस्त में बढ़कर 24.89 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो कि इससे पिछले महीने जुलाई से 1.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 25 के पहले पांच महीनों की तुलना में वृद्धि दर धीमी रही है, जब फोलियो की संख्या लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 16.99 करोड़ से 19.4 करोड़ हो गई थी। ये आंकड़े व्यक्तिगत निवेशकों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, क्योंकि एक निवेशक विभिन्न योजनाओं में कई फोलियो रख सकता है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अगस्त के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा 17.32 करोड़ फोलियो का था। विश्लेषकों ने कहा कि न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) एक्टिविटी में कमी, निवेशकों की सतर्क धारणा और फोलियो कंसोलिडेशन के कारण

फोलियो संख्या में वृद्धि धीमी रही। अगस्त में 23 योजनाएं लॉन्च हुईं, जिनमें निवेशकों से 2,859 करोड़ रुपए जुटाए गए। आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले यूनित परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) होल्डर्स की संख्या मार्च 2020 के 2.1 करोड़ से दोगुनी होकर मार्च 2024 में 4.5 करोड़ हो गई है, जिससे निवेशकों की भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 26 में अप्रैल से अगस्त तक फोलियो की संख्या में वृद्धि धीमी होकर 5 प्रतिशत रह गई, जो वित्त वर्ष 25 की इसी अवधि में 13.8 प्रतिशत थी।

डेट स्कीम फोलियो की संख्या अगस्त में बढ़कर 76 लाख हो गई, जो अप्रैल के 70 लाख से बढ़कर पिछले साल की इसी अवधि में मामूली गिरावट से उबरकर हुई है।हाइब्रिड स्कीम में फोलियो की संख्या मई में बढ़कर 1.68 करोड़ हो गई, जो अप्रैल के 1.58 करोड़ से बढ़कर पिछले साल की तुलना में थोड़ी अधिक है। ईटीएफ, इंडेक्स फंड और पैसिव फंड सहित अन्य श्रेणी में अगस्त में 4.46 करोड़ फोलियो हो गए, जो अप्रैल के 4.19 करोड़ और अगस्त 2024 के 3.47 करोड़ से शानदार वृद्धि है। इक्विटी-उन्मुख म्यूचुअल फंड ने अगस्त में 33,430 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया, जिसके साथ लगातार 54 महीनों से सकारात्मक निवेश का सिलसिला जारी रहा।

डॉलर के मुकाबले 'मुंह के बल' गिरी भारतीय करेंसी

ट्रंप टैरिफ ने किया रुपए का बुरा हाल, निवेशकों में घबराहट

नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का सीधा असर भारतीय करेंसी पर देखने को मिल रहा है। रुपया डॉलर के मुकाबले 88.44 प्रति डॉलर तक गिर गया, जो पिछले शुक्रवार के 88.36 के रिकॉर्ड स्तर से भी नीचे है। यह गिरावट साफ करती है कि अमेरिकी व्यापार नीति एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत पर कितना दबाव बना रही है। रुपये की कमजोरी का बड़ा कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाना है। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर और बॉन्ड बाजार से 11.7 अरब डॉलर निकाल लिए हैं। एशियाई करेंसी में सबसे ज्यादा दबाव रुपये पर देखा जा रहा है। टैरिफ के चलते भारत की आर्थिक वृद्धि और व्यापार पर नकारात्मक असर पड़ा है, जिससे करेंसी बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। केंद्र सरकार ने असर कम करने के लिए तस्ज्ञ दरों में कटौती का ऐलान किया है। इसके अलावा भारत और अमेरिका आपसी बातचीत के जरिए व्यापार बाधाओं

को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन निर्यातकों को नए ऑर्डर मिलने को लेकर अनिश्चितता है, जबकि आयातकों को ज्यादा हेजिंग करनी पड़ रही है। इससे करेंसी मार्केट में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ रहा है। हेजिंग एक तरह की रिस्क मैनेजमेंट रणनीति है, जिसका सहारा कंपनियां उतार-चढ़ाव से बचने के लिए लेती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक (ऋब्ढ) लगातार बाजार में दखल दे रहा है ताकि रुपये की गिरावट की रफ्तार नियंत्रित रहे। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय बैंक डॉलर बेचकर उतार-चढ़ाव को थामने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, ऋब्ढ किसी खास स्तर पर रुपये को रोकने की रणनीति नहीं अपना रहा, बल्कि गिरावट को संतुलित रखना चाहता है।

ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में केरल का दबदबा

- **10 राज्यों के विद्युत कर्मियों के बीच हुई स्पर्धा**
- **पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने किया पुरस्कृत**

रायपुर/नवप्रदेश। 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट के टीम इवेंट में केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड विजेता रही। उपविजेता तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड रही। कल 13 सितंबर को ओपन सिंगल और ओपन डबल के सेमीफाइनल और फाइनल मैच के साथ शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण समारोह मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स कोर्ट में रखा गया है, जिसमें मुख्य अतिथि ऊर्जा सचिव व पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन व जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे।

समापन समारोह की अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के साथ ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया व निदेशक आरए पाठक एवं कार्यपालक

निदेशक-मुख्य अभियंतागण उपस्थित रहेंगे।

ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी कर रही है, इसमें 10 राज्यों के 65 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कमेटी के महासचिव व कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान ने बताया कि आज दूसरे दिन सुबह टीम इवेंट का फाइनल मैच केरल और तमिलनाडु के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के नियमानुसार दोनों टीम के बीच सिंगल के तीन और डबल के दो मैच होने थे। जो टीम इन पांच मैच में अधिक बार जीतेगी, वही विजेता होगा।

इस तरह केरल के खिलाड़ियों ने एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दो सिंगल और एक डबल मैच में जीत दर्ज कर ली। केरल टीम के श्याम प्रसाद एम ने तमिलनाडु के ए चंद्रशेखर को 21-4 और 21-6 से हराया। दूसरे मैच में केरल के अजय सतीश ने तमिलनाडु के वी सुंदरेश्वर को 21-10 और 21-8 से परास्त किया। तीसरे मैच में केरल के श्याम प्रसाद एम और विष्णु राजेंद्रन की जोड़ी ने तमिलनाडु के के श्रीधर व वी सुंदरेश्वर को 21-4, 21-13 से पराजित किया। इस तरह तीन मैच जीतकर केरल ने फाइनल का कप अपने नाम कर लिया। टीम इवेंट में उपविजेता तमिलनाडु की टीम रही। तीसरे स्थान पर कर्नाटक और चौथे स्थान पर आंध्रप्रदेश की टीम रही। ओपन सिंगल के मुकाबले में दिनभर कड़े मुकाबले हुए, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

कल 13 सितंबर को सुबह ओपन सिंगल का सेमीफाइनल मैच होगा, जिसमें केरल के अजय सतीश और तेलंगाना के बी कृष्णाकांत तथा छत्तीसगढ़ के अविनेश पाठक व केरल के श्याम प्रसाद एम के बीच मुकाबला होगा। इन दोनों मैच के दोपहर तीन बजे विजेता फाइनल मैच खेलेंगे।

20 वर्षीय भारतीय शटलर ने मचाया धमाल

***हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में धमाकेदार एंट्री**

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन जगत में एक नए सितारे का उदय हुआ है. भारत के 20 वर्षीय शटलर आयुष शेट्टी ने कमाल कर दिया है. आयुष ने हांगकांग ओपन सुपर 500 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है. उन्होंने एक शानदार मुकाबले में हुए 2023 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 कोडाई नाराओका को हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की है।

आयुष शेट्टी ने कोडाई नाराओका को हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है, जहां वो सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और लक्ष्य सेन के साथ अगले दौर में नजर आएंगे. उन्होंने 72 मिनट तक चले मुकाबले में काफी शानदार खेल दिखाया और मुकाबले को 21-19, 12-21, 21-14 से जीत लिया. ये मुकाबला एक घंटे से ज्यादा चला जिसमें भारतीय शटलर ने अपने विरोधी को चौंका दिया। आयुष शेट्टी की इस जीत को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर माना जा रहा

है. कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी जून में यूएस ओपन सुपर 300 जीता था. आयुष की बेहतरीन कोर्ट कवरेज और तेज शॉट लगाने की क्षमता ने निर्णायक गेम पर उनका साथ दिया और उन्हें जीत दिलाने में मदद की. ये उनके नए नवेले करियर की सबसे बड़ी जीत है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202509104500018
विषयः अ-06/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

महुदा प.ह.न. 00005 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- शीतल सिंह ठाकुर
अनावेदक पक्षकार- अमरनाथ, अमरनाथ

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम महुदा प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शितल सिंह ठाकुर पिता सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम हनुमान मंदिर के पास सरोना रायपुर द्वारा ग्राम महुदा प.ह.न. 05 रा.नि.म. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 1080, 1085 रकबा 0.07, 0.18 आरे है कुल 02 खसरा रकबा 0.25 को दिनांक 27.08.2024 को उप पंजीयन कार्यालग पाटन में बैनामा रजिस्ट्री आधार पर अमरनाथ पिता रामाधीन साहू निवासी महुदा से खरीदा गया है जिसका प्रमाणीकरण कर आवेदक अपने नाम पर किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 26.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202509101500019
विषयः अ-27/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

तुलसी प.ह.न. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- भुनेश्वर
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम तुलसी ह.नं. 16 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वर पिता स्व. कार्तिक अन्य 02 निवासी ग्राम छछानपैरी तहसील अभनपुर जिला रायपुर द्वारा मौजा ग्राम तुलसी हल्का नंबर 16 तहसील पाटन स्थित संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 234, 364 रकबा 0.85, 1.05 1.05 हे. भूमि का आपस एवं काश्त कब्जा के आधार पर आवेदकगण बराबर बराबर भागों में खाता विभाजन किये जाने हेतुप्रस्तुत आवेदन आधार पर आपसी बटवारा प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः आवेदक भुनेश्वर पिता स्व. कार्तिक अन्य 02 द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किये जाने कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 24.09.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202508100700038 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण हक प्राप्तकर्तागण संजय कोहले, सुनील कोहले दोनों पिता स्व. भाऊराव कोहले निवासी आजाद चौक, न्यू आमापारा, वार्ड नं.-12, मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम-दुर्ग, प.ह.नं.-19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1278/65 रकबा 0.0170 है./1800 वर्गफीट/ 170.00 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि हकत्याग की जाने वाली सम्पत्ति का बाजार मूल्य 15,41,000/-रूपये भूमि को हक त्यागकर्तागण राजेन्द्र कुमार कोहले, सुषमा कोहले दोनों पिता स्व. भाऊराव कोहले निवासी म.नं.-बी/214, सड़क नं.-06, स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 19/08/2025 को हकप्राप्तकर्ता के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर हक प्राप्तकर्ता के पक्ष में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509103800003 /169/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक यादराम देशलहरे पिता स्व. मोहनलाल देशलहरे, निवासी वार्ड नं. 44 कसारीडीह दुर्ग की ओर से अधिवक्ता द्वारा दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 78 बी, भूखण्ड क. 117/4, रकबा 124 वर्गमीटर भूमि, आवेदक यादराम देशलहरे व दिलेश्वर देशलहरे आ. मोहन लाल देशलहरे के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक दिलेश्वर देशलहरे द्वारा पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 25.02.2025 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा हकत्यागकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं जे. हेमन्त कुमार उम्र 44 वर्ष आत्मज स्वर्गीय जे. सिम्हाचलम निवासी क्वार्टर नम्बर -16/बी, सड़क-36, सेक्टर-4, भिलाईनगर, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन 490001 का निवासी हूँ। यह कि मेरा पुत्र जंगेटी महेश बाबू का जन्म दिनाँक 11.08.2010 को बीएसपी मेन हास्पीटल सेक्टर-9, भिलाईनगर, जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र उप रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं वरिष्ठ स्वास्थ अधिकारी, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई से पंजीयन कमांक 2927 पंजीयन दिनांक 30/09/2010 जारी करने की तिथि दिनाँक 12-08-2025 के तहत प्राप्त कर लिया है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम जंगेटी महेश बाबू आत्मज जे. हेमन्त कुमार (J. HEMANTH KUMAR) माता का नाम जे. श्री वेशनवी (J. SHREE VAISHNAVI) दर्ज हैं। जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही नाम दर्ज हैं। यह कि मेरे पुत्र के शाला रिकार्ड, अंक-सूची एवं आधार कार्ड कमांक-2693 8815 6149 में संक्षिप्त रूप में नाम जे. महेश बाबू (J. MAHESH BABU) दर्ज हैं। पुत्र के शाला रिकार्ड, अंक-सूची एवं आधार कार्ड में सुधार कर सही एवं पूर्ण नाम जंगेटी महेश बाबू (JANGETI MAHESH BABU) लिखवाना चाहता हूँ। क्यूकि शाला प्रबंधन द्वारा 'जे.' का पूर्ण नाम उल्लेखित करने को कहा गया हैं, एवं 10 वीं बोर्ड परीक्षा का फार्म भरते समय कठिनाई न आवे । यह कि मेरे द्वितीय पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पूर्ण नाम (JANGETI UMESH KUMAR) दर्ज हैं। (JANGETI) हमारा उपनाम हैं, जिसका उपयोग मेरा बड़ा पुत्र अपने शाला रिकार्ड में करना चाहता हैं, अतः अब उसका पूर्ण एवं सही नाम जंगेटी महेश बाबू (JANGETI MAHESH BABU) पिता जे. हेमन्त कुमार (J. HEMANTH KUMAR) माता का नाम जे. वेशनवी (J. VAISHNAVI) जो माता के आधार कार्ड कमांक 7414 2928 2180 में दर्ज हैं, अपने पुत्र का नाम एवं माता - पिता का नाम शाला रिकार्ड, अंक-सूची, आधार कार्ड एवं पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम दर्ज करवाना हैं। यह कि मेरे पुत्र के शाला रिकार्ड, अंक-सूची, आधार कार्ड एवं पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम एवं अन्य सभी जगह जहाँ-जहाँ आवश्यक हो अब मेरे पुत्र का नाम जंगेटी महेश बाबू (JANGETI MAHESH BABU) पिता जे. हेमन्त कुमार (J. HEMANTH KUMAR) माता का नाम जे. वैष्णवी (J. VAISH-NAVI) रख लिया हैं। अब मेरे पुत्र को इसी नाम से पहचाना एवं पुकारा जाए। यह कि मेरा पुत्र अवयस्क होने के कारण शपथपत्र पिता के द्वारा प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता जे. हेमन्त कुमार

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104600149

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी एलिजा गोपाल पिता/पति स्व. गोपाल प्रसाद भंवर पता, संगीता विपुल विक्टर पिता/पति विपुलचंद्र विक्टर पता, कविता अलमेडा पिता/पति स्व. गोपाल प्रसाद भंवर पता आदर्श नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 90/13(0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संगीता विपुल विक्टर पिता/पति विपुलचंद्र विक्टर पता, कविता अलमेडा पिता/पति स्व. गोपाल प्रसाद भंवर पता आदर्श नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार देवांगन आ. स्व. नरसिंग प्रसाद देवांगन साकिन सदर बाजार दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 3968/1 रकबा 0.2200 हे. जो उसके स्व. नरसिंग आ. स्व. सरहा के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202508100700137 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/हक प्राप्तकर्ता भारत देवांगन पिता स्व. यादव कृष्ण देवांगन निवासी जयंती नगर, सिकोला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम-सिकोला, प.ह.नं.-17 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 36/25 रकबा 0.0170 है./1850 वर्गफीट / 171.93 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि हकत्याग की जाने वाली सम्पत्ति का बाजार मूल्य 27,00,000/-रूपये भूमि को हक त्यागकर्तागण शत्रुहन कुमार देवांगन पिता स्व. यादव कृष्ण देवांगन, श्रीमती दुर्गा देवांगन पति स्व. नवीन प्रकाश देवांगन स्वयं व पालक की हैसियत से नाबालिक पुत्री कु. नव्या देवांगन पिता स्व. नवीन प्रकाश देवांगन निवासी वार्ड नं.-16, जयंती नगर, सिकोला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 29/07/2025 को हकप्राप्तकर्ता के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर हक प्राप्तकर्ता के पक्ष में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र रेंगाखार (सा.) (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार पिता बिसन सिंह दत्तक पुत्र स्व. रेशम सिंह निवासी ग्राम सुतिया ने आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सुतिया में खातेदार राकेश कुमार पिता बिसन सिंह दत्तक पुत्र स्व. रेशम सिंह के फौत होने पर कलीबाई पति स्व. रेशमसिंह के नाम में धारित भूमि पर वारिसान हक में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वाद भूमि ग्राम सुतिया में स्थित है कक्ष क्रमांक 133 बी रकबा 2.241 हेक्ट. है। उक्त भूमि वारिसान हक में नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आज दिनांक 11/09/2025 के 07 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11.09.2025

नामांतरण हेतु वारिसानों की सूची

1	श्रीमती कलीबाई पति स्व. रेशमसिंह, ग्राम सुतिया
2.	श्री राकेश कुमार पिता बिसनसिंह दत्तक पुत्र स्व रेशमसिंह ग्राम सुतिया

जी-252603466/2 — सील — **वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाखार (सा.)**

युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों में लौटी रौनक, शिक्षा व्यवस्था हुई सशक्त

■ **खरसिया के 29 एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शालाओं में हुई शिक्षकों की व्यवस्था**

रायपुर/ नवप्रदेश। वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड की विद्यालयों में अब नई उम्मीद दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया ने न केवल एकल शिक्षकीय व शिक्षकविहीन विद्यालयों की दशा सुधरी है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में ठोस पहल भी साबित हो रही है। प्राथमिक शाला धांगरपारा सरवानी, जहाँ लंबे समय से शिक्षक नहीं थे, अब दो शिक्षकों की तैनाती से बच्चों की पढ़ाई नए उत्साह के साथ शुरू हो चुकी है। इसी प्रकार खरसिया विकासखंड के 29 एकल शिक्षकीय शालाओं में भी शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे इन स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत हुई है।

युक्तियुक्तकरण से सिर्फ प्राथमिक ही नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। हाईस्कूल पामगढ़, छोटे मूड़पार और नगरपालिका कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय जो वर्षों से विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे, अब व्याख्याता शिक्षकों की पदस्थापना से लाभान्वित हो रहे हैं। इससे विद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो रही है। शासन की इस महत्वपूर्ण पहल से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के सैकड़ों विद्यालयों में आवश्यकता अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित हुआ है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है।

युक्तियुक्तकरण के लिए पालकों एवं छात्रों ने शासन-प्रशासन के प्रति जताया आभार

युक्तियुक्तकरण से पालकों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल। ग्राम कोलम चितवाही के पालकों का कहना है कि लंबे समय से जिस बदलाव की प्रतीक्षा थी, वह अब पूरी हो गई है। इससे बच्चों को न केवल नियमित शिक्षा मिल रही है, बल्कि बेहतर वातावरण और सुविधाएँ भी उपलब्ध हो रही है। पालक श्री महेश अगरिया ने बताया कि उनकी दो बालिकाएं है, वे दोनों ग्राम के शासकीय स्कूल में अध्ययन के लिए जाती है। पहले शिक्षक के कमी के कारण उनके दोनों बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण से स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना के फलस्वरूप उनकी बच्चियों की पढ़ाई में काफी सुधार आया है। वहीं बालिकाओं ने बताया कि स्कूल में शिक्षक के आ जाने से सभी कक्षाएं नियमित रूप से लग रही है।

न्यूज गैलरी

हथियार लहराने वाले दो आरोपियों को उरला पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में हथियार लहराकर लोगों को आतंकित करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन कर छापेमारी की, जिसमें आरोपियों के कब्जे से 2 नग लोहे की बड़ी तलवारें जब्त की गईं। गिरफ्तार आरोपियों में शंकर धृतलहरे (22 साल), निवासी सतनाम चौक, उरला, और सुमित वर्मा (20 साल), निवासी साई नगर बाजार चौक, उरला शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना उरला में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 307/25 और 308/25 दर्ज कर कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही इलाके में अवैध हथियारों के प्रदर्शन पर अंकुश लगाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। जांच जारी है, और आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

24 नवंबर तक चलेगी पूजा स्पेशल

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे की ओर से दुर्गा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। 08760 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन के बीच आठ फेरे के लिए शुरू की गई गाड़ी 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर तक दुर्ग से और ट्रेन 08761, 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से चलेगी। ये गाड़ी रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुंडवारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा, पलवल स्टेशनों पर ठहरकर हजरत निजामुद्दीन तक जाएगी। दुर्ग से चलने वाली यह ट्रेन रायपुर में 11.20 बजे पहुचकर 11.30 बजे रवाना होगी। इतवारी से शालीमार के बीच चलेगी स्पेशल इतवारी व शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल गाड़ी का परिचालन 5 फेरों के लिए किया जा रहा है। गाड़ी 08865 इतवारी से 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक और गाड़ी 08866 शालीमार से 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगी।

शिक्षकों की बदौलत ही विश्व में राष्ट्र की साख बढ़ी है: कमलेश सूर्यवंशी

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। स्थानी पीएम श्री सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थित गांधी सभागृह में विद्यालय के तत्वाधान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि महंत सर्वेश्वर दास स्कूल (म्युनिसिपल स्कूल) की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश (गोलू) सूर्यवंशी ने शिक्षकों की महत्व बताते हुए कहा कि आज हम और आप जिस मुकाम पर पहुंचे हैं वह शिक्षकों की बदौलत है इतना ही नहीं आज राष्ट्र की साख विश्व स्तर पर बढ़ी है और हमारा भारत गिनी चुनी महाशक्तियों में सुमार है तो वह भी राष्ट्र की बदौलत है। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैल चित्र की पूजा करके समारोह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अनेक वक्ताओं ने अपनी बातें रखी। मुख्य अतिथि श्री सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षकों जिसे हम भारतीय संस्कृति में गुरु कहते हैं कि जरूरत भगवान के अवतारों को भी पड़ी आज हम भी शिक्षकों की बदौलत ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

लेखन विभाग भर्ती परीक्षा, 16 तक मंगाए दावा-आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने मुद्रण एवं लेखन विभाग में 19 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। इस मॉडल आंसर में जिन अभ्यर्थियों को आपत्ति है वे 16 सितंबर तक व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन दावा आपत्ति कर सकते हैं। पिछले दिनों इस पद के लिए चयन परीक्षा ली गई थी। परीक्षा में पंजीकृत उम्मीदवारों की तुलना में कम उम्मीदवार शामिल हुए थे। मुद्रण विभाग में डार्क रूम असिस्टेंट, आग्जीलरी, इंकमैन / इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, नृत्य, हेल्पर आदि के 19 पदों पर भर्ती की जा रही है। जूनियर बाइंडर को छोड़कर अन्य पदों के लिए अर्हता पांचवीं पास मांगी गई थी।

दो दिवसीय हिंद युग्म उत्सव 20 से

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्य प्रेमियों के लिए राजधानी में 2 दिवसीय हिंद युग्म 2025 उत्सव का आयोजन 20 व 21 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। देशभर से करीब 100 लेखक-साहित्यकार शामिल होंगे। मानव कौल, राहगीर, फैजल मलिक (पंचायत फेम), परितोष त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश दुबे, नीलोत्पल मृणाल आदि कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। हिंद युग्म उत्सव 2025 साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को केंद्र में रखकर आयोजित हो रहा है। जिसमें साहित्यकार शुक्ल की लिखी कविताओं की नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।

महतारी वंदन योजना महिलाओं को उनके श्रम और भागीदारी के लिए सम्मानित करती है

महतारियों के सशक्तिकरण में छत्तीसगढ़ सरकार ने कायम की मिसाल : साय

रायपुर / नवप्रदेश। स्त्री पुरुष समानता के मामले में छत्तीसगढ़ की मिसाल पूरे देश में रही है लेकिन आर्थिक समानता में फिर भी पुरुषों का पलड़ा अब तक भारी होता था। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की सरकार आने के बाद इस आर्थिक विषमता को दूर करने का रास्ता भी खुल गया है। अब छत्तीसगढ़ की हर माँ और बहन आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है। अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए वे स्वयं निर्णय ले सकती हैं। महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएं महिलाओं को उनके श्रम और भागीदारी के लिए सम्मानित करती हैं वहीं साय सरकार की आजीविकामूलक योजनाओं से महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने की राह मिली है। आधी आबादी को सशक्त कर मुख्यमंत्री ने विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला रख दी है। छत्तीसगढ़ ने पिछले 19 महीनों में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। राज्य सरकार ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य के हर मोर्चे पर मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के लिए 5,500 करोड़ का प्रावधान

1 मार्च 2024 से लागू इस महत्वाकांक्षी योजना ने राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में क्रांति ला दी है। विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित किए जा रहे हैं।मार्च 2024 से सितम्बर 2025 तक 69.15 लाख से अधिक महिलाओं को 12,376.19 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।यह राशि महिलाओं की आत्मनिर्भरता, पोषण और मूलभूत जरूरतों की पूर्ति में सहायक है। चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के लिए 5, 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 179 महतारी सदन के निर्माण के लिए 52.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक सदन 2,500 वर्गफुट में 29.20 लाख रुपए की लागत से बनेगा।

स्वरोजगार और उद्यमिता का विस्तार

मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को 7,900 रुपए की सहायता एक सिलाई मशीन के लिए दी जा रही है। दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना से 3 वर्ष से पंजीकृत महिला श्रमिकों को 1 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत गर्भवती महिला श्रमिकों को 20,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि उन्हें पौष्टिक आहार मिल सके। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना ने पंजीकृत श्रमिकों को अपनी 18-21 वर्ष की अविवाहित पुत्रियों के पढ़ाई लिखाई तथा अन्य आवश्यक खर्चों के लिए 20,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

फील्ड पर दिखे योजनाओं के काम : अरुण साव

■ **उप मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

■ **'वीमेन फॉर ट्री' के तहत नगरीय निकायों में लगाए जा रहे कुल 1.66 लाख पौधे**

रायपुर / नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रीअरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को हर कार्य की पूर्णता के लिए समय-सीमा तय कर योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने को कहा। श्री साव ने नगरीय निकायों में निर्माणाधीन अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के निर्माण में भी तेजी लाने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक श्री आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि विभाग द्वारा लगातार नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। नवाचारों के साथ ही विभागीय संरचना और योजनाओं का सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का असर धरातल पर दिखना चाहिए। प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय की जाए। सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही जन सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

5.22 करोड़ के इनामी 10 नक्सली मारे गए

■ **माओवादी संगठन को गहरा झटका**

गरियाबंद/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिला नक्सल उन्मूलन अभियान में एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाडेरा-मटाल की पहाड़ियों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच चली दो दिन लंबी भीषण मुठभेड़ में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में सीपीआई (माओवादी) के 10 बड़े नक्सली ढेर कर दिए गए, जिन पर कुल 5.22 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी और ओडिशा स्टेट कमेटी के शीर्ष स्तर के सदस्य शामिल हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह नक्सल संगठन की रीढ़ तोड़ देने वाली घटना है। इस घटना के संबंध में आज संध्या प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान) विवेकानंद सिन्हा, द्वुत रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद निखिल राखेजा संबोधित किया।

गरियाबंद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के नक्सली राजाडेरा-मटाल पहाड़ियों में बड़ी संख्या में छिपे हुए हैं। इसके बाद गरियाबंद पुलिस की ई-30 यूनिट, स्पेशल टास्क फोर्स छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स और COBRA -207 की संयुक्त टीम 10 सितंबर को अभियान पर निकली।

11 सितंबर की सुबह लगभग 6 बजे सुरक्षाबलों को घेरने के इरादे से नक्सलियों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की।

डॉ. रमन सिंह ने बेंगलूरु में राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन में लोकतंत्र व संवाद पर जोर दिया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 11 से 13 सितंबर तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में आयोजित राष्ट्रकुल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन का विषय था, संवाद और चर्चा-जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संसद और विधानसभाएं लोकतंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल कानून बनाने का मंच हैं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और विश्वास को आकार देने का केंद्र भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब विधायी संस्थाओं में खुला और तर्कपूर्ण संवाद हो। डॉ. सिंह ने विधायी बहसों को केवल वाद-विवाद नहीं, बल्कि राष्ट के भविष्य को दिशा देने वाली बौद्धिक प्रक्रिया बताया।

उन्होंने कहा कि कानून और नीतियां समाज के सभी वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बननी चाहिए। विधानसभाएं समस्याओं के समाधान का केंद्र हैं, जहां किसानों, युवाओं और महिलाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से सरकार को दिशा मिलती है। डॉ. सिंह ने चिंता जताई कि कई बार संसद और विधानसभाएं राजनीतिक टकराव का अखाड़ा बन जाती हैं, जिससे गंभीर मुद्दे अनसुने रह जाते हैं और जनता का विश्वास कमजोर होता है।

ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में केरल का दबदबा, तीनों इवेंट में बना विजेता

■ **पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने किया पुरस्कृत**

रायपुर/ नवप्रदेश। 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट में केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का दबदबा रहा। केरल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और तीनों इवेंट में विजेता का खिताब हासिल किया। तीन दिनों से चल रहे आल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन आज पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा सचिव व पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन व जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव थे।

उन्होंने कहा कि बैडमिंटन ऐसा खेल है जिसे हर कोई एक न एक बार जरूर खेला होगा। यहां हुए खेल के प्रदर्शन को देखकर बचपन याद आ गया। विद्युत कंपनियों की यह अच्छी परंपरा है कि हर राज्य खेल गतिविधि करते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। उससे बिजली कर्मियों में अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। वे अपने शरीर को चुस्त-दुरूस्त और फिट भी रख पाते हैं।

समापन समारोह की अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के साथ ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, मुख्य अभियंता संजीव सिंह सहित कार्यपालक निदेशक-मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे।

हादसे को आमंत्रित कर रहे है मेकाहारा के जर्जर आवास

■ **कर्मचारियों के लिए 30 नए आवास स्वीकृत हैं**

रायपुर/ नवप्रदेश। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल को औमतौर पर मेकाहारा यानि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर के नाम से जाना जाता है। राजधानी रायपुर का यह सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। छत्तीसगढ़ के अनेक हिस्सों से लोग यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं। मगर इस अस्पताल के देवेंद्र नगर परिसर में बने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के आवासों का इलाज करने की किसी के पास समय नहीं है। अस्पताल परिसर में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 20 से अधिक आवास बेहद जर्जर स्थिति में किसी भी अनहोनी को जन्म दे सकते हैं। करीब डेढ साल पहले देवेंद्र नगर में अस्पताल के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 30 नए आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी लगभग पूरी हुई और एस्टीमेट बना कर एक साल पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग में जमा कर दिया था। मगर चिकित्सा शिक्षा विभाग, वित्त विभाग और लोकनिर्माण विभाग की आपसी खींचतान और लाल फीताशाही के कारण नए आवास बनाने वाली फाइल धूल फांक रही है। हालात यह हैं कि बेहद जर्जर आवासों में 20 से अधिक परिवार विषम परिस्थितियों के बीच रहने को मजबूर हैं। यहां रहने वाले कर्मचारियों का कहना हैं कि हम छोटी पोस्ट पर काम करते हैं।

जान की परवाह किए बिना काम करती हैं नर्सेस : जायसवाल

■ **श्री सत्य साई अस्पताल नया रायपुर में 31वें कॉन्फ्रेंस का आयोजन**

रायपुर/ नवप्रदेश। श्री सत्य साई अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजनराज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ा सकती है, व्यवस्था बना सकती है लेकिन इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डॉक्टर्स और नर्सेस को अपने भीतर सेवा भाव खुद उत्पन्न करना होगा। ये बातें आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहीं। श्री जायसवाल

आज श्री सत्य साई अस्पताल नया रायपुर में 31वें स्टूडेंट नर्सिंग एसोसियन ऑफ इंडिया के बायनियल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक नर्सिंग छात्र की यात्रा असीम ज्ञान और विकास की यात्रा होती है, जो उन्हें निस्वार्थ सेवा के भविष्य के लिए तैयार करती है। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है; यह करुणा, लचीलेपन और अटूट समर्पण का आह्वान है।

बिजली दर में बढ़ोतरी वापस हो : महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली की कीमतों में प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि ने आम जनता, किसानों और उद्योगों पर भारी आर्थिक बोझ डाला है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस वृद्धि को जनविरोधी करार देते हुए सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोयला और पानी जैसे समृद्ध संसाधनों के बावजूद यह वृद्धि बिना किसी ठोस कारण के की गई है।

डॉ. महंत ने बताया कि प्रदेश में 15.16 लाख एकल बत्ती कनेक्शन, 5.94 लाख कृषि पंप कनेक्शन, 63.45 लाख घरेलू और 3,899 व्यवसायिक कनेक्शन हैं। इस वृद्धि ने किसानों की उत्पादन लागत बढ़ा दी है, जिससे उनकी आजीविका और राज्य की खाद्य सुरक्षा खतरे में है। साथ ही, भाजपा सरकार द्वारा 'बिजली हाफ योजना' को बंद करने से जनता पर दोहरी मार पड़ी है।

नेता प्रतिपक्ष ने मांग की कि सरकार बढ़ी हुई दरें वापस ले, किसानों के लिए विशेष सब्सिडी लागू करे और बिजली उत्पादन-वितरण प्रणाली में सुधार करे। इस मुद्दे पर जनता में भारी असंतोष है, और छोटे व्यवसायों की लागत बढ़ने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है।

व्यवहार न्यायाधीश लिखित परीक्षा 21 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से व्यवहार न्यायाधीश प्रारंभिक परीक्षा- 2024 की लिखित परीक्षा 21 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इसके प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए। परीक्षा रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में होगी। अभ्यर्थी परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जीसीपीएससी की वेबसाइट देख सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com